* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

07 जून, 2023
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 227

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

अरब सागर में बन रहे चक्रवाती तूफान में तेजी आने की संभावना, कई राज्यों में हो सकती है बारिश






## मणिपुर में हुई फायरिंग बीएसएफ जवान शहीद

**इंफाल।** मणिपुर में हुई हिंसा में घायल एक बीएसएफ जवान रंजीत यादव की मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी। सेना के स्पीयर कोर ने बताया कि पांच जून को सर्च ऑपरेशन के दौरान स्थानीय लोगों और जवानों के बीच गोलीबारी हुई थी, जिसमें बीएसएफ जवान घायल हो गया था। असम राइफल्स के भी दो जवानों को गोली लगी है।

### ओड़िशा रेल हादसा : सीबीआइ ने एफआइआर दर्ज की

# घटनास्थल पर पहुंची टीम रेलकर्मियों से की पूछताछ

- लापरवाही, साजिश और तकनीकी गड़बड़ी समेत सभी पहलुओं की होगी जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/बालासोर।** सीबीआइ ने बालासोर रेल हादसे मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मंगलवार को सीबीआइ की टीम ने घटनास्थल का दौरा किया और रेलवे अधिकारियों और कर्मियों से पूछताछ की। सीबीआइ दुर्घटना के कारण को लेकर तीन एंगल से जांच कर रही है। इसमें लापरवाही, साजिश और तकनीकी गड़बड़ी शामिल है। इसके अलावा अन्य पहलुओं की भी जांच होगी। गौरतलब है कि ओड़िशा के बालासोर में बीते शुक्रवार को दो यात्री ट्रेन और एक मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस भीषण हादसे में 275 लोगों की जान चली गयी थी और नौ सौ से ज्यादा लोग घायल हुए थे।



आरंभिक जांच में मानवीय भूल और सिग्नल स्सिटम में गड़बड़ी की आशंका व्यक्त की गयी थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने मामले की जांच सीबीआइ को सौंप दी थी।

### विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज

निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए केंद्रीय एजेंसी ने बालासोर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) द्वारा भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा 337, 338, 304-ए (लापरवाही से मौत) और 34 (समान मंशा) और रेलवे अधिनियम की धारा 153 (रेलवे यात्रियों के जीवन को खतरे में डालने वाला काम), 154 और 175 (जीवन को खतरे में डालना) के तहत दर्ज प्राथमिकी को अपने हाथ में ले लिया है। प्रक्रिया के मुताबिक सीबीआइ स्थानीय पुलिस के मामले को अपनी प्राथमिकी के रूप में फिर से दर्ज करती है। इसके बाद जांच शुरू की जाती है। केंद्रीय एजेंसी अपनी जांच के बाद प्राथमिकी में धाराएं जोड़ या हटा सकती है।

### सीबीआइ की छह सदस्यीय टीम पहुंची

सीबीआइ की छह सदस्यीय टीम मंगलवार को बालासोर पहुंची। उसने दुर्घटना स्थल का दौरा किया। अधिकारी बहानागा बाजार रेलवे स्टेशन भी पहुंचे। वहां सिग्नलिंग रूम और रिकॉर्ड रूम का जायजा लिया। अधिकारियों से पूछताछ की।

जानकारी के मुताबिक एजेंसी मामले की तह तक जाने के लिए रेल सुरक्षा और फोरेंसिक विशेषज्ञों की सहायता भी लेगी। सीबीआइ दुर्घटना के हर एंगल को खंगालेगी। इसमें रेल विशेषज्ञों की मदद की भी जरूरत पड़ेगी।

# कुख्यात माओवादी कमांडर नागेंद्र और साथी गिरफ्तार

### 22 पुलिस जवानों की हत्या करने का है आरोप



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** पुलिस ने 22 पुलिस जवानों की हत्या करनेवाले भाकपा माओवादियों के कुख्यात जोनल कमांडर नागेंद्र उरांव उर्फ डॉक्टर तथा दस्ता सदस्य गोदन कोरवा को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार जोनल कमांडर नागेंद्र उरांव पलामू के पांकी का रहने वाला है, जबकि दस्ता सदस्य गोदन कोरवा गढ़वा भंडरिया का रहने वाला है। जोनल कमांडर नागेंद्र ने कई विध्वंसक घटनाओं को अंजाम दिया था। इनमें तीन अलग-अलग घटनाओं में कुल 22 जवान शहीद हो गये थे। इसकी गिरफ्तारी से माओवादियों को बड़ा झटका लगा है।

### गुप्त सूचना मिली थी

लातेहार एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि बूढ़ा पहाड़ इलाके में नक्सली किसी घटना को अंजाम देने के लिए एक बार फिर से सक्रिय होने का प्रयास कर रहे हैं। इस सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा चिन्हित स्थान की घेराबंदी कर की गयी। इसी दौरान पुलिस ने जंगल में दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में देखा। पुलिस को देखते ही दोनों संदिग्ध व्यक्ति जंगल की ओर भागने लगे, लेकिन वे सफल नहीं हो पाये। दोनों को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की गयी, तो इनकी शिनाख्त नागेंद्र उरांव और गोदन कोरवा के रूप में हुई।

### माओवादियों के गुरिल्ला दस्ता का कमांडर था नागेंद्र

एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गिरफ्तार जोनल कमांडर नागेंद्र माओवादियों के गुरिल्ला दस्ता का कमांडर था। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से वह माओवादियों के मारक दस्ते का प्रमुख था। एसपी ने बताया कि वर्ष 2013 कटिया में जिस माओवादी हमले में 12 जवानों की मौत हुई थी, उसमें यह शामिल था। इसके अलावा वर्ष 2018 में माओवादी दस्ते ने खपरी महुआ में पुलिस की टीम पर हमला किया था, जिसमें छह जवान शहीद हुए थे। इस हमले में नागेंद्र मुख्य भूमिका में था। इसके अलावा चंदवा थाना क्षेत्र में वर्ष 2019 में माओवादियों ने हमला कर चार जवानों को शहीद कर दिया था। इस हमले में भी नागेंद्र की भूमिका थी। इसके अलावा कई अन्य हिंसक वारदातों में वह शामिल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस पिछले कई वर्षों से लगातार प्रयास कर रही थी।

### 14 वर्ष की उम्र में बना था माओवादी

जानकारी के मुताबिक नागेंद्र उरांव मात्र 14 वर्ष की उम्र में माओवादियों के दस्ते में शामिल हो गया था। वह काफी आक्रामक था। इस कारण इसे माओवादियों के गुरिल्ला दस्ते का कमांडर बनाया गया था। माओवादी इसे डॉक्टर के नाम से भी पुकारते थे। नक्सलियों का वह इलाज भी करता था। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि माओवादियों की गिरफ्तारी में गारू थाना प्रभारी राजीव भगत, थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, सूरज कुमार, मोहम्मद शाहिद अंसारी, तारापद महतो तथा अन्य पुलिस के अधिकारियों की भूमिका सराहनीय रही।

# पीएलएफआइ उग्रवादी दिनेश गोप की रिमांड खत्म, जेल भेजा

- कड़ी सुरक्षा के बीच एनआइए कोर्ट में किया गया पेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में गिरफ्तार पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप उर्फ अमरजीत सिंह उर्फ कुलदीप उर्फ साहेब उर्फ मारंग बुरू (40) की पुलिस रिमांड की अवधि खत्म होने के बाद मंगलवार को एनआइए कोर्ट में पेश किया गया। उसे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एनआइए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में पेश किया गया। वहां से उसे न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया।

गौरतलब है कि एनआइए ने गिरफ्तारी के बाद दिनेश गोप को पूछताछ के लिए पहली बार 22 मई को आठ दिनों की रिमांड पर लिया था। इसके बाद एक जून से छह जून तक रिमांड पर लिया था। इसके बाद फिर कोर्ट से एक दिन का रिमांड लिया था। रिमांड की अवधि मंगलवार को समाप्त होने के बाद गोप को कोर्ट में पेश किया गया था। जानकारी के मुताबिक आगे पूछताछ की जरूरत पड़ने पर फिर से दिनेश गोप को एनआइए रिमांड पर ले सकती है। पुलिस रिमांड के दौरान उसकी निशानदेही पर कई स्थानों से हथियारों का जखीरा बरामद किया गया है। बता दें कि एनआइए ने दिनेश गोप को 21 मई को नयी दिल्ली स्टेशन से गिरफ्तार किया था। उसकी गिरफ्तारी बेड़ो थाना कांड संख्या 67/2016 मामले में की गयी है, जिसे बाद में एनआइए ने 2018 में टेक ओवर करते हुए एनआइए केस संख्या 02/2018 मामला दर्ज किया है।



### इडी की छापेमारी दूसरे दिन भी रही जारी

# डेढ़ करोड़ नगद सहित भारी निवेश के दस्तावेज बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग/धनबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की झारखंड में छापेमारी दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रही। यह छापेमारी बिहार के औरंगबाद जिला में बालू खनन मामले को लेकर की जा रही है। सोमवार को इडी ने बिहार, झारखंड और बंगाल में 24 जगहों पर छापेमारी की थी। इसमें झारखंड में हजारीबाग और धनबाद में कुल नौ ठिकानों पर छापेमारी की गयी थी, जो मंगलवार को भी जारी रही।

सूत्रों के मुताबिक धनबाद में चल रही छापेमारी में करीब डेढ़ करोड़ रुपये सहित रियल इस्टेट में करोड़ों रुपये के निवेश से संबंधित दस्तावेज इडी को मिले हैं। इडी का सर्च अभी चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बिहार इडी की टीम छापेमारी का नेतृत्व कर रही है। पटना से आयी टीमों ने धनबाद और हजारीबाग में एक साथ छापेमारी शुरू की। इसमें हजारीबाग में जेएससीए के पूर्व सचिव संजय सिंह के आवास, धनबाद में ब्राडशन कमोडिटी प्राइवेट लिमिटेड और मोर मुकुट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक पुंज सिंह, कंपनी के पार्टनर सुरेंद्र जिंदल, जगनारायण सिंह और मिथिलेश सिंह के अलावा बिल्डर रितेश कुमार शर्मा के आवास और ऑफिस पर इडी की छापेमारी चल रही है। इसके साथ पटना, आरा, डेहरी, औरंगाबाद सहित कोलकाता में इडी की छापेमारी चल रही है। बिहार के औरंगाबाद जिले में अरबों रुपये के अवैध बालू का करोबार हुआ है, जिसकी जांच इडी कर रही है।

# द्रौपदी मुर्मू को मिला सूरीनाम का सर्वोच्च नागरिक अवॉर्ड

- पुरस्कार पानेवाली पहली भारतीय बनीं
- प्रेसिडेंट चंद्रिका प्रसाद संतोखी ने किया सम्मानित

एजेंसी

**पारामरिबो।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सूरीनाम के सर्वोच्च नागरिक अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। रिपब्लिक ऑफ सूरीनाम के प्रेसिडेंट चंद्रिका प्रसाद संतोखी ने सोमवार को उन्हें 'द ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ यलो स्टार' अवॉर्ड दिया। राष्ट्रपति मुर्मू यह अवॉर्ड पाने वाली पहली भारतीय बन गयी हैं। अवॉर्ड पाने के बाद मुर्मू ने कहा कि मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह न सिर्फ मेरे लिए, बल्कि भारत के 140 करोड़ लोगों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है।



गौरतलब है कि राष्ट्रपति इन दिनों दक्षिण अमेरिकी देश सूरीनाम के दौरे पर हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रेसिडेंट पैलेस में संतोखी से मुलाकात की। दोनों के बीच प्रतिनिधि मंडल स्तर की बातचीत भी हुई। इसके बाद दोनों देशों के बीच चार एमओयू भी हुए। ये एमओयू हेल्थ, कृषि और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में किये गये हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की तरह सूरीनाम में भी कई जातियों, धर्मों और भाषाएं बोलने वाले लोग रहते हैं। भारत और सूरीनाम की दोस्ती ऐतिहासिक और कल्चरल रिलेशंस पर बनी है। हालांकि दोनों देशों के बीच व्यापार क्षमता से काफी कम है। द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने के लिए सहयोग बढ़ाने की जरूरत है। रक्षा, आयुर्वेद और फार्मा क्षेत्र में सहयोग और बढ़ाया जा सकता है।

### 20 साल में ड्रग्स की सबसे बड़ी जब्ती


# एनसीबी ने पकड़ी ड्रग्स की बड़ी खेप, छह तस्कर गिरफ्तार

- 15 हजार एलएसडी पैकेट जब्त, करोड़ों रुपये है मूल्य
- डार्क वेब से करते थे सौदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने देशभर में फैले नशीली दवाओं के एक बड़े सिंडिकेट का खुलासा किया है। एनसीबी के डिप्टी डीजी ज्ञानेश्वर सिंह ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि अलग-अलग छापेमारी में देश में ड्रग्स तस्करी से जुड़े गिरोह के छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। तस्करों से नशीली दवा लीसर्जिक एसिड डाइएथिलेमाइड (एलएसडी) के 15 हजार पैकेट बरामद किये गये हैं। इनकी बाजार में कीमत हजारों करोड़ रुपये है। एनसीबी के मुताबिक यह 20 साल में अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी है। इससे पहले कर्नाटक पुलिस और कोलकाता एनसीबी ने 2021-2022 में एलएसडी के पांच हजार पाउच बरामद किये थे।

डिप्टी डीजी ने बताया कि देशभर में फैला यह सिंडिकेट डार्क नेट, क्रिप्टो करेंसी और विदेशी पोस्ट ऑफिस के जरिये यह धंधा चला रहा था। सोशल मीडिया के जरिये नशीली दवाओं का सौदा होता था। सिंह के मुताबिक संदिग्धों की निशानदेही पर 2.5 किलोग्राम गांजा और 4.65 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की गयी है। वहीं इनके बैंक खातों से 20 लाख रुपये भी मिले हैं। ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि इस सिंडिकेट का नेटवर्क अमेरिका, पोलैंड, नीदरलैंड से लेकर दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में फैला हुआ था। एनसीबी की दिल्ली जोनल टीम और अन्य राज्यों की मदद से इस सिंडिकेट का खुलासा किया गया है। उन्होंने कहा कि नोएडा में पढ़ने वाले गोवा निवासी एक कॉलेज विद्यार्थी इस मामले में सबसे पहले पकड़ा गया। इसके बाद सिंडिकेट का खुलासा होता गया। इसके बाद दिल्ली से एक लड़का पकड़ा गया। एक लड़की भी इनके गिरोह में थी। वह भी एनसीआर से पकड़ी गयी। उन्होंने कहा कि इस सिंडिकेट का मास्टर माइंड जयपुर का रहने वाला है। वह एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करता है। इससे पूछताछ के बाद पुणे के पोस्ट ऑफिस से एलएसडी बरामद हुई। फिर नोएडा और केरल से दो-दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। एलएसडी पोलैंड-नीदरलैंड से आता है। भारत इसका हब बनता जा रहा है। इंस्टा-विकर के जरिये ये ग्रुप बनाकर अपने ग्राहक खोजते थे। ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि एलएसडी युवाओं में काफी लोकप्रिय है।



आजाद सिपाही
188100 Subscribers
YouTube Channel
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 76,000 रु./प्रति किलो |



# मिशन 2024 में भाजपा का मुख्य हथियार होगा योगी का 'यूपी मॉडल'

## ■ कर्नाटक और दूसरे राज्यों के सर्वे ने मोदी-शाह को दिखाया रास्ता

## ■ इसके साथ 'गुजरात मॉडल' के प्रभावी तत्व भी होंगे रणनीति में शामिल

## ■ भगवा पार्टी के लिए मोदी-शाह के बाद अपरिहार्य हो गये हैं योगी आदित्यनाथ

**अगले साल होनेवाले आम चुनाव और लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने की कोशिशों में जुटी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का 'मिशन 2024' के लिए अपनायी जानेवाली रणनीति पर मंथन जारी है। इस बीच भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के परिणाम और दूसरे राज्यों में कराये गये आंतरिक सर्वे को ध्यान में रखते हुए 2024 में कुछ अलग अंदाज अपनाने पर विचार कर रही है। इस क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा शासित राज्यों में सरकार के प्रदर्शन का गहन अध्ययन कराया है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का मानना है कि 2014 में पार्टी द्वारा अपनाये गये 'गुजरात मॉडल' की चमक तो फीकी नहीं पड़ी है, लेकिन चर्चा में अब योगी आदित्यनाथ का 'यूपी मॉडल' छाने लगा है। भाजपा ने 2014 के आम चुनाव की तैयारी के लिए जिस तरह 'गुजरात मॉडल' को आगे किया था, 2024 से पहले 'यूपी मॉडल' की चर्चा भी करीब-करीब वैसे ही होने लगी है। यहां तक कि असम और उत्तराखंड के अलावा महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में भी पार्टी को 'यूपी मॉडल' का ही आसरा दिख रहा है। इतना ही नहीं, पार्टी में योगी आदित्यनाथ का कद दूसरे मुख्यमंत्रियों के मुकाबले बहुत ऊंचा हो गया है। यहां तक कि चुनाव प्रचार अभियान में मोदी-शाह के बाद योगी का नाम रखा जा रहा है। यह साबित करता है कि भाजपा में मोदी-शाह के बाद अब योगी आदित्यनाथ अपरिहार्य हो गये हैं। भाजपा के भीतर लोकप्रिय होते 'यूपी मॉडल' और योगी आदित्यनाथ के बढ़ते कद के बारे में विस्तार से बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी, भारतीय जनता पार्टी को साल 2017 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बहुमत मिला था। करीब 15 साल बाद भाजपा ने सत्ता में वापसी की थी। सरकार का मुखिया कौन होगा यानी मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इस सवाल के जवाब में कई नाम सामने थे। लेकिन मुहर लगी योगी आदित्यनाथ के नाम पर। बहुत से लोगों के लिए यह फैसला एक 'सरप्राइज' था। यह सवाल अब भी अनुत्तरित है कि योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री पद की रेस कैसे जीती। तब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे अमित शाह ने भी कुछ साल पहले इसका जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि जब योगी जी को मुख्यमंत्री बनाया गया, तो किसी को कल्पना नहीं थी कि योगी जी मुख्यमंत्री बनेंगे। ढेर सारे लोगों के फोन आये कि योगी जी ने कभी म्युनसपिलिटी भी नहीं चलायी। यह वास्तविकता थी। नहीं चलायी थी। योगी जी कभी किसी सरकार में मंत्री नहीं रहे। अमित शाह के मुताबिक उस समय उनसे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुछ अलग सलाह दी गयी थी। उसमें कहा गया था कि योगी जी संन्यासी हैं, पीठाधीश हैं और इतने बड़े प्रदेश का आप उनको मुख्यमंत्री बना रहे हो।

पांच साल बाद 2022 में जब भाजपा लगातार दूसरी बार प्रचंड बहुमत लेकर यूपी की सत्ता में लौटी, तब योगी की सरकार चलाने की योग्यता पर संदेह करनेवालों की संख्या बहुत कम हो गयी थी। और आज स्थिति पूरी तरह बदल गयी है। अब योगी आदित्यनाथ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराधिकारी तलाशने वालों की संख्या बढ़ती नजर आ रही है। ऐसे लोगों में सिर्फ योगी आदित्यनाथ के उत्साही समर्थक नहीं हैं। भाजपा के कई कार्यकर्ता और राजनीतिक विश्लेषक भी दावा करते हैं कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का कद पार्टी में अपने समकालीन नेताओं से काफी ऊंचा हो गया है। यही कारण है कि दिल्ली में अक्सर दोनों का पोस्टर देखने को मिलता है, मोदी और योगी। योगी जी का स्टेटस पार्टी में दूसरे नंबर का हो गया है। उन्होंने सबको पीछे छोड़ दिया है।



### योगी और उनका 'यूपी मॉडल' चर्चा में

इसका असर जमीन पर भी दिखता है। मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने के पहले योगी आदित्यनाथ पांच बार लोकसभा के सांसद चुने जा चुके थे, लेकिन तब उनका प्रभाव क्षेत्र सीमित था। मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ के कामकाज ने जिस 'यूपी मॉडल' को खड़ा किया, उसकी चर्चा अब उसी तरह होती है, जैसे साल 2014 के पहले भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और पार्टी के कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी के 'गुजरात मॉडल' का जिक्र करते थे। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि योगी ने काफी प्रभाव छोड़ा है। कर्नाटक चुनाव के दौरान भाजपा ने गुजरात और यूपी मॉडल का मिला-जुला स्वरूप सामने रखा था, लेकिन वह कारगर नहीं हुआ। इसलिए पार्टी का नेतृत्व अब मान चुका है कि उत्तर प्रदेश में पार्टी को चुनाव दर चुनाव मिलने वाली कामयाबी की वजह 'यूपी मॉडल' ही है और इसलिए अब हर तरफ योगी आदित्यनाथ के 'यूपी मॉडल' की बात हो रही है। असल बात यह है कि योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में प्रदेश में भाजपा को मिली चुनावी कामयाबी के जरिये योगी आदित्यनाथ का मूल्यांकन हो रहा है। फिलहाल वह इसमें बहुत आगे दिख रहे हैं। सब जानते हैं कि किसी भी व्यक्ति का मूल्यांकन रिजल्ट से होता है। योगी आदित्यनाथ के साथ भी यही बात है। वह 2017 में सत्ता में आये। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में अच्छा रिजल्ट दिया। तब सपा, बसपा और रालोद का गठबंधन था। उस गठबंधन के मुकाबले सहयोगियों के साथ मिल कर 64 सीट जीतना बड़ी उपलब्धि थी। उसके बाद आया 2022 का विधानसभा चुनाव। दूसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाना निश्चित तौर पर एक बड़ी बात थी। फिर अभी निकाय चुनाव हुए, जिसमें भाजपा ने सारे बड़े शहरों में क्लीन स्वीप किया। यह बताता है कि भाजपा के लिए योगी का 'यूपी मॉडल' कितना महत्वपूर्ण हो गया है।

इस बात में कोई संदेह नहीं कि आज की तारीख में उत्तर प्रदेश ही नहीं, पूरी भाजपा में योगी आदित्यनाथ दूसरे सभी नेताओं से आगे नहीं, तो बराबर या ठीक नीचे जरूर हैं। जहां तक यूपी का सवाल है, तो यहां योगी आदित्यनाथ का असर सर्वाधिक है। 2024 में नरेंद्र मोदी जहां फिर से पहुंचना चाहते हैं, उसके लिए यूपी जरूरी है और योगी भी। इसमें कोई शक नहीं है कि योगी आदित्यनाथ ने अपने आपको जिस तरह से आगे बढ़ाया है, वह काबिले तारीफ है।

### क्या है योगी का 'यूपी मॉडल'

इस समय योगी आदित्यनाथ और 'यूपी मॉडल' एक-दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। लेकिन यह 'यूपी मॉडल' है क्या, यह जानना जरूरी है। दरअसल योगी का 'यूपी मॉडल' है कानून-व्यवस्था और विकास। साथ में हिंदुत्व का तड़का, यानी हिंदुत्व के तड़के के साथ विकास और कानून-व्यवस्था पर फोकस करना। नरेंद्र मोदी के 'गुजरात मॉडल' की ही तरह योगी आदित्यनाथ के 'यूपी मॉडल' में भी सबसे मुख्य बात हिंदुत्व है। लेकिन जैसे 'गुजरात मॉडल' का मुख्य फोकस विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक उन्नति था, 'यूपी मॉडल' में कानून-व्यवस्था मुख्य स्तंभ है। विकास की बात उसके बाद आती है। इस बात में कोई संदेह नहीं कि कानून-व्यवस्था के मामले में योगी ने काफी प्रभाव छोड़ा है।

योगी आदित्यनाथ के मॉडल में एक और बात है, जो उन्हें मौजूदा दौर के दूसरे नेताओं से अलग करती है। योगी आदित्यनाथ के आलोचक उन्हें एक खास जाति का समर्थक बताते हैं, लेकिन इस आरोप का उनके राजनीतिक ग्राफ पर असर होता नहीं दिखता। इसकी वजह है, उनका भगवा परिधान। वह पीठाधीश्वर हैं गोरक्षनाथ पीठ के। वह भले ही सवर्ण हैं, लेकिन उस पीठ की फॉलोइंग पिछड़ों में काफी है। दूसरे भगवा वेश की वजह से पिछड़े नेतृत्व की बात अक्सर भुला दी जाती है। फिर यूपी में अब मुलायम सिंह यादव और कल्याण सिंह के कद का कोई पिछड़ा नेता भी नहीं है। मायावती का दलितों में आधार घट रहा है।

कुल मिला कर योगी आदित्यनाथ का 'यूपी मॉडल' अब भाजपा के लिए सबसे बड़ा हथियार बनने जा रहा है। 2024 के चुनाव से पहले पार्टी इस मॉडल का अंतिम दौर का परीक्षण मध्यप्रदेश में करेगी, जहां का आंतरिक सर्वे उसकी पेशानी पर बल दिये हुए है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व चाहता है कि योगी के 'यूपी मॉडल' को मध्यप्रदेश की धरती पर आजमा कर उसकी मारक क्षमता का पता चल सकता है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पार्टी सत्ता में नहीं है, इसलिए वहां इस मॉडल को लागू करना मुश्किल होगा, लेकिन 2024 में इसे पूरी तरह अंगीकार करना पार्टी के लिए सुरक्षित रहेगा।

---

# मुख्य सचिव से मिले बंधु तिर्की, कई मुद्दों पर की बात

**लातेहार में टाना भगतों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किये जाने की निंदा की, कार्रवाई का मिला आश्वासन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की मंगलवार को मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से मिले। तिर्की ने कहा कि मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से हुई मुलाकात में कई अहम मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत हुई। मुख्य सचिव ने उन्हें शीघ्र ही प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। तिर्की ने बताया कि लातेहार में टाना भगतों द्वारा वहां के कचहरी परिसर में जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए किये जा रहे शांतिपूर्ण आंदोलन पर कार्रवाई करते हुए लगभग 200 लोगों को नामजद और 300 अज्ञात लोगों पर गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

इस संदर्भ में मुख्य सचिव का ध्यान आकृष्ट कराये जाने पर उन्होंने यह आश्वासन दिया कि लातेहार के उपायुक्त से प्रतिवेदन मंगवाने के बाद इस मामले पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। तिर्की ने कहा कि मुख्य सचिव ने इस बात पर भी अपनी सहमति दी है कि मांडर के मुड़मा दोहर में सिंचाई की समुचित व्यवस्था की जाये, जिससे सैकड़ों एकड़ भूमि सिंचित हो और इसका फायदा हजारों किसानों को मिले। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव से अपनी वार्ता के दौरान उन्होंने 2013 में शुरू हुए बेड़ो मॉडल स्कूल के निर्माण कार्य की ओर भी उनका ध्यान आकृष्ट किया। उन्हें जानकारी दी कि संवेदक और विभागीय लापरवाही के कारण भवन का निर्माण कार्य अबतक पूरा नहीं हुआ है। इसके अलावा मांडर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मांडर, सोपारोम और चान्हो को सरकार के आदर्श विद्यालयों की सूची में तो शामिल कर लिया गया है, लेकिन अबतक वहां न तो बिजली की आपूर्ति हुई है और ना ही पहुंच पथ का ही निर्माण किया गया है। इसके अलावे भवन का स्थानांतरण भी अबतक नहीं होने से विद्यार्थियों का पठन-पाठन बाधित हो रहा है। कहा कि झारखंड में विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में रहनेवाले अनुसूचित जनजाति चीक बड़ाईक लोगों में अधिकांश के खेवट और खतियान में विभिन्न तरीके से जाति दर्ज होने के कारण उनके वंशजों को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र मिलने में कठिनाई हो रही है। इस मामले पर भी मुख्य सचिव ने आश्वासन दिया कि इस मामले में अपेक्षित कदम उठाये जायेंगे। कहा कि मांडर प्रखंड के कैंबो गांव में कोयल नदी में भूमि संरक्षण विभाग द्वारा चेक डैम का निर्माण कराया गया था। जिसमें तकनीकी दृष्टिकोण से अनेक खामियां थीं और अत्यधिक वर्षा के कारण चेक डैम का गार्डवाल टूटने से नदी की धारा बदल गयी। परिणामस्वरुप कई एकड़ भूमि नदी में समाहित हो गयी। तिर्की ने मुख्य सचिव से आग्रह किया कि इस नदी पर जल संसाधन विभाग के द्वारा वृहद पैमाने पर डैम का निर्माण कराया जाये। तबतक किसी वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से किसानों के खेतों में कटाव को रोका जाये। तिर्की ने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अनेक योजनाएं अधूरी हैं और केवल विभागीय लापरवाही के कारण उसका फायदा आम लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इस संदर्भ में उन्होंने लापुंग प्रखंड कार्यालय परिसर में एक एकड़ भूमि पर जेरेडा द्वारा सोलर पावर प्लांट लगाये जाने की चर्चा करते हुए कहा कि इससे पूरे प्रखंड को बिजली में आत्मनिर्भर बनाया जा सकता था, परंतु यह परियोजना भी विभागीय लापरवाही के कारण अधूरी पड़ी है। भेंट के दौरान मुख्य सचिव ने इसे 15 जुलाई तक शुरू करने का आश्वासन दिया है।

# रिम्स के प्रभारी निदेशक बने डॉ आरके गुप्ता

**रिम्स की चरमरायी व्यवस्था को दुरुस्त करना प्राथमिकताः डॉ आरके गुप्ता**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** डॉ कामेश्वर प्रसाद के निदेशक पद से इस्तीफा के बाद रिम्स निदेशक को लेकर लगाये जा रहे कयासों पर विराम लग गया है। आई डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ आरके गुप्ता को रिम्स की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उन्होंने प्रभार ग्रहण कर लिया है। रिम्स निदेशक के प्रभार के लिए चार सीनियर डॉक्टरों के नाम विभाग को भेजे गये थे। जिसमें मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ विद्यापति, आई डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ आरके गुप्ता, मेडिसिन विभाग के सीबी शर्मा और एनाटोमी के डॉ एके दूबे के नाम शामिल थे। विभाग की ओर से इनका साक्षात्कार भी लिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार एनाटोमी विभाग के डॉ एके दूबे ने खुद निदेशक का प्रभार लेने से मना कर दिया था। निदेशक राजीव गुप्ता ने कहा कि उनकी सबसे पहले प्राथमिकता होगी की रिम्स की चरमराई व्यवस्था को दुरुस्त करना, साथ ही मरीजों की समस्याओं को दूर करना। हॉस्पिटल में दवा से लेकर अन्य जरूरी चीजों को भी दुरुस्त किया जायेगा। इस मौके पर रांची रिम्स अधीक्षक डॉ हीरेंद्र बिरुआ, डा दीपक लकड़ा, डॉ सुनील, डॉ अमर वर्मा सहित अन्य डॉक्टरों ने नये निदेशक को बधाई दी है।

रिम्स से जाते हुए पूर्व निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद ने कहा कि मुझे दुख है कि जो सोचकर आया था, उसे पूरी तरह अमलीजामा नहीं पहना सका। रिम्स को एम्स जैसा नहीं बना सका। रिम्स मेरी मां की तरह है। जितने दिन रहा, मां की तरह सेवा की। जब तक इसे सेंट्रल यूनिवर्सिटी की तरह ऑटोनोमस का दर्जा नहीं दिया जायेगा, दखलअंदाजी खत्म नहीं होगी, तब तक व्यवस्थाएं नहीं सुधर सकतीं। मैंने रिम्स की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने की पूरी कोशिश की, पर सिस्टम से पूरा सपोर्ट नहीं मिला बल्कि तनाव ही मिला।

# राज्य समन्वय समिति की बैठक 10 को

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय अध्यक्ष और सांसद शिबू सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड राज्य समन्वय समिति की बैठक 10 जून को होगी। बैठक उनके मोरहाबादी स्थित आवास (इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के बगल) में पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगी। इस बाबत मंगलवार को मिली जानकारी के मुताबिक मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग ने समिति के अध्यक्ष सहित विशेष आमंत्रित सदस्य, सभी सदस्य और आमंत्रित सदस्यों को भी सूचना जारी कर दिया है। साथ ही बैठक में सभी के सम्मिलित होने की अपील की गयी है। बता दें कि नवंबर 2022 को झारखंड राज्य समन्वय समिति के संबंध में सरकार (मंत्रिमंडल सचिवालय) के स्तर से नोटिफिकेशन जारी किया गया था। इसमें शामिल किये गये सदस्यों को मंत्री का दर्जा दिया गया है, जिनका कार्यकाल तीन वर्षों का है। समिति में झामुमो और कांग्रेस के कई नेताओं के अलावा राजद से मंत्री सत्यानंद भोक्ता को भी शामिल किया गया है। समिति के अध्यक्ष शिबू सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और विधायक सरफराज अहमद को मंत्री का दर्जा नहीं दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झामुमो के फागु बेसरा, विनोद पांडेय और योगेंद्र महतो को मंत्री का दर्जा दिया गया है।

# झारखंड में 10 जून तक लू का अलर्ट

**बेवजह धूप में बाहर ना निकलें, पानी खूब पीयें**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अभी मौसम का मिजाज और गर्म होगा। धूप तेज होगी, तापमान बढ़ेगा और राज्य के कई हिस्सों में लू चलेगी। थोड़ी बारिश से भले ही कुछ जिलों के तापमान में गिरावट दर्ज की गयी हो लेकिन मौसम विभाग लू को लेकर लगातार अलर्ट जारी कर रहा है। इस मौसम में सावधान रहने, बेवजह धूप में बाहर ना निकलने और बढ़ते तापमान में खुद को सुरक्षित रहने की अपील की है। झारखंड के जिन इलाकों में तापमान बढ़ रहा है उनमें उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज जैसे इलाके हैं, जहां तापमान में वृद्धि हो रही है। इन इलाकों में लू चल रही है। देवघर में अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री के आंकड़े को पार कर रहा है। गढ़वा में 40.7, गिरिडीह में 40.2, गोड्डा में 43.4, पाकुड़ में 41.7, साहिबगंज में 40.3, पूर्वी सिंहभूम में 41.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अभी स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी है कि तापमान के बढ़ने से गर्म हवा और लू का खतरा बढ़ रहा है। राज्य के उत्तर-पूर्व तथा दक्षिण-पूर्व इलाकों के लिए लू की चेतावनी है। अगले चार दिनों तक राज्य में मौसम शुष्क रहने की संभावना जाहिर की गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को बताया कि झारखंड के कुछ हिस्सों में आठ जून तक लू की स्थिति रहेगी। मौसम विभाग ने 10 जून तक के लिए अलर्ट जारी किया है। भीषण गर्मी के बीच सोमवार को कुछ जिले में बारिश हुई थी। रांची से सटे खूंटी जिले में 6.5 मिलीमीटर वर्षा के बाद तापमान में 0.4 डिग्री कि गिरावट दर्ज की गयी। खूंटी का तापमान 39.1 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 38.7 °c | 25.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.33 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.03 बजे |



## देवघर के चारुशिला ट्रस्ट की जमीन मामले में सीएम हेमंत सोरेन को बाबूलाल मरांडी ने लिखी चिट्ठी

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की अनदेखी कर बेची गयी ट्रस्ट की संपत्ति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने देवघर के चारुशिला ट्रस्ट की जमीन की अवैध खरीद-बिक्री की जांच करने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की है। उन्होंने सीएम को इस बाबत एक पत्र लिखा है। इसके अनुसार, देवघर का चारुशिला ट्रस्ट सार्वजनिक महत्व का एक ट्रस्ट है। सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 1959 में ट्रस्टियों की इच्छा के अनुरूप उक्त ट्रस्ट को एक सार्वजनिक ट्रस्ट बताया था। अदालत ने ट्रस्ट की जमीन पर एक अस्पताल बनाने और जमीन के सार्वजनिक उपयोग करने का निर्देश दिया था। कुछ ही दिनों के बाद चारुशिला ट्रस्ट अव्यवस्था का शिकार बन गया। ट्रस्ट प्रबंधन नेतृत्व की कमी की वजह से प्रभावित हो गया, जिससे इसका मालिकाना हक लगातार कमजोर होता गया, जिसका लाभ स्थानीय भू-माफियाओं ने उठाया।

बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि चारुशिला ट्रस्ट को वर्ष 1987 में भंग कर दिया गया और श्री मित्रा को कोलकाता हाइकोर्ट द्वारा रिसीवर नियुक्त किया गया था। इसके बाद ही मामले ने मोड़ लेना शुरू किया। उपर्युक्त ट्रस्ट के एक कथित ट्रस्टी देवी प्रसन्ना घोष की चार बेटियां थीं, जिन्होंने चारु निवास (ट्रस्ट की संपत्ति का हिस्सा) को वर्ष 2004 में आलोक कुमार सतनालीवाला को बेच दिया था। यह सौदा पूरी तरह अवैध था और सुप्रीम कोर्ट के 1959 के फैसले का खुला

**भू-माफियाओं के सामने कमजोर पड़ गया ट्रस्ट, गलत करने वालों को भेजें जेल**

उल्लंघन था। वर्ष 2017 में छह सितंबर को पिनाकी घोष को ट्रस्ट का रिसीवर नियुक्त किया गया और उन्होंने 2004 में 18 सितंबर को तैयार रजिस्ट्री दस्तावेज को गलत बताया था और सतनालीवाला के पक्ष में ट्रस्ट की संपत्ति के अन्य सभी बिक्री कार्यों पर तुरंत हस्ताक्षर किये जाने से इनकार कर दिया था। पिनाकी घोष ने 2020 और 2022 में ट्रस्ट में अनियमितताओं और सुप्रीम कोर्ट के कई विधानों और निर्णयों की घोर अवहेलना करने में प्रशासन की स्पष्ट मिलीभगत को



लेकर विस्तृत शिकायतें की थीं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

पत्र में कहा गया है कि ट्रस्टी के रूप में कार्य करने वाले व्यक्तियों के कपटपूर्ण कार्यों में प्राथमिक मुद्दा जिला प्रशासन की मिलीभगत से उन भूखंडों का एलपीसी जारी करना था, जिन्हें विभिन्न अदालतों द्वारा बेचे जाने से रोक दिया गया था। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई में विभिन्न इच्छुक पार्टियों द्वारा सार्वजनिक विश्वास को लाभ पहुंचाने के लिए आपराधिक साजिश के साथ भ्रष्टाचार और मिलीभगत की बू आती है। वर्ष 2021 में देवघर जिला प्रशासन के प्रमुख ने, जिसने पहले ही 2020 और 2021 में सतनालीवाला परिवार को पब्लिक ट्रस्ट की जमीन बेचने में मदद की थी, कथित रूप से आर्थिक लाभ के लिए एक और साजिश रची। संताल परगना काश्तकारी अधिनियम (एसपीटी एक्ट) के तहत संरक्षित आठ एकड़ भूमि वर्ष 2021 में सतनालीवाला परिवार को बेची गयी थी। जनकपुर मौजा में अवस्थित उक्त भूखंड बिक्री योग्य नहीं था और सीओ और एसडीओ देवघर ने इस बारे में रिपोर्ट भी दी थी। इन आपत्तियों के बावजूद उपायुक्त ने सतनालीवाला परिवार को भूमि के उक्त टुकड़े को खरीदने के लिए एलपीसी दे दिया।

मरांडी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के कई कानूनों और निर्णयों के उल्लंघन के बाद हुए इस भूमि घोटाले में शामिल सभी लोगों की पहचान और कर्तव्य पालन में घोर लापरवाही और निजी आर्थिक लाभ के लिए आपराधिक साजिश के इन मामलों की जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा है कि एक लोक सेवक को एक तटस्थ व्यक्ति माना जाता है, जिसे पक्षपात या अवसरवाद के बिना कानूनों, निर्देशों और निर्णयों को लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। यह मामला उन सभी बातों को खारिज करता है। एक सिविल सेवक में समाज के भरोसे को हिला देने की क्षमता होती है।

मरांडी ने लिखा है, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि इस 'भूमि घोटाले' की निष्पक्ष जांच करा कर इसमें शामिल सभी व्यक्तियों को कड़ी से कड़ी सजा दें और समाज पर इसके व्यापक प्रभाव के संदर्भ में उन्हें दंडित करें। पत्र की प्रति मुख्य सचिव और राजस्व विभाग के प्रधान सचिव को भी भेजी गयी है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

**मेष** दोस्तों से संबंधों में सुधार में मधुरता आयेगी, इस समय शत्रु हावी हो सकता है।

**वृष** मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, घर में अविवाहित बच्चों के रिश्ते आयेंगे।

**मिथुन** साहस-पराक्रम बढ़ेगा, आर्थिक लाभ, विपरीत स्थिति में सुधार होगा।

**कर्क** राजनीति के क्षेत्र में ऊंचाई को छुएंगे, शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**सिंह** गुप्त शत्रुओं पर विजय मिलेगी, आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा, आर्थिक लाभ।

**कन्या** चिर-परिचित लोगों से मुलाकात होगी, अनायास धन व कार्य की प्राप्ति होगी।

**तुला** नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता।

**वृश्चिक** संतान पक्ष की तरफ से कोई शुभ समाचार मिलेगा, मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु** सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी, सरकारी कार्य में प्रगति होगी।

**मकर** रोजगार संबंधी समस्यायें हल होंगी, कोई नया कार्य की योजना सफल होगी।

**कुंभ** आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है, घर में कोई शुभ कार्य कर सकते हैं।

**मीन** आजीविका में परिवर्तन होने की संभावना, दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं।

## ट्रिपल टेस्ट के बिना नगर निकाय चुनाव लंबित

# विकास विरोधी सरकार में वित्त आयोग निष्क्रिय:दीपक प्रकाश

**राज्य सरकार गठबंधन के नेताओं को खुश करने के लिए बोर्ड निगम का गठन कर रही**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार विकास विरोधी सरकार है। मुख्यमंत्री सहित सत्ताधारी दल के मंत्रियों को केवल अपने पद और परिवार की चिंता है, लेकिन राज्य के लोग मजबूत हों, गांव, गरीब हालात के सुधार हो इसकी चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गठबंधन के नेताओं को खुश करने के लिए बोर्ड निगम का गठन कर रही है, लेकिन राज्य के



महत्वपूर्ण संवैधानिक आयोग का गठन नहीं कर रही। राज्य में महिला आयोग, वित्त आयोग, लोकायुक्त, सूचना आयुक्त जैसे पद वर्षों से रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग के महत्वपूर्ण पद रिक्त रहने के कारण केंद्रीय अनुदान नहीं मिलने की आशंका बनी हुई है। केंद्र सरकार वित्त आयोग की अनुशंसाओं के आलोक में राज्य वित्त आयोग को पैसा आवंटित करती है। फिर ये पैसे पंचायती राज संस्थाओं, नगर पालिकाओं को आवंटित होते हैं। उन्होंने कहा आज राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष विहीन, कर्मचारी विहीन है जिसके कारण अगले दो वित्तीय वर्षों में राज्य की पंचायती राज संस्थाओं को केंद्र सरकार से अनुदान के रूप में मिलने वाली 2736 करोड़ के अनुदान पर राज्य सरकार की अकर्मण्यता से ग्रहण लगने की संभावना है। इसमें टाइड और अनटाइड दोनों फंड समाहित हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की मंशा नगर निकाय चुनाव को टालने की है इसलिए ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को राज्य सरकार ने प्रारंभ नहीं कराया है।

# नगर निकाय चुनाव : ट्रिपल टेस्ट के लिए आयोग गठन का प्रस्ताव तैयार

**कैबिनेट से मंजूरी का इंतजार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में होने वाले नगर निकाय चुनाव से पहले राज्य सरकार ट्रिपल टेस्ट करवाने वाली है। इसके तहत ओबीसी आरक्षण की सीमा तय करने के लिए आयोग का गठन किया जायेगा। नगर विकास विभाग ने आयोग के गठन का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। यह प्रस्ताव कैबिनेट से मंजूरी




के लिए लंबित है। आयोग में अध्यक्ष और सदस्य कौन होंगे, यह अभी सामने नहीं आया है। लेकिन सूत्रों के मुताबिक हाइकोर्ट के किसी वर्तमान या रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में आयोग बनाने का प्रस्ताव तैयार हुआ है। अपने गठन के बाद डेढ़ से दो महीने के अंदर आयोग ओबीसी आरक्षण की सीमा तय करने के लिए सर्वे कर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगा। आयोग की अनुशंसा के आधार पर सरकार ओबीसी आरक्षण की सीमा तय करते हुए निकाय चुनाव कराने की दिशा में आगे बढ़ेगी।

### वित्त आयोग की मदद से होना पड़ेगा वंचित

नगर निकाय चुनाव में देर होने से झारखंड को 15वें वित्त आयोग की मदद से वंचित होना पड़ सकता है। शहरी निकायों के विकास के लिए झारखंड ने करीब 16 सौ करोड़ रुपये का दावा वित्त आयोग से किया है। इसलिए राज्य सरकार भी यह चाहती है कि जल्द से जल्द निकाय चुनाव कराया जाये। झारखंड में 48 नगर निकायों में चुनाव कराया जाना है। इनमें से 34 निकायों का कार्यकाल अप्रैल 2023 में खत्म हो चुका है, वहीं 13 निकायों में पिछले तीन साल से चुनाव लंबित है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## झारखंड में रेलवे ट्रैक से बरामद 98 शवों की नहीं हो सकी पहचान

**रांची।** झारखंड में रेलवे ट्रैक से बरामद हुए 98 अज्ञात शवों के परिजन सामने नहीं आये हैं। झारखंड में दो रेल जिले हैं, धनबाद और जमशेदपुर। इन दोनों रेल जिलों में पिछले एक साल के दौरान रेलवे ट्रैक से 98 अज्ञात शव बरामद हुए, जिनकी पहचान नहीं हो पायी और ना ही इनका कोई परिजन सामने आया। इनमें रेल धनबाद से 69 और रेल जमशेदपुर से 29 अज्ञात शव बरामद हुए हैं। अज्ञात शवों की पहचान के लिए 72 घंटे का समय निर्धारित है।

# भाजमो ने शुरू की संपर्क यात्रा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने रांची नगर निगम के विभिन्न वार्डों में मंगलवार से समाधान यात्रा की शुरुआत की। यह यात्रा 30 जून तक चलेगी।

इस दौरान भाजमो के सदस्य रांची के विभिन्न वार्डों में जाकर पूर्व पार्षदों और उस वार्ड के लोगों से मुलाकात करेंगे और उनकी समस्याओं को जानेंगे। यात्रा का नेतृत्व कर रहे भाजमो के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि अभी नगर निगम और निकाय का कार्यकाल समाप्त हो गया है और चुनाव भी नहीं हो रहा है। जिन जटिल समस्याओं का वार्ड पार्षदों के द्वारा समाधान नहीं हो पाया है, उनके निदान के लिए कोर कमेटी मामले से संबंधित पदाधिकारियों और मंत्रियों के साथ ही मुख्यमंत्री और राज्यपाल तक पहुंचायेगी। जिन विभागों में समन्वय नहीं बन पा रहा है, उसमें मध्यस्थता करेगी। साथ ही इस यात्रा के माध्यम से भारतीय जनतंत्र मोर्चा से जुड़ने का न्योता देगी।

यात्रा के पहले दिन वार्ड नंबर 26 के पूर्व पार्षद अरुण कुमार झा और वार्ड नंबर 34 के पूर्व पार्षद विनोद कुमार सिंह समेत वहां के नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना गया।

# कालू लामा की हत्या के आरोपी तनवीर आलम उर्फ बिट्टू खान की दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में दिनदहाड़े गोली मारकर युवक की हत्या कर दी गयी है। मृतक अपराधी कालू लामा हत्याकांड में शामिल था। वह कुछ दिनों पहले ही जेल से बाहर आया था। घटना बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातू की है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार अपराधियों ने तनवीर आलम उर्फ बिट्टू खान नामक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी। तनवीर आलम एदलहातू के नीचे टोला का रहने वाला था। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी बाइक से ही फरार हो गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेते हुए जांच में जुट गयी है।

**एदलहातू के टोंटे चौक स्थित सरना स्थल के पास खड़ा था तनवीर आलम**

तनवीर एदलहातू के टोंटे चौक स्थित सरना स्थल के पास खड़ा था। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने उस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। तनवीर को चार गोलियां लगीं। इसके बाद आसपास के लोगों ने उसे आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया। वहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस शहर से बाहर जाने वाले रास्तों को सील कर चेकिंग अभियान चला रही है। आशंका है कि गैंगवार को लेकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है।

### कालू लामा हत्याकांड में शामिल था तनवीर

बीते 27 जनवरी 2022 को मोरहाबादी में अपराधी कालू लामा की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में रांची पुलिस ने तनवीर समेत कई अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# सत्यानंद भोक्ता मामले में सुनवाई 16 को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य के श्रम मंत्री और पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद भोक्ता से जुड़े बीज खरीद घोटाला मामले में एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में मंगलवार को डिस्चार्ज पिटीशन पर आंशिक सुनवाई हुई। सत्यानंद भोक्ता की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 16 जून निर्धारित की है। बता दें कि बीज घोटाला में जब आरोप पत्र दायर किया गया था, तब सत्यानंद भोक्ता कृषि मंत्री थे। वर्ष 2004 से 2007 के बीच 46.10 करोड़ रुपये से अधिक का बीज घोटाला हुआ था। इस दौरान कुछ संस्थाओं से गेहूं, चना और दूसरे अनाज के बीज की खरीद के नाम पर कथित तौर पर गबन हुआ था। मामले में कृषि विभाग के पूर्व निदेशक निस्तार मिंज, पूर्व मंत्री नलिन सोरेन और पूर्व कृषि निदेशक वी जयराम सहित अन्य लोग भी आरोपित बनाये गये हैं।

**शपथ पत्र**



शपथ पत्र संख्या 217 दिनांक 30.07.2022 के अनुसार **मैं, सरस्वती देवी**, उम्र 46 वर्ष पति- का नाम-कमलेश पासवान, ग्राम- टोंगरा, पोस्ट-कामगारपुर, थाना-हुसैनाबाद, जिला-पलामू राज्य- झारखंड शपथपूर्वक घोषणा एवं संपुष्ट करती हूं :-

1) यह कि राजा कुमार पासवान मेरा पुत्र है जिसका जन्म तिथि 04.02.2005 है।
2) यह कि आधार कार्ड संख्या 4011 2325 4573 में मेरा पुत्र का नाम अमरेश कुमार पासवान दर्ज है जो गलत है।
3) यह कि मैं यह शपथ इस आशय का कर रही हूं कि मेरा पुत्र का सही नाम राजा कुमार पासवान है।
4) यह कि शपथ पत्र में वर्णित बाते सही वो सत्य है।

## रांची में क्रिएटिव राइटिंग कार्यशाला 15 से 22 जून तक

# टीआरआइ कैंपस में चलेगी कार्यशाला, युवा सीखेंगे लेखन का हुनर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी स्थित डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान (टीआरआइ) में क्रिएटिव राइटिंग की कार्यशाला शुरू होने जा रही है। इस कार्यशाला का आयोजन टीआरआइ और अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग संयुक्त रूप से कर रहा है। यह 15 से 22 जून तक चलेगी। इसमें युवा रचनात्मक लेखन का हुनर सीखेंगे।



इस आठ दिवसीय कार्यशाला में नये आदिवासी युवाओं के आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। प्रतिभागी की उम्र 21 से 35 वर्ष होनी चाहिए। वे झारखंड के किसी आदिवासी समुदाय के सदस्य हों। पूर्व से ही प्रतिष्ठित पत्रिकाओं आदि में प्रकाशित रचनाकारों को प्राथमिकता दी जायेगी। विशेष रूप से संवेदनशील आदिवासी समूहों (पीवीटीजी) के युवा सदस्यों और झारखंड के दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं को प्राथमिकता दी जायेगी।

### ऐसे करना होगा आवेदन


इस कार्यशाला में भाग लेने वाले युवा नौ जून तक अपनी संक्षिप्त जानकारी और दो सौ शब्दों में लेखन का एक नमूना और आवेदन पत्र tri.directorate@gmail.com पर 'आदिवासी युवाओं के लिए रचनात्मक लेखन कार्यशाला' विषय शीर्षक के साथ जमा करें। टीआरआइ के निदेशक रणेंद्र ने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को 12 जून तक सूचित किया जायेगा। रांची के बाहर के प्रतिभागियों के रहने की व्यवस्था संस्थान करेगा। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय साहित्यकार, फिल्मकार, नाटककार आदि प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे। यहां अनुवाद पर भी समानांतर कार्यशाला संचालित होगी।

### इनसे सीखेंगे हुनर

टीआरआइ के निदेशक रणेंद्र ने बताया कि झारखंड के आदिवासी युवा अधिकतर कविताएं ही लिखते हैं। हमारी कोशिश है कि अन्य रचनात्मक क्षेत्रों में भी युवा अच्छा प्रदर्शन करें। इसलिए हम इस सात दिन की कार्यशाला में देश और राज्य के कई जाने-माने लेखकों और रचनाकारों को शामिल कर रहे हैं, जो युवा लेखकों को प्रशिक्षित करेंगे। इनमें पंकज मित्र, अनिल यादव, ऋषिकेश सुलभ, हरेराम मीणा, देव प्रसाद मिश्र, जसिंता केरकेट्टा, महादेव टोप्पो, वंदना टेटे, नाटककार अजय मलकानी, रवि भूषण, अश्विनी पंकज आदि के नाम शामिल हैं।

एनएचपीसी NHPC
एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजी. कार्या.: एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सेक्टर–33, फरीदाबाद–121003 (हरियाणा)
CIN No.-L40101HR1975GOI032564
G20

एनएचपीसी के साथ रोमांचक चुनौतियों का सामना करने के लिए आगे आएं..।



एनएचपीसी लिमिटेड, भारत सरकार की एक प्रमुख अनुसूची–'क', मिनी रत्न' कंपनी है। कुल 7097.20 मेगावाट की संस्थापित क्षमता के साथ कंपनी पूरे देश में विशेष रूप से हिमालयी क्षेत्रों के सुरम्य वातावरण एवं मनमोहक दृश्यों से आच्छादित स्थलों पर जलविद्युत, सौर एवं पवन ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण एवं संचालन का कार्य करती है।

जलविद्युत संयंत्रों के डिजाइन, निर्माण और संचालन में अग्रणी, भारत की सबसे बड़ी जलविद्युत कंपनी, एनएचपीसी लिमिटेड, सीखने और आगे बढ़ने के लिए रोमांचक अवसर एवं चुनौतियाँ प्रदान करती है। रिक्तियों का विवरण नीचे दिया गया है:

| क्र. सं. | पद एवं ग्रेड | रिक्तियाँ |
|---|---|---|
| 1 | कनिष्ठ अभियंता (सिविल) / एस-1 / ₹ 29,600–1,19,500 (आईडीए) | 149 |
| 2 | कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल) / एस-1 / ₹ 29,600–1,19,500 (आईडीए) | 74 |
| 3 | कनिष्ठ अभियंता (यांत्रिक) / एस-1 / ₹ 29,600–1,19,500 (आईडीए) | 63 |
| 4 | कनिष्ठ अभियंता (ई एंड सी) / एस-1 / ₹ 29,600–1,19,500 (आईडीए) | 10 |
| 5 | पर्यवेक्षक (आईटी) / एस-1 / ₹ 29,600–1,19,500 (आईडीए) | 9 |
| 6 | पर्यवेक्षक (सर्वेक्षण) / एस-1 / ₹ 29,600–1,19,500 (आईडीए) | 19 |
| 7 | वरिष्ठ लेखाकार / एस-1 / ₹ 29,600–1,19,500 (आईडीए) | 28 |
| 8 | हिंदी अनुवादक / डबल्यू-06 / ₹ 27,000–1,05,000 (आईडीए) | 14 |
| 9 | ड्राफ्ट्समैन (सिविल) / डबल्यू-04 / ₹ 25,000–85,000 (आईडीए) | 14 |
| 10 | ड्राफ्ट्समैन (मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल) / डबल्यू-06 / ₹ 25,000–85,000 (आईडीए) | 8 |
| | TOTAL | 388 |

अभ्यर्थी एनएचपीसी की वेबसाइट https://www.nhpcindia.com/ career.htm के "करियर" सेक्शन पर जाकर पद और श्रेणी के अनुसार रिक्तियों की स्थिति, पात्रता शर्तों एवं ऑनलाइन आवेदन भरने संबंधी अनुदेशों के साथ विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम में ही स्वीकार किए जाएंगे।

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की प्रारंभ तारीख : 09.06.2023 (प्रातः 10:00 बजे)
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख : 30.06.2023 (रात्रि 11:55 बजे)

पूर्ण विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट: https://www.nhpcindia.com/career.htm देखें। आवेदन का केवल ऑनलाइन मोड स्वीकार्य है।

https://www.nhpcindia.com join us :
CBC34128/12/0002/2324




आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 07 जून, 2023
www.azadsipahi.in



# भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**न्यू लायंस क्लब न्यू मधुकम रांची के सौजन्य से त्रिदिवसीय विष्णुयज्ञ सूर्य मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह**

**रांची।** न्यू लायंस क्लब न्यू मधुकम रांची के सौजन्य से आयोजित त्रिदिवसीय विष्णुयज्ञ सूर्य मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के प्रथम चरण में मंगलवार को भव्य विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। इसमें लगभग 2100 महिलाओं ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा की शुरुआत मधुकम तालाब स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण से हुई जो न्यू मधुकम मुख्य पथ, चुनाभट्टा, खादगढ़ा रोड, जयप्रकाश नगर, रांची पहाड़ी रोड होते हुए राणी सती मंदिर प्रांगण में पहुंची। जहां सभी महिलाएं अपने अपने कलश में जल भरकर पुनः खादगढ़ा मिलन चौक, महुआ टोली होते हुए सूर्य मंदिर प्रांगण में पहुंची । तत्पश्चात प्रसाद ग्रहण कर अपने अपने घर को प्रस्थान किये। इस अवसर पर मुख्य रूप से विशिष्ट अतिथि रांची के विधायक सीपी सिंह, क्लब के संरक्षक प्रेम वर्मा, सुनील गुप्ता, मुकेश मुक्ता, बबलू उरांव उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए न्यू लायंस क्लब के संस्थापक अध्यक्ष अनिल गुप्ता के नेतृत्व में क्लब के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। साथ कार्यकारी अध्यक्ष दीपक चौधरी, संतोश गुप्ता, संजय साव, उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता सतेंद्र वर्मा, विनोद राजन सचिव ओमप्रकाश शर्मा, पंकज सिन्हा, राकेश जयसवाल, कोषाध्यक्ष धनंजय सोनी, सुनील कुमार मीडिया प्रभारी ऋषभ गुप्ता, मंत्री विनोद साव, सूरज साव, दिगंबर निषाद, विक्रांत विश्कर्मा, बिदुल वर्मा, बबलू साव मधुकर सिंह, राजू राय, गोपाल शर्मा साथ ही अनिल साव, फेकू ठाकुर, मनोज सिंह, दीपक पांडेय, राहुल कु साव, मंटू शर्मा एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने किया ट्रॉफी का अनावरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मेकॉन स्टेडियम में बुधवार से स्मृति कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू होगा। एसएसपी किशोर कौशल ने मंगलवार को प्रतियोगिता के ट्रॉफी का अनावरण किया। साथ ही ड्रेस का भी वितरण किया और अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक रांची जिला क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव तथा जेएससीए के आजीवन सदस्य सुनील कुमार सिंह सहित पूर्व क्रिकेटर उज्जवल दास, आदित्य वर्मा, संजय मिश्रा, उदय शर्मा, प्रवीण देवघरिया, मृत्युंजय, लखन राजा, यश प्रताप, प्रशांत, गोपाल मंडल सहित अनेक पूर्व एवं वर्तमान बिहार झारखंड के क्रिकेटर मौजूद थे। बताया गया कि उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुबोधकांत सहाय और विशिष्ट अतिथि पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेंद्र खन्ना उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति की ओर से सभी टीमों को रंगीन ड्रेस दी जायेगी। स्मृति कप टूर्नामेंट 88 साल पुराने राज्य क्रिकेट संघ की सेवा करनेवाले वैसे पूर्व क्रिकेट प्रशासकों और प्रथम श्रेणी के क्रिकेट खिलाड़ियों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया जाता है, जिनका निधन हो चुका है।

### इन टीमों में होगी टक्कर

सात जून को रांची रॉयल बनाम स्पंदन क्लब कोलकाता, एमपी वर्मा 11 बिहार बनाम जमशेदपुर जांबाज, आठ जून को रांची रॉयल बनाम जमशेदपुर जांबाज, एमपी वर्मा 11 बनाम स्पंदन क्लब कोलकाता, नौ जून को एमपी वर्मा 11 बनाम रांची रॉयल, जमशेदपुर जांबाज बनाम स्पंदन क्लब कोलकाता और 10 जून को सुबह 9 बजे टॉप दो टीमें फाइनल खेलेंगी।

# बस्तियों में आज भी बुनियादी सुविधाओं का घोर आभाव : विजय शंकर नायक



**रांची।** झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने मंगलवार को झारखंड के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बस्तियों, गांवों में कुंवा, चापानल, ग्रामीण जलापूर्ति योजना और नल जल योजना के तहत अविलंब व्यवस्था करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य का विषय है राज्य निर्माण के 23 वर्ष बीत चुके हैं, उसके बाद भी झारखंड के दलित, आदिवासी समाज के बस्तियों में आज भी बुनियादी सुविधाओं का घोर आभाव है, जिसके कारण आज इन वर्ग के लोगों का जीवन नारकीय हो गया है। कहा कि इन वर्गों के विकास के फंड को दूसरे मदो में खर्च किया जाना, इनके हक और अधिकार को लूटने समान है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री को ईमेल भेजकर मांग किया की ट्राईबल सब प्लान और शेड्यूल सब प्लान के तहत जो राशि इन वर्गों के विकास के लिए दी जाती है, उसे शत प्रतिशत इन वर्गों के विकास के लिए ही खर्च किया जाये।

**सख्ती : नगर निगम ने की कार्रवाई**

# लालपुर-कोकर रोड में अतिक्रमण हटाओ अभियान चला, सामान जब्त



**फल-सब्जी विक्रेताओं ने कोकर-लालपुर रोड को जाम कर दिया, पर पुलिस ने जाम खुलवा दिया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के लालपुर स्थित डिस्टलरी पुल से कोकर के बीच सड़क किनारे सब्जी- फल दुकान लगाने वालों के खिलाफ मंगलवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर निगम की विजिलेंस टीम मंगलवार को 704 ट्रक लेकर पहुंची। सड़क किनारे दुकान लगाने वालों की सब्जियों को जब्त करना शुरू किया। कई दुकानदार निगम कर्मियों की मिन्नतें करते रहे, मगर उन्होंने उनकी एक नहीं सुनी। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि ये गरीबों पर अत्याचार है। बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए सब्जी विक्रेताओं को हटाना अन्याय है। निगम की कार्रवाई के विरोध में फल-सब्जी विक्रेताओं ने कोकर-लालपुर रोड को जाम कर दिया। वे सड़क पर बैठ गये। सुबह का वक्त होने के कारण वाहनों की लाइन लग गयी। हालांकि, मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम करने वालें को फौरन हटा दिया। सड़क किनारे सब्जी की दुकान लगाने वाले विक्रेताओं का कहना है कि यहां करीब 400-450 परिवार अलग-अलग सब्जी की दुकान लगाते हैं। उनका कहना है कि जिस तरह से नॉनवेज यानि मछली, मीट और अंडा बेचने वालों के लिए अलग मार्केट बनाकर इलाके को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। उसी तर्ज पर सब्जी विक्रेताओं को भी स्थायी जगह मिलनी चाहिए। इसके बाद उन्हें हटाना चाहिए।

वहीं, टाउन वेंडिंग कमिटी (टीवीसी) मेंबर शर्मिला नेवार का कहना है कि जब तक स्थायी रूप से दुकान बनाकर सब्जी विक्रेताओं को नहीं दिया जायेगा, तब तक हम लोग दूसरी जगह दुकान नहीं लगायेंगे। निगम का कहना है कि ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लालपुर सब्जी मंडी के दुकानदारों को शिफ्ट किया जा रहा है। दुकानदारों से निगम ने कहा है कि वे सहयोग करें। इधर, मंगलवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद इंफोर्समेंट टीम जैसे ही गयी। दुकानदारों ने डिस्टलरी पुल के आगे चुन्ना भट्ठा रोड के किनारे दुकान लगा कर बैठ गये।

# मोदी के नेतृत्व में भारत सबसे तेज गति से आर्थिक उन्नति करने वाला देश बन गया है : नरेंद्र सिंह रैना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** केंद्र में मोदी सरकार के 09 वर्ष पूरे होने पर भाजपा रांची महानगर जिला कमेटी मंगलवार को रांची एवं हटिया विधानसभा लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने किया। रांची विधानसभा के रांची महानगर जिला कार्यालय एवं हटिया विधानसभा के जगरनाथपुर मंदिर के समीप सैकड़ों लाभार्थियों के साथ लाभार्थी सम्मेलन संपन्न हुआ। इन दोनों कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह रैना शामिल हुए। नरेंद्र सिंह रैना ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे तेज गति आर्थिक उन्नति करने वाला देश बन गया है। यह हम भारतीयों के लिए गौरव की बात है। रांची विधानसभा के सम्मेलन में सीपी सिंह ने कहा कि शौचालय से लेकर अंतरिक्ष यान तक छोटी से लेकर बड़ी उपलब्धियों तक मोदी ने यादगार और शानदार देश की जरूरतों के अनुसार काम किया। हटिया के सम्मेलन में नवीन जयसवाल ने कहा कि कोरोना में हेमंत सरकार ने जहां कफन बांटा वहीं भाजपा ने जीवन रक्षक आहार, दवा एवं वैक्सीन देकर लोगों की जीवन बचाया। केके गुप्ता ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने 9 वर्षों में जितना काम किया उतना काम कांग्रेस ने 60 वर्षों में भी नहीं किया। कांग्रेस के कार्यकाल में भारत से लाभ लेकर विदेशी मजबूत हुए वहीं मोदी कार्यकाल में भारत मजबूत और विदेशी कमजोर हुए। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री वरुण साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन बलराम सिंह ने किया। इस मौके पर गणेश मिश्रा, राकेश भास्कर, रमेश सिंह, राजू सिंह, बसंत दास, जितेंद्र सिंह पटेल, ओमप्रकाश, राकेश सिंह गुड्डू, अशोक यादव, अनीता वर्मा, रोमित नारायण सिंह, अरविंद सिंह पिंटू, सुजाता सिंह, पूजा सिंह, रामजी प्रसाद, उमेश यादव, विनोद महतो, सुजीत शर्मा, आनंद वर्मा, इंद्रजीत यादव, कुमार उत्कर्ष सहित कई अन्य कार्यकर्ता और लाभार्थी मौजूद थे।

# डॉक्टर राजश्री जयंती को सम्मानित किया गया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्व मानवाधिकार संरक्षण आयोग द्वारा डॉक्टर राजश्री जयंती को 'एंबेसडर अवार्ड ' से सम्मानित किया गया। अंबेडकर भवन में आयोजित अवार्ड सेरेमनी में उन्हें उनकी वातावरण से संबंधित विषय पर पीएचडी एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए पुलिस अधीक्षक अखिलेश यादव तथा संस्था के सचिव राजेश के हाथों प्रदान किया गया।

# सीएमपीडीआइ में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यालय परिसर में पर्यावरण झंडा फहराया। मौके पर सीएमपीडीआइ के निदेशक आर एन झा, निदेशक शंकर नागाचारी, क्षेत्रीय संस्थान-3 के निदेशक निदेशक जयंत चक्रवर्ती, महाप्रबंधक / विभागाध्यक्षगण के अलावा मुख्यालय और क्षेत्रीय संस्थान-3 के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे। तत्पश्चात कुमार ने कर्मियों को पर्यावरण शपथ दिलायी। इस अवसर पर कोल इंडिया के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल का संदेश पढ़ा गया। कुमार ने अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण के महत्व और सतत आदतों को अपनाकर प्लास्टिक प्रदूषण को मात देने की आवश्यकता के बारे में बताया। इस अवसर पर पर्यावरण दिवस और मिशन लाइफ (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरमेंट) के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं के सभी विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात पौधारोपण अभियान का आयोजन भी किया गया। सीएमपीडीआइ ने प्लास्टिक प्रदूषण विषय पर एक व्याख्यान भी आयोजित किया।

इस व्याख्यान के मुख्य अतिथि प्रो गोपाल पाठक, कुलपति, सरला बिरला विश्वविद्यालय ने पर्यावरण पर प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे के बारे में विस्तार से बताया और पर्यावरण संबंधी प्रोटोकॉल और अधिनियम जैसे मॉन्टियल प्रोटोकॉल और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम-1986 के बारे में जागरूक किया। आगे उन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए प्लास्टिक को कम करने (रिड्यूस), पुनः उपयोग (रीयूज), रिसाइकल, अस्वीकार करने (रीफ्यूज) और प्लास्टिक को अपने जीवनशैली से हटाने (रिमूव) का मंत्र दिया।

# नुक्कड़ नाटक कर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में 1 से 7 जून तक पर्यावरण सप्ताह का आयोजन**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के समूचे प्रांगण में सामूहिक तौर पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान शिक्षकों और एनसीसी कैडेट्स ने न सिर्फ पूरे विश्वविद्यालय प्रांगण में सफाई की बल्कि समूचे परिसर में पौधों में जल देकर पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दुहराया। इसके उपरांत एनसीसी कैडेट्स ने पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया जो पूरे तरीके से पर्यावरण की सुरक्षा और उसके संरक्षण पर आधारित था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने इन 90 विद्यार्थियों और शिक्षकों को संदेश देते हुए कहा कि इस पूरे पर्यावरण सप्ताह के दौरान डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पर्यावरण से जुड़े प्रत्येक मुद्दों को पूरी संजीदगी से उभारने की कोशिश की और आज इसी की कड़ी में यह स्वच्छता अभियान और नुक्कड़ नाटक कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। इस दल में निताई चंद्र महतो, मनोज कच्छप, गुडिया कुमारी, विक्रम कुमार सेठ के अलावा 90 की संख्या में विद्यार्थी एनसीसी कैडेट्स और 30 शिक्षकों की उपस्थिति रही। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# द्वितीय संस्कृति राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव एवं संगोष्ठी में कलाकारों ने मन मोहा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** 2 जूनसे 4 जून तक त्रिदिवसीय द्वितीय संस्कृति राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव एवं संगोष्ठी 2023 के सफल आयोजन के लिए रांची गर्व महसूस कर रहा है। यह आयोजन संस्कृति, रांची द्वारा निर्वहित किया गया था और हटिया में स्थित एन आइएएमटी के सभागार में संपन्न हुआ। यह उत्कृष्ट नृत्य कला को बढ़ावा देने का एक महान प्रयास था।

यह संगोष्ठी तीन दिवसीय थी और उसमें संस्थानिक और राष्ट्रीय स्तर के नृत्य गुरुओं और कलाकारों की भागीदारी हुई। 2 जून को कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह हुआ जहां मुख्य अतिथि के रूप में प्रो .डॉ.प्रथिम पार्थ चटोपाध्याय, विशिष्ट अतिथि के रूप में मीनाक्षी बेहरा, प्रो. डॉ मनोज कुमार बेहरा और गुरु श्री तीर्थानंददास उपस्थित हुए। कार्य क्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ तत्पश्चात देश की विभिन्न राज्यों से आये हुए कलाकारों ने अपने नृत्य कला से दर्शकों का मन मोह लिया। डॉ अमित साखरे तथा डॉ संगीता ठाकुर ने मन मोहक कथक नृत्य प्रस्तुत किया इसके उपरांत श्री ज्ञानेंद्र दत्त बाजपेयी ( भारत नाट्य मलेक्करर, भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ) द्वार बहुत ही सुंदर भारत नाट्य मनृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद और भी कई शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति हुई।

द्वितीय संस्कृति राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव एवं संगोष्ठी 2023 के दूसरे दिन 3 जून 2023 को प्रातः 10 बजे संगोष्ठि का उद्घाटन हुआ जहां मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. डॉ. सुरेश प्रसाद सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्म मुकुंद नायक उपस्थित हुए। संगोष्ठी का विषय 'भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा के परिवर्तनों के साथ निर्मित विभिन्न चुनौतियों और अवसरों' का संचालन गुरु अशोक कुमार मालिक द्वारा किया गया जहां संगोष्ठी सभापति के रूप में प्रो. डॉ. मनोज कुमार बेहरा उपस्थित थे।

मीनाक्षी बेहरा (ओडिसी, भुवनेश्वर), गुरू तीथार्नंददास (ओडिसी, कटक), डॉ अमित साखरे (एचओडी, नृत्य संकाय, माताजीजाबाई पीजी महाविद्यालय इंदौर), प्रो डॉ नंदाघोष सेवानिवृत, मणिपुरी, रांची), डॉ संगीता ठाकुर (कथक, मध्यप्रदेश), ज्ञानेंद्र दत्त बाजपेयी (भारत नाट्य मलेक्करर, भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ), शीतल उरांव (कथक, आइ केएसवी खैरागढ़), सचिन कुम्हरे (कथक, आइकेएसवी खैरागढ़), पुष्पा कुमारी (कथक, सहायक प्राध्यापक, प्रदर्शन कला संकाय, राम शोभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रांची), रमानी रंजन पाणिग्रही (रांची) ने संगोष्ठी में अपने विचारों को व्यक्त किया। युवा पीढ़ी ने बढ़ चढ़ कर इस संगोष्ठी में अपनी प्रति भागिता दिखायी।

## जिला पुलिस बल में पदस्थापित 25 एएसआइ को मिली प्रोन्नति, बने एसआइ

# नयी जिम्मेवारियों को कुशलता से निभायें : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला में पदस्थापित कुल 25 सहायक अवर निरीक्षकों की प्रोन्नति अवर निरीक्षक में होने के बाद मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसपी पीयूष पांडेय ने सभी को रैंक (स्टार) लगाकर मार्गदर्शन दिया। इस दौरान एसपी श्री पांडेय ने प्रोन्नति पाने वाले पदाधिकारियों को नई जिम्मेवारी के लिए बधाई दिया और बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नई जिम्मेवारियों को निष्ठा और कुशलतापूर्वक निभाने में कोई कसर नहीं छोड़े। आप लोगों की बेहतर सेवा को जिला याद करेगा। मुझे उम्मीद है कि आगे भी आप लोग अपने-अपने कर्तव्यों को पालन ईमानदारी पूर्वक करेंगे।





**इन्हें मिली प्रोन्नति :** प्रोन्नति पाने वालों में श्यामबाबू साह, लेखनाथ सिंह, शंभु दास, नरेंद्र प्रसाद साह, विनय कुमार सिंह, विश्वामित्र सिंह, उमेश कुमार शर्मा, रामप्रवेश शर्मा, दिनेश तिवारी, दूधेश्वर सिंह, विजय कुमार, श्रीनिवास कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, उदय चौधरी, महेश कुमार राम, रामरतन पासवान, सुरेश मल्लिक, योगेश रजक, सीता मेहता, मनोज कुमार सिंह, परमहंस प्रसाद, जगनारायण राम, नूतन जसींता खालको, विजय लकड़ा, सुनील कुजू आदि शामिल है।

**ये थे उपस्थित :** मुख्यालय डीएसपी संजीव मिश्रा, एसडीपीओ रामगढ़ किशोर कुमार रजक, सार्जेंट मेजर मंटू यादव, सार्जेंट किशोर कुमार, क्राइम रीडर गुपेश्वर तिवारी, अखिलेश्वर चौबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

## छह अपराधियों ने बंदूक की नोक पर दो युवकों को पहले पीटा, फिर बाइक-मोबाइल लेकर हुए फरार

**रांची (आजाद सिपाही)।** तुपुदाना ओपी क्षेत्र में डकैती की घटना हुई है। इस संबंध में कटहरटोली तुपुदाना निवासी जुरा मुंडा (22) ने डकैती की प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार शनिवार की रात 8.30 बजे शतरंजी बाजार से वह और उसका साथी रवि तिर्की अपने अपने बाइक से घर जा रहे थे। रात 8.30 बजे से जैसे ही दोनों धुर्वा हुडिंगदाग नदी से थोड़ा आगे बढ़े चढ़ाई के पास बाई ओर खदान की ओर जाने वाले रास्ते में छह लोग खड़े थे। उनसे से तीन ने जुरा मुंडा को और तीन ने रवि तिर्की को रोका। उनमें से एक एक व्यक्ति ने दोनों का हाथ पीछे कर पकड़ लिया। उनमें से कुछ के पास हथियार थे। अपराधियों में से एक ने जुरा मुंडा के सीने में पहले पिस्टल सटाया। फिर उसके बट से उसी बाई आंख में मारी। दोनों काफी डर गए कि कही उन्हें वे गोली न मार दे। इसके बाद दोनों से उनकी बाइक अपने कब्जे में ले लिया। उन दोनों का मोबाइल भी छिन लिया। फिर सभी बाइक पर बैठ कर भाग निकले। रात में अंधेरा होने की वजह से दोनों किसी तरह से पैदल अपने घर पहुंचे। घटना की जानकारी दोनों ने अपने परिजनों और गांव वालों को दी। बताया कि उनके साथ डकैती की घटना हुई है। रात होने की वजह से तीन जून को वे लोग तुपुदाना ओपी नहीं पहुंच सके। चार जून को जाकर इस घटना की दोनों ने जानकारी दी। पुलिस ने छह अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध डकैती की प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामला की छानबीन की जा रही है। अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है।

## साइबर अपराधियों ने छात्रा को लीगल नोटिस देने की धमकी देकर 99 हजार ठगे

**रांची (आजाद सिपाही)।** साइबर अपराधियों ने एक 20 साल की छात्रा को लीगल नोटिस जारी करने की धमकी दे 99 हजार रुपये ठग लिये। ठगी की शिकार छात्रा तुलिका राय ने चुटिया थाना में ठगी व फर्जीवाड़ा की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार तुलिका कृष्णापुरी चुटिया में रहती है। उन्हें एक अज्ञात नंबर 919643397841 से कॉल आया। कॉल करने वाले ने तुलिका को कहा कि आपने अपना नौकरी कम पे पर प्रोफाइल बनाया है। तुलिका ने कहा कि हां बनाया है। इतने पर फोन करने वाला उसे धमकी देने लगा। उसने कहा कि उसकी प्रोफाइल की वजह से उनकी कंपनी को लीगल नोटिस जारी कर दिया गया है। इस वजह से उन्हें 48,456 रुपये का हर्जाना देना पड़ा है। उन लोगो ने तुलिका का धमकाया कि अगर वह पैसे नहीं देती है, तो उसके घर पुलिस को भेज दिया जायेगा। यह भी कहा कि तुम्हारा प्रोफाइल 7 वर्षों के लिए लॉक कर दिया जायेगा, तुम्हें कही नौकरी नहीं मिलेगी। साइबर अपराधियों ने तुलिका को यह भी धमकाया कि तुम्हारे घर पुलिस जायेगी और महंगे सामान लेकर चली जायेगी। तुम्हें काफी परेशानी झेलनी पड़ेगी। यह सुन तुलिका डर गयी। इसके बाद साइबर अपराधियों ने उसे अपना यूपीआइ नंबर दिया और कहा कि इस पर पैसे भेजे। तुलिका डर से पैसे भेजती चली गयी। उन लोगों ने तुलिका को कहा कि तुम्हारे पैसे बाद में वापस कर दिये जायेंगे। उसे बार बार पुलिस कंपलेन का डर दिया साइबर अपराधियों ने कुल 99 हजार रुपये ठग लिये। पैसे लेने के कुछ देर बाद उनका फोन आना बंद हो गया, तब तुलिका समझी की वह साइबर ठगी की शिकार हुई है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

# जैक बोर्ड ने जारी किया 9वीं का रिजल्ट, लड़कों ने बाजी मारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक ने नौवीं कक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है। 9वीं कक्षा में इस बार कुल 97.8 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। नौवीं के रिजल्ट में इस बार लड़कों ने बाजी मारी है।

इस बार कुल 97.90 प्रतिशत बच्चों ने परीक्षा पास की है, जबकि लड़कियों का पासिंग पर्सेंटेज 97.77 प्रतिशत रहा। जैक अध्यक्ष ने परिणाम जारी करते हुए कहा की सभी जिलों का परिणाम बेहतर रहा। सभी 24 जिलों का परिणाम 90 प्रतिशत से ऊपर रहा है।

### राजधानी रांची 8वें स्थान पर रही

राज्य की राजधानी रांची इस बार नौंवी के रिजल्ट में आठवें पायदान पर रहा। यहां का रिजल्ट 98.43 प्रतिशत रहा। यहां लड़कियां लड़कों से आगे रही हैं। लड़कियों का रिजल्ट 98.64 प्रतिशत रहा, जबकि लड़कों का 98.18 प्रतिशत रिजल्ट रहा है। गिरिडीह, चतरा और कोडरमा में लड़के अच्छे अंक से आगे रहे हैं।

### कोडरमा-हजारीबाग का बेहतर रिजल्ट रहा

नौंवी की परीक्षा में सबसे बेहतर रिजल्ट कोडरमा और हजारीबाग जिले का रहा है। कोडरमा का पासिंग पर्सेंटेज 99.45 और हजारीबाग का 99.06 प्रतिशत रहा है।

वहीं सबसे निचले पायदान में पश्चिमी सिंहभूम जिला रहा है, यहां का पासिंग पर्सेंटेज 94.42 प्रतिशत रहा है। दूसरी ओर देवघर, लोहरदगा और लातेहार का रिजल्ट 95 प्रतिशत रहा।

### फेल छात्रों मिलेगा एक और मौका

बता दें कि फेल हुए स्टूडेंट्स को बोर्ड की ओर से एक मौका और दिया जायेगा। बोर्ड की ओर से ऐसे सभी छात्र-छात्राओं के लिए विशेष परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। इससे पहले मैट्रिक और इंटर के अंक से असंतुष्ट छात्रों से पुन मूल्यांकन के लिए आवेदन लिया जा रहा है।

## एलपीजी गैस फायर सेफ्टी का दिया प्रशिक्षण

**रांची।** एचडीएफसी बैंक की मोहराबादी शाखा ने रतन हाइट्स में एलपीजी गैस फायर सेफ्टी ऑनसाइट प्रशिक्षण आयोजित किया। रतन हाइट्स के सभी निवासियों ने इस गतिविधि में भाग लिया। महिला निवासी ने गतिविधि को अधिक रोचक पाया और गतिविधि में अधिक से अधिक भाग लिया।

## साहू भवन में पारस हॉस्पिटल के सहयोग से लगाया गया स्वास्थ्य जांच शिविर



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** साहू समाज के तत्वावधान में मंगलवार को पारस हॉस्पीटल के सहयोग से शहर के गोला रोड स्थित साहू भवन में मंगलवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन डॉ महेश कुशवाहा और साहू समाज के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर के शुभारंभ के बाद कार्डियोलॉजिस्ट डॉ महेश कुशवाहा और डॉ रोहित कुमार ने 150 से ज्यादा मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। जांच के बाद उचित परामर्श के साथ ही मरीजों के बीच दवाइयों का भी वितरण किया गया। वहीं सभी मरीजों के इसीजी, बल्ड प्रेशर व शुगर की जांच भी की गयी। शिविर में ये थे उपस्थित शिविर को सफल बनाने में साहू समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार छोटू, राकेश गुप्ता मंटू, सुनील साह, दीपक साह, नीलेश गुप्ता, शंभू साह, प्रमोद साह, ललन साह, अनूप कुमार, धीरज साहू, अनिल गुप्ता, पशुपति साह, नरेश प्रसाद, पारस हॉस्पीटल के मार्केटिंग हेड कुमार यशवंत, अभिषेक रंजन, जयंती तिर्की सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आवास बोर्ड के अध्यक्ष बने संजय लाल पासवान

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजय लाल पासवान को झारखंड सरकार द्वारा आवास बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर पासवान कल्याण समिति भुरकुंडा सयाल कमेटी के लोगो ने हर्ष वयक्त किया है साथ ही बधाई देते हुए लोगो के बीच मिटाई भी बाटी गई। समिति के लोगो ने कहा कि संजय लाल पासवान के अध्यक्ष बनने से पासवान समाज में खुशी की लहर है।हर्ष वयक्त करने वालो में संरक्षक खजांची राम, बीरेंद्र पासवान, संतोष पासवान, अध्यक्ष उपेंद्र पासवान, सचिव इंद्रदेव पासवान, प्रभु पासवान, बिजेंद्र पासवान, सुरेंद्र पासवान, बटाई पासवान, प्रेम पासवान सहित समाज के कई लोग शामिल थे।

# भुरकुंडा की हाथीदाड़ी खदान में की गयी पिट मीटिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा कोलियरी के हाथीदाड़ी खदान में मंगलवार को एटक द्वारा पिट मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान झारखंड राज्य एटक सह यूनियन के केंद्रीय सचिव और जेसीएससी सदस्य नरेश मंडल ने बेहतर और सम्मानजनक वेतन समझौता कराने के लिए एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार को कोयला कामगारों की ओर से धन्यवाद देते हुए आभार जताया। पिट मीटिंग में नरेश मंडल ने कोयला मजदूरों को जेबीसीसीआई 11वां वेतन समझौता के बावत विस्तृत जानकारी दी। वहीं सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकास कुमार ने भुरकुंडा कोलियरी के भूमिगत खदान के भविष्य के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भुरकुंडा कोलियरी के भूमिगत खदान को चलाने के लिए हमारा संगठन पूरी तरह से प्रयासरत है। इसके लिए हमें आंदोलन भी करना पड़े तो हमसभी तैयार हैं।



पिट मीटिंग के अंत में रेल दुर्घटना में मारे गए लोगों और बरका-सयाल एरिया के सड़क दुर्घटना में मृत अधिकारी और कर्मचारी के निधन पर एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। पिट मीटिंग को शाखा सचिव लखेन्द्र राय सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। मौके पर केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य अनुज कुमार, सुनील सिह, अशोक राम, फारूक रजा, ठुप्पा भुइयां, सुरेन्द्र महतो, परदेशी, सरबिंद कुमार, नागेन कुमार, रंजन पासवान, चंद्रदेव कुमार, बुलेटेन

## डीसी ने झारखंड कृषि ऋण माफी योजना को लेकर की बैठक

# शेष लाभुकों का इकेवाइसी का कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड कृषि ऋण माफी योजना को लेकर मंगलवार को जिला समाहरणालय के सभागार में डीसी माधवी मिश्रा ने बैठक की। इस दौरान बैठक में डीसी ने परियोजना निदेशक आत्मा से झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत रामगढ़ जिले में अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली। साथ ही परियोजना निदेशक आत्मा के द्वारा डीसी और बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गयी। कि झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत रामगढ़ जिले में कुल 13079 लाभुकों का चयन किया गया है। जिनमें 8623 लाभुकों को योजना के माध्यम से लाभान्वित किया गया है। शेष लाभुकों को योजना के माध्यम से लाभान्वित करने के लिए कार्य किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में कुल 1146 लाभुकों का ईकेवाईसी किया जाना बाकी है। इस संबंध में डीसी ने परियोजना निदेशक आत्मा को तीव्र गति से कार्य करते हुए जल्द से जल्द शेष लाभुकों का ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण कर सभी लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया।



## उपायुक्त ने सुनी जन-समस्याएं

**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आये लोगों की समस्यायें सुनी। इस मौके पर उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता भी मौजूद थे। उपायुक्त ने जनता द्वारा दिये गये आवेदनों को संबंधित अधिकारियों के पास नियमानुसार त्वरित कारवाई हेतू भेज दिया। ग्राम नवडीहा से आये जनप्रतिनिधियों ने हरैया आहर में मिट्टी भर जाने के कारण तालाब का अस्तित्व खतरे में बताते हुए इसके जीर्णोद्धार की मांग की ताकि क्षेत्र की जनता के समक्ष जलसंकट की समस्या से निजात मिल सके। भौराज गांव निवासी ने उनके पिता की उग्रवादियों द्वारा निर्मम हत्या करने की बात बताया और अपने मृतक पिता के स्थान पर नौकरी देने की मांग किया। इसके अलावे आवास, भूमि, तथा आंगनबाडी से जुडी कई समस्याओं से अवगत कराया गया। ज्ञात हो कि प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार और शनिवार को साढे ग्यारह बजे से एक बजे तक उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से जनता की समस्या से अवगत होकर उसका निराकरण किया जाता है।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल,कोडरमा**

**शुद्धि–पत्र**

लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा अन्तर्गत प्रकाशित अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–DMFT/MID/KODERMA/ F2-03/2023-24 Date-05-06-2023 जिसका PR No. 299192 दिनांक 05.06.2023 में अंकित कार्य पूर्ण करने की अवधि (06) छः माह के स्थान पर (09) नौ माह पढ़ा जाय ।

शेष सभी शर्त्ते यथावत् रहेंगी ।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,कोडरमा

PR 299268 Minor Irrigation(23-24).D

## भक्सो गांव में ग्रामीणों से संवाद और रामपुर में बोले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

# विकसित गांवों से होगा सभी का विकास

- आपसी संघर्ष से बेहतर है सभी मिलजुल कर करें कार्य
- एसएचजी से जुड़कर बेहतर कार्य कर रही है लोहरदगा जिला की महिलाएं
- जलजीवन मिशन में लोहरदगा जिला का औसत से बेहतर

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मंगलवार को लोहरदगा जिला के सदर प्रखंड में ग्राम भक्सो में आयोजित ग्रामीणों के संवाद कार्यक्रम में झारखंड के महामहिम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि लोहरदगा जिला में बेहतर कार्य हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर बेहतर कर रही है और आय का सृजन कर रही हैं। जब गांव विकास होंगे तो निश्चित रूप से हम सभी का विकास होगा। हम सभी के पंथ व समुदाय है बेशक अलग है लेंकिन आपसी संघर्ष से बेहतर है कि सभी मिलजुल कर कार्य करें और गांव में खुशहाली लाएं। महामहिम ने कहा कि तमिलनाडु के त्रिसुर से आज लोहरदगा जिला में आने से अपार खुशी मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के रहन-सहन में काफी सुधार हुआ है। लोहरदगा जिला उन जिलों में अग्रणी है जहां लाभुकों उनका अधिकार समय से मिल रहा है। कार्यक्रम से पूर्व महामहिम को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक, गुमला-सह-प्रभारी पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, संबंधित पंचायत के मुखिया, प्रमुख, उपप्रमुख, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



**लोहरदगा जिला की स्थिति बेहतर :** लोहरदगा जिला में 32 हजार परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला हुआ है जिनमें से 92 प्रतिशत लोगों ने अपना आवास पूर्ण कर लिया है, जो काफी बेहतर उपलब्धि है। बाबा साहेब भीम राम अंबेडकर आवास योजना में भी अच्छी संख्या में लोगों को लाभ दिया गया है।

**योजनाओं की जानकारी रखें :** आप केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानरकारी अवश्य रखें और साथ-साथ दूसरों को भी इन योजनाओं की जानकारी दें ताकि सभी का कल्याण हो सके। राज्यपाल होने के नाते मैं हमेशा लोगों के कल्याण के लिए खड़ा हूं और जिला की बेहतरी के लिए प्रयासरत हूं।

**महिलाएं एसएचजी से जुड़ें, बच्चों को शिक्षित बनायें :** जो भी माताएं बहने हैं वे आय का एक साधन अवश्य अपनायें। इसके लिए अपने क्षेत्र की महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ें और आय में वृद्धि करें। शिक्षा के बगैर कोई भी भविष्य नहीं है, इसलिए जो भी अभिभावक हैं वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा अवश्य प्रदान करें। बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का लाभ उठाएं। महामहिम द्वारा कार्यक्रम के बाद भक्सो में एक आम का पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम के अंत में राज्यपाल ने उपस्थित ग्रामीण बच्चों के बीच जाकर टॉफियां बांटी। राज्यपाल हर एक बच्चे के पास गए और उन्हें टॉफी देकर अपना आशीर्वाद दिया।

**रामपुर आनेवाले वर्षों में बनेगा उत्कृष्ट गांव :** रामपुर पंचायत के रामपुर गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए महामहिम राज्यपाल ने कहा कि रामपुर गांव आनेवाले वर्षों में निश्चित रूप से उत्कृष्ट गांव बनेगा।

**किसानों को फायदा : डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण**

कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि मनरेगा अंतर्गत योजनाओं में यहां के किसानों को फायदा मिल रहा हैं। बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत 12 एकड़ में इस क्षेत्र में फलदार एवं इमारती पेड़ों का पौधरोपण किया गया है। तीन वर्ष बाद यहां के किसानों को फल प्राप्त होगा। मुनाफा में बढ़ोत्तरी हुई।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

**कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा**

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला को वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्योदश सं0– 04 रा0(वि0), दिनांक–08.05.2023 राज्य योजना अंतर्गत समेकित मत्स्य पालन योजना (मछली–सह–बत्तख पालन) के तहत लघु शीर्ष 796–जनजातीय क्षेत्र उपयोजना हेतु कुल 06 (अनुसूचित जनजाति कोटि हेतु 04 यूनिट एवं अन्य कोटि हेतु 02 यूनिट) एवं लघु शीर्ष 789– अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना हेतु कुल 01 यूनिट का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके आलोक में इच्छुक प्रशिक्षित मत्स्य पालकों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**आवश्यक अहर्ताएँ:–**

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | लक्ष्य 796 | | लक्ष्य 789 | अहर्ताएँ |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अनु0ज0 जा0 | अन्य | अनु0जा0 | |
| 1 | समेकित मत्स्य पालन योजना (मछली–सह–बत्तख पालन योजना) | 04 | 02 | 01 | 1. आवेदक मत्स्य पालन से जुड़ा हुआ हो। 2. आर0एफ0एफ0 में मत्स्य पालन करने वाले आर0एफ0एफ0 के सक्रिय लाभुक समूह। 3. आवेदक का अपना 01 एकड़ (एक एकड़) जलक्षेत्र अथवा उससे बड़े आकार का निजी तालाब हो अथवा वित्तीय वर्ष 2023–24 से तीन वर्षों के लिए लीज पर हो। निजी तालाब होने का अथवा जिससे लीज प्राप्त कर रहा होगा उसका निजी तालाब होने का प्रमाण संबंधित अचंल अधिकारी से सत्यापित कराते हुए समर्पित करेंगे। 4. जिला मुख्यालय से नजदीक के लाभुकों को प्राथमिकता दी जाएगी। 5. आर0एफ0एफ0 के पास के लाभुक समूह को सक्रिय स्थिति में होना चाहिए तथा बैंक खाता संचालित होना चाहिए। 6. बत्तख हाउस का निर्माण लाभुक द्वारा स्थानीय स्तर पर स्वयं बनाया जाएगा। 7. योजना की इकाई लागत दर मो0– 153350.00/–रू0 प्रति 0.4 हेक्टेयर जलक्षेत्र (01 एकड़ जलक्षेत्र का तालाब) होगी। 8. अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं महिला वर्ग के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदान 80 प्रतिशत् (अधिकतम मो0–122680/– रू0) होगा तथा शेष अंशदान लाभुक का होगा। 9. इसी प्रकार 0.2 हे0 मछली–सह–बत्तख पालन के लिए राज्य सरकार के अंशदान की राशि समानुपातिक रूप से होगी। 10. अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदान 70 प्रतिशत (अधिकतम मो0– 107345/– रू0) होगा, शेष सभी राशि लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा। |

**नोट** :– इच्छुक आवेदक जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा से आवेदन प्रपत्र निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन के साथ (फोटोग्राफ/अन्य साक्ष्य/प्रमाण पत्र) संलग्न कर आवेदन कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अतिंम तिथि 26.06.2023 को कार्यालय अवधि तक। जिला के वेबसाईट www.simdega.nic.in से भी आवेदन प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 299282 Fish(23-24).D

# बिहार में फिर धंस गया पुल

अभी ओड़िशा में हुई रेल दुर्घटना का मलवा भी पूरी तरह साफ नहीं हुआ था कि रविवार को बिहार के भागलपुर में गंगा नदी पर बन रहे एक पुल का एक हिस्सा धंसने की खबर आ गयी। हालांकि यह पुल अभी बन ही रहा था और इसलिए इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन बिहार में इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट के कामकाज की जो हालत है, उस पर यह एक कठोर टिप्पणी जरूर है। इस पुल पर काम 2014 में शुरू हुआ था और इसे 2019 तक ही पूरा हो जाना था। मगर, उसके बाद यह समयसीमा चार बार बढ़ायी जा चुकी है। खास बात यह कि इसी पुल का एक अन्य हिस्सा पिछले साल भी धंसा था। इस बार ज्यादा गंभीर पहलू यह है कि खुद सरकार भी इस घटना पर बंटी हुई दिख रही है। रविवार शाम को पुल धंसने की खबर आयी और जैसा कि ऐसी घटनाओं में होता है, पुल टूटने और गिरने के विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे। कुछ समय बाद एक न्यूज एजेंसी की ओर से यह खबर भी आयी कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना की जांच के आदेश दे दिये हैं। मगर उसके बाद उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि इस पुल के निर्माण कार्य में शुरू से गड़बड़ थी, इसके डिजाइन में समस्या थी। इस वजह से सरकार ने आइआइटी-रुड़की से संपर्क किया था और विशेषज्ञों की एक समिति इस मामले को देख रही थी। उनके मुताबिक इस पुल को नये सिरे से बनवाना है और पुल के एक हिस्से का गिराया जाना उसी योजना के तहत की गयी कार्वाई है। सवाल है कि अगर यह सब सोच-समझे ढंग से हुआ है, तो फिर मुख्यमंत्री ने जांच के आदेश क्यों दिये? जाहिर है, इस पूरे मामले में कुछ न कुछ गफलत है। या तो सरकार के अंदर आपसी संवाद और तालमेल की कमी है या फिर इस मामले की सूचना जारी करने की प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई है। जहां जो भी गड़बड़ हो, सबसे पहले तो सरकार को संवाद की प्रक्रिया दुरुस्त करने पर ध्यान देना होगा। ऐसे संवेदनशील मामलों में सरकारी कामकाज को लेकर इस तरह की तस्वीर सामने आना न सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि किसी इमर्जेंसी की स्थिति में घातक साबित हो सकता है। मगर पुल बनने का मामला भी सवालों के घेरे से बाहर नहीं हो जाता। प्रोजेक्ट पूरा होने में देरी तो एक मसला है ही, जैसा कि उपमुख्यमंत्री की बातों से लगता है। अगर विशेषज्ञों की समिति ने इस प्रॉजेक्ट में बुनियादी कमी बतायी है तो यह सवाल भी बनता है कि आखिर यह बात प्रोजेक्ट शुरू होने के नौ साल बाद क्यों सामने आ रही है। जाहिर है, पूरे मामले की ढंग से जांच करवा कर इसकी जिम्मेदारी तय करने और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई जल्द से जल्द करने की जरूरत है।

**आखिर यह बात प्रोजेक्ट शुरू होने के नौ साल बाद क्यों सामने आ रही है। जाहिर है, पूरे मामले की ढंग से जांच करवा कर इसकी जिम्मेदारी तय करने और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई जल्द से जल्द करने की जरूरत है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, राष्ट्रपति पद की दावेदार निक्की हैली और विवेक रामास्वामी जैसे भारतीय अमेरिकी तेजी से महत्वपूर्ण राजनीतिक भूमिका निभा रहे हैं। भारतीय मूल के ऋषि सुनक अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री हैं। कार्पोरेट जगत में सत्य नडेला (माइक्रोसॉफ्ट), सुंदर पिचाई (गूगल) और शांतनू नारायण (एडॉब) अब विशाल अमरीकी बहुराष्ट्रीय निगमों के प्रमुख हैं।**

# भारतीय नेता अमेरिका में प्रवासियों को क्यों लुभाते हैं

**कल्याणी शंकर**

भारतीय राजनेता अमेरिका और अन्य जगहों पर अप्रवासी भारतीयों को क्यों इतना लुभाते हैं? अप्रवासी भारतीय जोकि भारत में मतदान नहीं कर सकते, अपनी मातृभूमि में रुचि क्यों लेते हैं? ऐसा शायद इसलिए है, क्योंकि भारत की जीडीपी बढ़ती है और भारत की विदेश नीति में अप्रवासी भारतीयों की भूमिका भी बढ़ती है। कई विकसित देशों में 32 मिलियन मजबूत वैश्विक भारतीय आप्रवासी सबसे धनी अल्पसंख्यकों में से एक के रूप में उभरे हैं। प्रत्येक वर्ष 2.5 मिलियन भारतीय (उच्चतम वार्षिक संख्या) दूसरे देशों में प्रवास करते हैं। संचयी एनआरआइ जमा राशि फरवरी 2023 तक 136 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, राष्ट्रपति पद की दावेदार निक्की हैली और विवेक रामास्वामी जैसे भारतीय अमेरिकी तेजी से महत्वपूर्ण राजनीतिक भूमिका निभा रहे हैं। भारतीय मूल के ऋषि सुनक अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री हैं। कार्पोरेट जगत में सत्य नडेला (माइक्रोसॉफ्ट), सुंदर पिचाई (गूगल) और शांतनू नारायण (एडॉब) अब विशाल अमरीकी बहुराष्ट्रीय निगमों के प्रमुख हैं। अजय बंगा हाल ही में विश्व बैंक के अध्यक्ष बने हैं।

भाजपा ने अप्रवासी भारतीयों के महत्व को बहुत पहले ही समझ लिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आक्रामक तरीके से उन्हें रिझा चुके हैं। दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने नियमित अमेरिकी दूत के अलावा एक भारतीय को बड़े पैमाने पर राजदूत के रूप में नियुक्त किया। हालांकि उन्हें वापस ले लिया गया, क्योंकि अमेरिकी सरकार ने उन्हें मान्यता नहीं दी थी।

**मोदी ने 2014 में न्यूयार्क में अपनी मैडिसन स्क्वायर गार्डन बैठक और 2019 में ह्यूस्टन ने अपनी हाऊडी मोदी रैली के साथ पिछले 9 वर्षों से अप्रवासी भारतीयों को लुभाया है।**

दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस पार्टी ने अप्रवासी भारतीयों को गंभीरता से नहीं लिया। ऐसा इसलिए हो सकता है, क्योंकि आजादी के बाद से ग्रैंड ओल्ड पार्टी ने 59 साल तक देश पर शासन किया। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी को अपनी अंतरराष्ट्रीय छवि के लिए इस कवायद की जरूरत ही नहीं पड़ी। अप्रत्याशित रूप से राहुल गांधी 2017 के अपने सफल अमेरिकी दौरे के बाद से उन तक पहुंच बना रहे हैं। मार्च में उनकी यूके और इस सप्ताह अमेरिका की यात्रा उस छवि निर्माण प्रक्रिया का हिस्सा है।

सेम पित्रोदा के नेतृत्व वाली निष्क्रिय पड़ी ओवरसीज कांग्रेस सक्रिय हो गयी है। राहुल ने इस साल की शुरुआत में अपनी सफल भारत जोड़ो यात्रा के बाद अपनी छवि को और भी बेहतर बनाया है। इसके साथ ही कांग्रेस की झोली में कर्नाटक में हाल ही की भारी जीत भी शामिल थी। कांग्रेस ने महसूस किया कि 2024 के चुनावों से पूर्व अप्रवासी भारतीयों को गंभीरता से लेना चाहिए। मोदी की आधिकारिक यात्रा से 3 सप्ताह पहले राहुल गांधी ने अमेरिका का दौरा किया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन व्हाइट हाऊस में प्रधानमंत्री की मेजबानी करेंगे। शोमैन होने के नाते मोदी सुर्खियों में आ जायेंगे। अपने दूसरे कार्यकाल की समाप्ति से पहले यह उनकी अंतिम यात्रा होगी।

मोदी ने 2014 में न्यूयार्क में अपनी मैडिसन स्क्वायर गार्डन बैठक और 2019 में ह्यूस्टन ने अपनी हाऊडी मोदी रैली के साथ पिछले 9 वर्षों से अप्रवासी भारतीयों को लुभाया है। उन्होंने 3 अमेरिकी राष्ट्रपतियों ओबामा, ट्रंप और बाइडेन के साथ पहले नाम का आधार विकसित किया। राहुल ने विभिन्न बैठकों में छात्रों, शिक्षाविदों, कांग्रेसियों और बुद्धिजीवियों के साथ एक नई बातचीत शुरू करने की कोशिश की। आत्मविश्वास से लबरेज और खुशमिजाज दिखायी देने के साथ राहुल ने मोदी और उनकी सरकार का मजाक उड़ाया। राहुल ने अप्रवासी भारतीयों की प्रशंसा करते हुए कहा, तो अमेरिका में भारतीय ध्वज को फहराने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

कैलीफोर्निया, न्यूयार्क और वाशिंगटन में उनकी बैठकों का जोर रहा है। वहां पर उनमें एक छिपी हुई अंतर्धारा थी। उन्होंने कहा कि एक मिनट के लिए मुझे नहीं लगता कि भाजपा को हराया जा सकता है। वाशिंगटन में नेशनल प्रेस क्लब की बैठक में राहुल गांधी ने आने वाले चुनावों में अपनी पार्टी की मजबूत वापसी की उम्मीद जतायी। गांधी ने चीन और रूस के साथ भारत के संबंधों के बारे में बातचीत की।

राहुल ने मैनहट्टन में जैकब जेविट्स सेंटर में एक कार्यक्रम में कहा कि लोगों के लिए बुरा होना, अहंकारी होना,हिंसक होना, यह सब भारतीय मूल्य नहीं हैं। उन्होंने अमेरिका और स्वदेश में भारतीयों से लोकतंत्र और भारतीय संविधान के लिए खड़े होने का आह्वान किया। न्यूयार्क में दुनिया के सबसे व्यस्त और सबसे प्रसिद्ध चौराहों में से एक टाइम्स स्क्वायर बिल बोर्ड पर उनकी भारत जोड़ो यात्रा को प्रदर्शित किया गया। एक राजनेता, जो अब संसद सदस्य नहीं है, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस ने उनके कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त भीड़ जुटायी।

भाजपा विदेश में मोदी की राहुल गांधी द्वारा की गयी आलोचना से खिन्न है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर विदेशी धरती पर उनकी टिप्पणियों के आलोचक थे। इससे पहले भी यूके की अपनी मार्च यात्रा के दौरान कई भाजपा मंत्रियों ने राहुल गांधी से भारत पर कीचड़ उछालने के लिए माफी की मांग की। राहुल के अमेरिकी दौरे से कांग्रेस खुश है, लेकिन उन्हें मोदी को कोसने से ज्यादा कुछ करने की जरूरत है। उन्हें अपने व्यवहार और बोलचाल में कोई सुधार करने की जरूरत है, लेकिन राहुल को भारत के लिए अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए और भारतीय मतदाताओं के लिए रोजी-रोटी के मुद्दे के बारे में संबोधित करना चाहिए।



**मोदी ने 2014 में न्यूयार्क में अपनी मैडिसन स्क्वायर गार्डन बैठक और 2019 में ह्यूस्टन ने अपनी हाऊडी मोदी रैली के साथ पिछले 9 वर्षों से अप्रवासी भारतीयों को लुभाया है। उन्होंने 3 अमेरिकी राष्ट्रपतियों ओबामा, ट्रंप और बाइडेन के साथ पहले नाम का आधार विकसित किया।**

## जमशेदपुर की खबरें

# निकाले गये मजदूरों को वापस ले प्रबंधनः दुलाल भुइयां



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बीते दिनों मेसर्स टिमकेन इण्डिया प्रा.लिमिटेड कंपनी से लगभग डेढ़ सौ मजदूरों को हटाने के मामले में विरोध अब गरमाने लगा है। मंगलवार को मजदूरों के समर्थन में झारखंड मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां ने पहल शुरू कर दी। यूनियन के एक प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां के नेतृत्व मे मेसर्स टिमकेन इण्डिया प्रा.लिमिटेड कंपनी के प्रबंधक को मांग पत्र सौप कर बाहर निकाले गये ठेका मजदूरों को अविलम्ब रखने की मांग की। मौके पर श्री भुईयां ने कहा कि कंपनी प्रबंधन के द्वारा जीन ठेका मजदूर को काम से बाहर निकाला गया उसे अविलम्ब रखा जाये। उन्होंने कहा वैसे मजदूर जो बीते 10 वर्षो से नियमिती रूप से कार्यरत है उन्हें स्थाई किया जाये। जिन मजदूरों से कराये गए कार्य की मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया उसे अविलम्ब भुगतान किया जाये। मजदूरों से छीने गये गेट पास प्रबंधन अविलंब वापस करे। उन्होंने कहा प्रबंधन को 13 सूत्री मांग पत्र सौपा गया है। अगर प्रबंधन मजदूरों का हक और अधिकार को छीनना चाहती है या ससमय पहल नहीं करती है तो झारखंड मजदूर यूनियन आगे बाध्य होकर आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# जेबीवीएनएल के महाप्रबंधक से पूर्व विधायक ने बिजली के जर्जर हाइटेंशन तारों को बदलने की रखी मांग


# लोगों को अनावश्यक परेशान ना करें : कुणाल षाड़ंगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जिले में बिजली की चरमराई स्थिति को लेकर पूर्व विधायक सह भाजपा झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल सारंगी ने पूर्व सदस्य सुदीप्तो डे राणा के संग विभाग के महाप्रबंधक श्रवण कुमार से मुलाकात की। पूर्व जिला परिषद सदस्य सुदीप्तो डे राणा ने परसुडीह क्षेत्र के विद्यासागर पल्ली के लोगो को हो रही बिजली की परेशानी से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 200 केबीए के एक नये ट्रांसफार्मर की सख्त जरूरत है, जिससे स्थानीय लोगों को विद्युत आपूर्ति की परेशानियों से थोड़ी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने बताया कि बस्ती के ऊपर से हाई टेंशन तार में जाली नहीं होने से खतरे का कारण बना रहता हैं। उन्होंने महाप्रबंधक से जितनी जल्दी हो सके समस्या का समाधान के लिए आग्रह किया, ताकि बस्तीवासियों को परेशानियों से निजात मिल सके। वहीं पूर्व विधायक कुणाल सारंगी ने बहरागोड़ा समेत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति और बिजली के तारों की जर्जर स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा बहरागोड़ा मटिहाना पंचायत में काठुलिया गांव के माझी टोला में सालों से बिजली का तार लकड़ी के खंभों में टंगे हैं। आंधी तूफान में लकड़ी के खंभे टूट जाते हैं। चाकुलिया और बहरागोड़ा में बिना सूचना में शाम के बाद बिजली आती-जाती रहती है। गुड़ाबांधा के मुरकाटी पंचायत में अर्जुनबेड़ा गांव के राजू सोरेन के लगातार आवेदन करने के बावजूद भी आज तक बिजली का कनेक्शन नहीं मिला। इसके आलावे श्री षाड़ंगी ने क्षेत्र की कयी समस्याओं पर महाप्रबंधक का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने भीषण गर्मी के दौरान मानगो क्षेत्र में विद्युत मरम्मतीकरण के नाम पर नौ घंटे बिजली कटौती और विभाग के द्वारा पेड़ कटिंग के नाम पर लोड शेडिंग की अवधि को कम करने की मांग की। उन्होंने कहा विभाग लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान ना करें। मौके पर बिजली विभाग के अधीक्षक, अभियंता दीपक कुमार समेत जिले के सभी कार्यपालक अभियंता मौजूद रहे।



# वाहन जांच में ऑनलाइन भुगतान के लिए ट्रैफिक पुलिस के पास कोई साधन नहीं




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** एक तरफ राज्य सरकार ट्रैफिक पुलिस को हाईटेक बनाने का दावा करती है। दूसरी तरफ 5ऋ्र के दौर में जिले के ट्रैफिक पुलिस के पास ऑनलाइन फाइन वसूलने का कोई संसाधन नहीं। यह अपने आप में कई सवाल खड़े करते हैं। बीते दिनों सरायकेला ट्रैफिक पुलिस वाहन जांच के दौरान कार संख्या खल05उख - 5664 सवार ओमप्रकाश को फोन पर बात कर गाड़ी ड्राइव करते आदित्यपुर आकाशवाणी चौक पर पकड़ लिया। उन्हें 1000 का जुमार्ना लगाया गया। उनके पास नगद पैसे नहीं रहने पर उन्होंने यूपीआई के जरिए भुगतान करने की बात कही, जिस पर ट्रैफिक पुलिस के द्वारा एक मोबाईल नम्बर 7979823247 दिया गया। कहा आप उसमें पैसे डाल दीजिए। ओमप्रकाश ने उक्त नंबर पर जुमार्ने का एक हजार रुपए भुगतान कर दिया। लेकिन उक्त मोबाइल नंबर गम्हरिया के किसी रवि मंडल का निकला। जिसपर जुमार्ना भरने वाले ओमप्रकाश ने ट्रैफिक पुलिस से रवि मंडल के विषय में जानना चाहा। ट्रैफिक पुलिस की ओर से कहा गया हम लोग ऐसा ही करते हैं। आप वरीय पदाधिकारियों से बात कर सकते हैं। ओमप्रकाश ने बताया जब रवि मंडल से इस बाबत पूछा गया तो उसने कहा हमारे ही नंबर पर वसूली का पैसा आता है। शाम को साहब आते हैं और पैसे लेकर चले जाते हैं। अब सवाल है आखिर रवि मंडल के खाते में जुमार्ने की राशि क्यों ट्रांसफर कराई जाती है, जिस चालान पर जुमार्ना वसूली की जाती है उसमें ऑनलाइन भुगतान किस तरह से होता है यह एक सवाल है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से नाबालिग की मौत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला जिले के आदित्यपुर थाना अंतर्गत इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के निकट सड़क दुर्घटना में नाबालिक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जुगसलाई छपरहिया मोहल्ला निवासी रुपेश पांडे अपने 9 वर्षीय पुत्र पवन पांडे को लेकर हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल से जुगसलाई से आदित्यपुर थाना की ओर जा रहे थे। पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पिता-पुत्र को अपनी चपेट में ले ली। सड़क दुर्घटना में दोनों पिता-पुत्र घायल हो गए। जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से घयाल पिता पुत्र को ऑटो से टीएमएच लाया गया। जहां चिकित्सकों ने 9 वर्षीय पवन पांडे को मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# सीएम योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन समारोह में शामिल हुए सरयू राय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** योगी यूथ ब्रिगेड के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष समरेश सिंह के नेतृत्व मे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 51वां जन्मदिन बाराद्वारी वृद्धाश्रम मे मनाया गया। मौके पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, समाजसेवी शिव शंकर सिंह सहित अन्य शामिल रहे। अतिथियों के द्वारा वृद्धजनों के बीच केक काटकर नास्ता और फल का वितरण किया गया। इस अवसर पर पौधा रोपण कर उनके स्वास्थ्य जीवन और लंबे आयु के लिए कामना की गयी। इस अवसर पर विधायक सरयू रॉय और शिव शंकर सिंह ने योगी यूथ ब्रिगेड के द्वारा किये जा रहें कार्यों की सराहना की। उन्होंने हर संभव साथ रहने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान शहर में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विधायक सरयू रॉय और शिव शंकर सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष समरेश सिंह ने बताया यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदर्शो से प्रभावित होकर राष्ट्रवाद व अंत्योदय की सेवा हेतु बीते तीन वर्षो से योगी यूथ ब्रिगेड निरंतर कई सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम करती आ रहीं है। जिसे आने वाले दिनों मे और तेज किया जायेगा। योगी यूथ ब्रिगेड भारत में हिन्दू राष्ट्र घोषित किये जाने के मांग का पुरजोर समर्थन करते है। इसे जल्द से जल्द पूरा करने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जायेगा। इस अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह, टाटा बलुस्कोप यूनियन के महामंत्री संजय सिंह, टाटा कैपल यूनियन के उपाध्यक्ष कृष्णमोहन सिंह,राजेश सिंह, अमरेश सिंह, देवांशु शेखर,प्रशांत बाजपेयी, विवेक प्रसाद, श्रीकांत सिंह, अभिषेक सिंह,रौनक सिसोदिया, रंजन सिंह, विशाल सिंह, पुरषोत्तम सिंह, सहित अन्य उपस्थित रहे।



# बढ़ती गर्मी को देख आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में हुआ बदलाव



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** भीषण गर्मी को देखते हुए जिले के उपायुक्त अरवा राजकमल ने महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार द्वारा निर्गत किए गए पत्र के आलोक में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालन के समय में बदलाव किया है। मंगलवार को उपायुक्त अरवा राजकमल ने अत्यधिक गर्मी को देखते हुए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 17 जून तक अब निर्धारित दिनचर्या के स्थान पर प्रातः 6:30 से 9:30 तक करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया उक्त समय अवधि में आंगनबाड़ी केंद्रों पर 03 से 06 वर्ष तक की आयु के बच्चों का पूर्व की भांति संचालित होती रहेगी। उन्हें पूरक पोषाहार सहित आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रदत सेवाएं जैसे टीकाकरण औरअन्य सेवाएं उपलब्ध कराया जायेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मेराल में नाबालिग सहित चार गिरफ्तार



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने अलग अलग मामलों में एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नाबालिग किशोर को संप्रेक्षण गृह पलामू एवं अन्य तीन आरोपियों को गढ़वा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पहले मामले में थाना क्षेत्र के हासनदाग पंचायत भवन में लगे सोलर प्लेट की चोरी करने के दौरान एक किशोर को ग्रामीणों द्वारा पकड़ कर पुलिस को सौपा गया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया की मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना में संलिप्त नूरानी अंसारी पिता अमरूद्दीन अंसारी को उसके घर तीसटेटुका से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में नूरानी अंसारी ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में सोलर प्लेट की चोरी करने का प्रयास करने एवं गांव वालों द्वारा हल्ला करने पर भाग जाने की बात स्वीकार किया गया। स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को न्यायालय में भेज दिया गया। वहीं दूसरी घटना थाना क्षेत्र के लातदाग गांव में एक विवाहिता के आत्महत्या मामले में उसके पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि लातदाग गांव निवासी उमाशंकर पासवान पर पत्नी को प्रताड़ित व मारपीट करने के कारण उसकी पत्नी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक तेतरी देवी के भाई द्वारा मेराल थाने में करायी गयी प्राथमिकी के आधार पर पति उमाशंकर पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं एक अन्य मामले में दुलदुलवा गांव निवासी सदाकत अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। सदाकत अपने भाई पर जानलेवा हमला करने का आरोपी है।

### भीषण गर्मी में मवेशियों को पानी पीने के लिए मुखिया ने खुदवाया गड्ढा




**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय के खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो युवा प्रखंड सचिव पप्पू यादव ने भीषण गर्मी को देखते हुए अपने पंचायत क्षेत्र अंतर्गत अनेकों जगहों पर मवेशियों को पानी पीने के लिए अपनी निजी खर्च पर जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवा कर पुण्य का कार्य किया है। बताते चलें कि इस भीषण गर्मी के मौसम में मवेशियों को पानी पीने के लिए बहुत कष्ट हो रहा था। इस बात को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पप्पू यादव ने अपना खुद का जेसीबी मशीन भेज कर निजी खर्च से विभिन्न जगहों पर गड्ढा खोद कर पानी जमा करने की व्यवस्था बनाई जिससे गर्मियों में मवेशियों की जान बच सके। मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव के द्वारा किए गए इस कार्य की पंचायत की जनता ने सराहना की है।

### संगोष्ठी में पर्यावरण बचाने का दिया संदेश, थाना परिसर में लगाये 51 पौधे



**मेराल (आजाद सिपाही)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रखंड भर में कई कार्यक्रम का आयोजन कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। प्रखंड सभागार में बीडीओ प्रवेश कुमार साव की अध्यक्षता में किसान संगोष्ठी का आयोजन कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया, वही थाना परिसर में थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में 51 फलदार तथा इमारती पौधे लगाकर उसके महत्व को बताते हुए पौधा लगाने तथा उसका संरक्षण करने का संदेश दिया गया। पौधरोपण कार्यक्रम मेंविश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मेराल थाना परिसर में फलदार सहित 51 इमारती पौधा लगाया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुशवाहा, सुरजीत चौधरी, अजीत कुमार, संतोष कुमार सिंह, मुन्ना चौधरी, विकास दुबे सहित पुलिस बल के जवान एवं चौकीदार शामिल थे। वही किसान संगोष्ठी में मुख्य रूप से उप प्रमुख निजाम खान, बीस सूत्री अध्यक्ष शंभू प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो, बीटीएम अजय साहू, मुखिया रामसागर मेहता, किसान मिथलेश कुशवाहा अयोध्या बिंद, शिवनाथ कुशवाहा, ब्रह्मदेव राम, वीरेंद्र प्रसाद, गौतम कुमार, संभू चौधरी, चंदेश्वर राम, फुलवंती देवी, प्रखंड नाजिर सुनील कुमार, खादिम अंसारी शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन बीटीएम अजय साहू के द्वारा किया गया।

### पत्थर से कूच कर ग्रामीण की हत्या



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** मोरबे पंचायत के चिरकुटही टोला में घर से कुछ ही दूरी पर एक व्यक्ति की हत्या पत्थर से कूच कर कर दी गयी। व्यक्ति की पहचान चिरकुटही गांव निवासी स्वर्गीय वैद्यनाथ पाल के लगभग 55 वर्षीय पुत्र अशोक पाल के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि सोमवार की रात लगभग 10 बजे घर से यह कहते हुए अशोक निकले थे कि सड़क किनारे नए मकान बनाने को लेकर बालू गिरवाने वह जा रहे हैं। सुबह तक नहीं आने पर काफी खोजबीन किया गया।इसी दौरान परिजनों को सूचना मिली कि घर से कुछ ही दूरी पर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही शव को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसकी सूचना तत्काल थाना को दी गयी। सूचना पाते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो एएसआई चंद्रशेखर आजाद पूरे पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटे हुए हैं। थाना प्रभारी श्री महतो के द्वारा शव को घटनास्थल से पंचनामा करते हुए कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि चेहरा पत्थर से कुचला हुआ है तथा शरीर के अन्यअंगो में चोट लगा हुआ है,ऐसा लगता है कि उसे बुरी तरह से बेदर्दी से पिटाई की गई है इसके बाद चेहरा पत्थर से कुचलकर हत्या कर फेंका किया गया है। पोस्टमार्टम रीपोर्ट आने के बाद ही कुछ पता चल पाएगा, इधर मृतक अशोक पाल की पत्नी सरोज देवी ने बताई की 2 साल पहले से ही गांव के ही राम चंद्र पाल वासुदेव पाल एवं बिगन पाल से रास्ता को लेकर विवाद चल रहा था।

### जनता दरबार में उपायुक्त शेखर जमुआर ने सुनी समस्याएं

# निषपादन के लिए दिया अधिकारियों को निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने समाहरणालय के सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में आये फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गयी एवं उसके निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में भूमि विवाद, अवैध कब्जा, मानदेय भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े मामले समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त ने समस्या सुनी गयी एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

सर्वप्रथम मंझिआंव प्रखंड के ग्राम पुरहे निवासी ममता देवी पति रविंद्र यादव ने प्रधानमंत्री आवास के दूसरे किस के भुगतान संबंधित आवेदन दिया मामले में उपायुक्त ने जांच एवं किस्त की राशि के भुगतान हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी मंझिआंव को निर्देशित किया। गढ़वा प्रखंड के ग्राम कोरवाडीह निवासी अइशफाक अंसारी, पिता अलाउद्दीन अंसारी ने अपने जमीन की मापी हेतु सरकारी अमीन उपलब्ध कराने संबंधित आवेदन दिया, मामले में आवश्यक कार्रवाई हेतु अंचल अधिकारी गढ़वा को निर्देशित किया गया।

चिनिया प्रखंड कार्यालय में सतीश कुमार तिवारी 14वें वित्त अंतर्गत लेखा लिपिक-सह-कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्य कार्यरत थे, किसी कारणवश पिछले कुछ माह का इनका मानदेय भुगतान लंबित है, जिसे लेकर आज उन्होंने जनता दरबार में उपायुक्त को आवेदन दिया, मामले में जांच एवं मानदेय भुगतान हेतु जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

नगर उंटारी प्रखंड के ग्राम कोलझिकि के निवासियों द्वारा उनके क्षेत्र में लगा सरकारी चापाकल का उपयोग न कर पाने एवं चापाकल में लगा सारा सामग्री स्थानीय मुखिया द्वारा खोले जाने से संबंधित शिकायत किया गया, मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। इस प्रकार बारी बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। आमजनों से प्राप्त शिकायतों का समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारीयों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

# उपायुक्त ने आश्रित को सौंपा नियुक्ति पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्व० चन्द्रिका राम मृतक प्रधान सहायक, प्रखण्ड कार्यालय, भवनाथपुर के आश्रित पुत्र रोहन राज को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र दिया गया। समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त शेखर जमुआर ने मृतक प्रधान सहायक, प्रखंड कार्यालय, भवनाथपुर के आश्रित पुत्र रोहन राज को नियुक्ति पत्र सौंपा एवं उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें मेहनत, लगन एवं निष्ठापूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन करने हेतु शुभकामनाएं दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से स्थापना उप समाहर्ता अरुण उरांव उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सरकारी सेवक स्व० चन्द्रिका राम की मृत्यु 17 जनवरी 2019 को हो गयी थी। वह प्रधान सहायक के रूप प्रखंड कार्यालय, भवनाथपुर में पदस्थापित थे। मृत्यु के पश्चात उनके आश्रित पुत्र रोहन राज का प्रस्ताव विहित प्रपत्र में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, भवनाथपुर के कार्यालय से प्राप्त हुआ। जिसके पश्चात कागजातों की जाँच समिति द्वारा की गई और विभागीय परिपत्रों के आलोक में आवेदक का विहित प्रपत्र में प्राप्त आवेदन एवं कागजात सही पाए गए। इनकी शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट है। शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप रोहन राज को गढ़वा समाहरणालय संवर्ग के अंतर्गत निम्नवर्गीय लिपिक (वर्ग 03) के रिक्त पद पर नियुक्त किया गया।

# दो युवकों ने विषपान किया, एक की मौत, दूसरा अस्पताल में भर्ती

आजाद सिपाही संवादाता



**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को दो युवकों के द्वारा विषैले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। इसमें एक युवक की मृत्यु हो गयी, जबकि दूसरे युवक का इलाज जारी है। पहली घटना प्रखंड क्षेत्र के हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के श्रीनगर गांव निवासी सुरेश चौधरी का पुत्र पिंटू चौधरी उम्र 40 का मौत सोमवार को दस बजे दिन में अपने घर मे ही बिषैला पदार्थ खाने से हालत नाजुक होने परिजनों द्वारा रेफरल अस्पताल मझिआंव ले जाया गया, जहां स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु बाहर भेजा गया बाहर जाने के क्रम रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गयी। मामले की सूचना पर ओपी प्रभारी राम भरोस शर्मा ने शव घर पहुचने के बाद शव को कब्जे में लेकर मंगलवार के सुबह अंत्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। प्रथम द्दष्टया मामला पति पत्नी में आपसी बिवाद को लेकर होने का आया है। अंत्यपरीक्षण के बाद सोन नदी में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

दूसरी घटना कांडी प्रखंड के शिवपुर पंचायत से है। तेलिया निजामत गांव निवासी एक युवक ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। इसकी जानकारी होने पर उसके परिजनों ने इलाज के लिए गढ़वा ले जाकर उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत खतरे से बाहर बतायी है। कांडी प्रखंड क्षेत्र के शिवपुर पंचायत अंतर्गत तेलिया निजामत गांव निवासी नरेश चौधरी के पुत्र उपेंद्र चौधरी 25 वर्ष में कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसकी तबीयत बिगड़ने पर उपेंद्र की मां उर्मिला देवी उसे लेकर सदर अस्पताल गढ़वा पहुंची। इलाज के बाद अब उसकी हालत में सुधार शुरू हुआ है। बताया गया कि मां से विवाद होने पर उसने घर में रखा कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है।

### बंशीधर नगर अनुमंडलीय अस्पताल के स्टोर रूम में लगी आग

# दस्तावेज समेत लाखों का सामान जला

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधरनगर।** अनुमंडलीय अस्पताल के स्टोर रूम में आग लगने से दवा और दस्तावेज समेत लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। घटना मंगलवार की सुबह लगभग 7 की है। घटना की सूचना मिलने के बाद अस्पतालकर्मियों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। स्टोर रूम में रखी दवा और अन्य सामग्री जलकर खाक हो गयी। इसकी सूचना मिलने पर दमकल वाहन भी अस्पताल पहुंचा, लेकिन अस्पताल जाने के लिए रास्ता नहीं होने के कारण वहां नहीं पहुंच सका। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक सुबह में सफाईकर्मी राजमति अस्पताल की सफाई के दौरान स्टोर रूम से धुआं निकलता देख वहां जाकर देखा और ड्यूटी पर तैनात कैसर आलम को सूचना दी। कैसर आलम ने डीएस डॉ सुचित्रा को सूचित कर अस्पतालकर्मियों के आग बुझाने में जुट गये। फौरन डीएस भी अस्पताल पहुंच गयीं, उन्होंने स्टोर रूम में लगे आग को देख ताला तोड़ कर सामान को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। स्टोर रूम में रखी गयी दवा, फर्नीचर, पुराने दस्तावेज सहित अन्य सामान जल चुके थे। अस्पताल की बाउंड्री में स्थित आम को तोड़ने वाले बच्चों द्वारा आग लगाने की संभावना जतायी जा रही है। हालांकि गनीमत रही कि स्टोर रूम के बगल में कुपोषण उपचार केंद्र, दवा भंडार, प्रसव कक्ष, प्रसूति गृह सुरक्षित रहे।

इस संबंध में डीएस डॉ सुचित्रा कुमारी ने बताया कि सफाईकर्मी राजमति ने सफाई के दौरान देखा कि अस्पताल की बाउंड्री में पीछे कुछ बच्चों को आम तोड़ते देखा था। उन्होंने संभावना जतायी कि आम तोड़ने के क्रम में बच्चों ने ही आग लगा दी जिसके कारण स्टोर रूम जलकर राख हो गया। एक्सपायर दवाएं, पुराने दस्तावेज, पुराने फर्नीचर एवं लगभग 40-50 हजार रुपये का अन्य सामान जल गया है।

# समस्या के समाधान के लिए पोस्टर का विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में समस्या समाधान पेटी उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर के माध्यम से लोगों को ये संदेश दिया जा रहा है कि आपका अगर कोई भी जैसे जन्म प्रमाण पत्र,मृत्यु प्रमाण पत्र, सर्वजन पेंशन, राशन आपूर्ति में गड़बड़ी, जमीन नामांतरण, कृषि ऋण माफी, आयुष्मान कार्ड, छात्रवृत्ति योजना, आवास योजना, स्कूल, पुस्तकालय, आंगनवाड़ी केंद्र संबंधी समस्या,बिजली आपूर्ति समस्या, सड़क निर्माण, मुख्यमंत्री असाध्य बीमारी योजना, राशन कार्ड बनवाना सहित किसी भी तरह के जन समस्या के समाधान हेतु गढ़वा कांग्रेस कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं। उन्होंने कहा किसी भी कार्यालय के पदाधिकारी को दिए गए आवेदन का कॉपी व्हाट्स नम्बर 9939150786 पर भी भेज सकते हैं। इस मौके पर प्रदेश सचिव प्रभात कुमार दुबे,वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी, ज़िला उपाध्यक्ष राम करेश चौबे, ज़िला महासचिव त्रिपुरारी सिंह, ज़िला सचिव दिवाकर चौबे, आसिफ खान, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्रनाथ चौबे, रंका प्रखंड अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, अजहर एकबाल, गंगा कुमार उपस्थित थे।

### श्री रामानुजाचार्य सहस्त्राब्दी जयंती स्मृति महामहोत्सव की तैयारी पूरी

**बंशीधर नगर (गढ़वा)।** भारत के महान मनीषी ब्रह्मलीन संत पूज्य श्रीश्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामीमहाराज के शिष्य पूज्य पाद श्रीश्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी महाराज के संकल्पित चातुर्मास व्रत एवं पूज्य पाद स्वामी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होनेवाले श्री रामानुजाचार्य सहस्त्राब्दी जयंती स्मृति महामहोत्सव एवं श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गयी है। आगामी 12 जून से सुबह 7 से 8 तक मंगला आरती व संध्या बेला में 5 से 6 तक स्वामी जी के श्रीमुख से प्रवचन होगा। इसके लिए श्री जीयर स्वामी जी महाराज रविवार को यज्ञ स्थल पाल्हे-जतपुरा में पधार चुके हैं। इसकी जानकारी देते हुए यज्ञ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे व सचिव अनीश शुक्ला ने बताया कि आगामी 12 जून से सुबह मंगला आरती व शाम में स्वामी जी महाराज के श्री मुख से कथा वाचन किया जाएगा। इसमें प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भक्तों के शामिल होने का अनुमान है।

### 10 दिवसीय गाय पालन प्रशिक्षण शुरू

# देश में दूध का औसत उत्पादन काफी कम है : एसके पंडित

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार से दस दिवसीय गाय पालन सह वर्मी कंपोस्ट प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला पशुपालन पदाधिकारी सनत कुमार पंडित, अचला पंचायत के मुखिया मुखराम भारती,संस्था के फैकेल्टी मिथिलेश कुमार सिंह और पंकज कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी सनत कुमार पंडित ने कहा कि हमारे दूध उत्पादन के मामले में हम विश्व में सबसे ज्यादा है, परंतु यह उत्पादन सबसे ज्यादा जानवर होने के कारण है। दूध का औसत उत्पादन हमारे यहां कम है, हम सभी लोगों को मिलकर उत्पादन को बढ़ाने की जरूरत है और यह उत्पादन तभी बढ़ेगी जब हम सभी लोग गाय के रखरखाव और उसके प्रबंधन पर विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि जिले में दूध की उत्पादन बेहतर है, हमारे यहां से दस हजार लीटर दूध जमा कर प्रोसेसिंग के लिए लातेहार भेजा जाता है, फिर वहा से मेघा डेरी के नाम से बाजार में आता है। आप सभी लोग प्रशिक्षण का लाभ उठाएं और प्रशिक्षण के पश्चात गाय पालन कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। मुखिया मुखराम भारती ने कहा कि आप सभी लोग स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने आये हैं। प्रशिक्षण में के दौरान दी जाने वाली जानकारी को आप बेहतर तरीके से हासिल करें। संस्था के संकाय मिथिलेश कुमार सिंह ने कहां की संस्था की ओर से विभिन्न ट्रेडों में निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। पंकज कुमार वर्मा ने कहा की आप लोगो को दस दिनों तक गाय पालन से संबंधित ट्रेनिग दी जायेगी। इस मौके पर रुस्तम अली, अभिषेक तिवारी, सुरेंद्र रविदास आदि शामिल थे।

# संगठन की मजबूती, विकास-जागरूकता को लेकर झामुमो पंचायत कमेटी की बैठक

**मंत्री को बदनाम करने की षड्यंत्र में भाजपाई कामयाब नही होंगे : संजय सिंह छोटू**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत खपरो पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पंचायत कमेटी के सभी पदाधिकारियों, जुझारू कार्यकर्ताओं, पंचायत के सभी पांचों बूथ के बीएलओ एवं ग्रामीणों के साथ एक बैठक हुई। यह बैठक पंचायत भवन के सभागार में पंचायत अध्यक्ष रिजवान अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी के रूप में संजय सिंह छोटू जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस बैठक में संगठन की मजबूती के बारे में चर्चा किया गया। वहीं हेमंत सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गयी तथा झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा पूरे विधानसभा में किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस अवसर पर संजय सिंह छोटू ने कहा कि आज मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास की बयार नहीं बल्कि आंधी चल रही है और इस आंधी में सभी विपक्षी उड़ चुके हैं। पूरे विधानसभा सहित झारखंड में हो रहे विकास कार्यों से भाजपा के लोग बौखलाए हुए हैं और सरकार को बदनाम करने के लिए दिन रात षड्यंत्र रच रहे हैं। इस अवसर पर जनता की समस्याओं को भी सुना गया और समाधान कराने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर मोहम्मद रिजवान अंसारी अध्यक्ष पंचायत, सचिव रोज मोहम्मद अंसारी, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, सदर आसीन अंसारी , संजय राम रविदास, असगर अंसारी, रमजान अंसारी, अशफाक अंसारी, अजीत यादव, अली हसन अंसारी ,अबरार अंसारी, मदन राम युवा पंचायत अध्यक्ष, युवा पंचायत सचिव खुर्शीद हजाम सहित काफी संख्या में ग्रामीण जनता लोग उपस्थित थे।

### जिला कृषि विभाग व कृषि विज्ञान केंद्र ने किसानों को दी कृषि संबंधी जानकारी

# खेतों में समय से बीज डालें व उसका विशेष ध्यान रखें किसान : अमरेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के मुरहू प्रखंड के कोटना गांव में मंगलवार को जिला कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में किसानों को कृषि संबंधी जानकारियां दी गई। आत्मा के उप परियोजना निदेशक अमरेश कुमार और कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम कृषि वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने चार घंटे तक किसानों को खेती-बारी के नए तरीके और मोटे अनाज की खेती से संबधित जानकारियां दी। अमरेश कुमार ने किसानों को मानसून शुरू होने से पहले खरीफ फसलों की तैयारी से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने किसान ज्यादा मुनाफा कैसे कमा सकते हैं, इसके लिए कौन सी फसल की खेती की जाए, कम लागत पर



शिविर लगाकर किसानों को जागरूत करते जिला कृषि विभाग के सदस्य।

अधिक उपज कैसे हो इस संबंध जानकारी दी। उन्होंने धान की उन्नत खेती के बारे में बताया कि किसान को सबसे पहले अपने खेत के क्षेत्रफल की जानकारी होनी चाहिए। इससे खाद-बीज की मात्रा की सही जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि धान की खेती में बिचड़ा का विशेष ध्यान रखना होता हैं। धान का बिचड़ा तैयार करते समय धान के बीज का छिड़काव ठीक तरीके से करें। बिचड़ा को 15-20 दिन के अंदर ही खेत में कतार पूर्वक लगाये। उन्होंने बताया कि धान की रोपनी के समय डीएपी रासायनिक खाद का ही उपयोग करें। किसानों को धान की उन्नत किस्म के बीज लगाने को लगाने को कहा। इससे कम पानी में भी ज्यादा उपज होती हैं। मोटे आनाज मडुवा, गंगई, सांवा, मकई आदि विलुप्त होते जा रहें हैं। अमरेश ने मडुवा की खेती के विषय पर चर्चा करते हुए बताया कि आम तौर पर किसान मडुवा को पुरानी परंपरागत विधि से खेती करते आ रहें हैं। किसान मडुवा के उन्नत बीज नहीं लगाते हैं। मडुवा की खेती ससमय नहीं करते हैं। इसी कारण पैदावार में भारी कमी होती हैं। उन्होंने मडुवा के खेती के बारे बताया कि किसान मडुवा के बिचड़ा के नर्सरी धान की बिचड़ा के समान ही करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने उड़द की खेती समेत जैविक कम्पोस्ट खाद बनाने का विधि बताई। दूसरी ओर मौसम कृषि वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने किसानों को मौसम आधारित जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि खेती-बारी करते समय मौसम का भी विशेष महत्व होता हैं। इसके लिए किसानों को सही समय पर कब बारिश होगी इसके लिए मौसम विभाग मौसम की सटीक जानकारियां देता हैं। किसान जागरूक बनें, इससे फसल बर्बाद होने से रोका जा सकता हैं। उन्होंने बताया कि किसान मिट्टी की जांच अवश्य कराये। अच्छी मिट्टी से ही अच्छी फसल पैदा होने की संभवना हैं। मिट्टी पर रासायनिक खाद, कीटनाशक दवाई ज्यादा न डाले इससे मिट्टी दूषित हो जाता हैं। किसान जैविक खाद, कीटनाशक का ही इस्तेमाल करें।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रदीप ने दो मेडल जीत कर कोयलांचल का नाम रोशन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से पाकुड़ में संपन्न हुए 12वीं झारखंड स्टेट ओपेन सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में गणेश स्पोटिंग क्लब राय के एथलेटिक्स खिलाड़ी प्रदीप कुमार ने 1500 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान और 800 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर दो मेडल अपने नाम किया और खलारी-पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रदीप कुमार की इस उपलब्धि पर गणेश स्पोटिंग क्लब



के सचिव सह खेल शिक्षक गणेश कुमार महतो ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। इस संबंध में गणेश महतो ने बताया कि प्रदीप कुमार अब तक राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में कई मेडल जीतकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर चुका है। प्रदीप ने सबसे पहले गणेश स्पोटिंग क्लब राय से प्रशिक्षण प्राप्त करना शुरू किया। इसके बाद धीरे-धीरे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय पर खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होकर बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है। दूसरी ओर, प्रदीप के इस प्रदर्शन पर कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने उसे बधाई दी है।

## किसानों को किया जा रहा जागरूक

**कर्रा में बीज वितरण कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी शशि रंजन के निर्देश पर आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मिशन लाइफ के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान किसानों सहित अन्य लोगों को मिलेट्स, खरीफ फसल, सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और पर्यावरण संरक्षण व संबर्द्धन विषय पर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही खरीफ फसल के बीज वितरण किये जा रहे हैं। इसी क्रम



में कृषि विभाग खूंटी द्वारा मंगलवार को मुरहू प्रखंड के कोटना ग्राम में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान परियोजना निदेशक आत्मा खूंटी ने पर्यावरण संरक्षण व संबर्द्धन, पौधा रोपण, पानी की बचत, मोटे अनाज का उपयोग व खेती करने, ऊर्जा की बचत, टिकाऊ भोजन व्यवस्था प्रणाली की जानकारी दी।

## रैली में शामिल हुए एनके एरिया से बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के सदस्य




**खलारी (आजाद सिपाही)।** रांची में श्रम भवन के सामने सीटू के प्रदर्शन कार्यक्रम में एनके एरिया से भी बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सीटू झारखंड राज्य कमेटी के निर्णय के अनुसार मंगलवार को रांची में श्रम भवन के सामने 14 सूत्री मांगों को और केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ राज्य स्तरीय विशाल रैली प्रदर्शन का आयोजन किया गया था, जिसे सफल बनाने के लिए एनके एरिया से भी लोगों ने भाग लिया। मांगों में प्रमुख रूप से चार लेवर कोड को रद्द करने एवं ठेका मजदूर, अस्थायी आउटसोर्स व अनुबंधित कामगारों का नियमितीकरण, समान काम के लिए समान वेतन, मनरेगा के आवंटन में वृद्धि, परियोजना कर्मियों, प्रवासी मजदूर के लिए कानूनी-सामाजिक सुरक्षा, शहरी रोजगार गारंटी योजना, अस्थायी काम के ठेकाकरण पर रोक आदि शामिल हैं। इसमें बीसीकेयू के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस अरूप चटर्जी, जोनल अध्यक्ष रतिया गंझू, एनके एरिया अध्यक्ष इरफान खान, धनेसर तुरी, बसंत कुमार, अर्जुन सिंह, मनोज गोप, रुपेश, सुनील मुण्डा आदि शामिल हुए।

## बचरा में हुई मगध-संघमित्रा सलाहकार समिति की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल के मगध संघमित्रा सलाहकार समिति की जरूरी बैठक मंगलवार को बचरा के अरुणोदय रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ सहित कई अधिकारी और यूनियन प्रतिनिधि शामिल हुए। इस बैठक में राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव मोहम्मद जहूर और जीएम यूनिट सचिव प्रेमचंद शामिल होकर कोयला मजदूरों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाया, जिसमें कामगारों को एलएल देने, सभी कामगारों को इंसेंटिव देने, महाप्रबंधक कार्यालय बचरा से हटाकर चमातु में शिफ्ट करने, सभी कांटा घरों में पीने के पानी की व्यवस्था करने, शौचालय निर्माण कराने, सुरक्षा प्रहरी तैनात करने, महिला कामगारों के लिए मगध परियोजना में कॉमन रूम बनाने एवं हजारीबाग व रांची से ड्यूटी के लिए बस चलाने, हाउसिंग अलाउंस देने, माइंस में रेस्ट शेल्टर बनाने, सभी कामगारों को समय पर तौलिया, वाटर बोतल, टोपी, जूता, टोर्च देने सहित कई मांगों को प्रमुखता के साथ उठाया गया। इस पर प्रबंधन की ओर से सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान बैठक में कई यूनियन प्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।

## दुर्घटना होने से बाल-बाल बची धनबाद एलेपी एक्सप्रेस

**सिल्ली (आजाद सिपाही)। बोकारो-मुरी रेलखंड के कोटशिला झालदा के बैगेनकुधर पटक के समीप धनबाद एलपी ट्रेन नम्बर 13351 एक्सप्रेस दुर्घटना होने से बाल-बाल बच गयी। मुरी स्टेशन में चालक को फिट इंजन का लेटर मिलने के बाद ट्रेन 30 मिनट विलंब से अपने गणतव्य के लिए रवाना हुई। जानकारी के मुताबिक धनबाद-अलीपुजा एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय 2.10 बजे झालदा स्टेशन से पहुंच रही थी। कुछ ही दूरी पर बैगन कुदर फाटक के समीप रेलवे लाइन की साफ-सफाई का काम जेसीबी द्वारा की जा रही थी। ट्रेन आने की सूचना आते है, जेसीबी को रेलवे लाइन के किनारे कर दिया गया। पर तेज गति से आ रहे बुक ट्रेन जेसीबी की एक कोने से टकराते हुए पार हो गई। पर चालक की सुझबुझ बड़ा हादसा टल गया। चालक ने कुछ देर के लिए घटनास्थल पर ही ट्रेन को रोक दिया। उसके बाद किसी तरह चालक ने उक्त ट्रेन को मुरी स्टेशन ले आया। इसके बाद उन्होंने मुरी रेलवे के अधिकारियों से फिट इंजन पत्र के मांग के तभी गाड़ी आगे ले जाने की बात ही। आनन-फानन में रेल अधिकारियों द्वारा रेलवे कैरेज विभाग अधिकारियों बुलाया गया जिसने इंजन को पूरी तरह जांच के बाद फिट मेमो चालक को दिया गया। इससे ट्रेन 30 मिनट विलंब से मुरी से रवाना हुई।**

## सिंहपुर नर्सिंग होम में दो मरीजो की हुई ब्रेन व स्पाइन सर्जरी

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलना शुरू हो गया। अब निजी अस्पतालों में भी लाभार्थियों का इलाज हो रहा है। इस योजना के अंतर्गत एक लाभार्थी की मुरी स्थित सिंहपुर नर्सिंग होम में ब्रेन की सर्जरी की गई। डॉ रमनेश प्रसाद ने बताया कुसुमटिकरा निवासी पशुपति बेदिया के पुत्र दिनेश बेदिया घर के पास ही गिर जाने से कोमा में चले गए थे। उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण वे ऑपरेशन नहीं करा पा रहे थे। उनका आयुष्मान योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनने के बाद सिंहपुर नर्सिंग होम में भर्ती किया गया। न्यूरोसर्जन डॉ हेमंत ने बताया कि मरीज का ब्रेन में खून जमा हो गया था। जिसका सफल ऑपरेशन किया गया। इसके अलावा अजयगढ़ निवासी बीरेंद्र बेदिया का पेड़ से गिरने के वजह से पीट की हड्डी टूट गई थी। उनका भी प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत सफल स्पाइन सर्जरी हुई। सिंहपुर नर्सिंग होम संचालक डॉ रमेश प्रसाद ने बताया कि दोनों मरीज बिल्कुल स्वस्थ हैं।

## रांची में आयोजित प्रदर्शन में पिपरवार से भी शामिल हुए सीटू के कार्यकर्ता




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** श्रमिक संगठन एनसीओईएआइ सीटू की ओर से रांची स्थित झारखंड सरकार के श्रम मंत्रालय के समक्ष आहुत विशाल धरना एंव प्रदर्शन में सीसीएल पिपरवार क्षेत्र से दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए। सीटू के क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी व अजेश मुंडा के नेतृत्व में पिपरवार क्षेत्र से दर्जनों कार्यकर्ता बचरा चार नंबर चौक से नारेबाजी करते हुए एक साथ रांची के लिए रवाना हुए। क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी ने बतया कि केंद्र सरकार द्वारा श्रम कानून में परिवर्तन कर 44 श्रम कानून को समाप्त कर दिया है। 4 चार लेबर कोर्ट कानून पास कराना चाहती है, जिससे पूंजीपतियों को फायदा पहुंचा सके। यह लेबर कोर्ट काला कानून पूंजीपतियों के पक्ष में भारत सरकार बनाई है, जिसका संगठन कड़ा विरोध करती है। साथ ही ठेका मजदूरों को सामान्य वेतन का भुगतान करने, बेरोजगारों को रोजगार देने सहित 14 सूत्री मांग पत्र श्रम मंत्रालय को सौंपा गया। इसके अलावे ओडिशा के बालासोर में हुई रेल दुर्घटना पर सीटू राज्य कमेटी द्वारा प्रदर्शन के माध्यम से रेल मंत्री का इस्तीफा मांगा गया। इस मौके पर पिपरवार क्षेत्र से इस्लाम अंसारी, अजेश मुंडा, रुखसार आलम, समसुल होदा, इम्तियाज अंसारी, मोहन साव, गणेश कुमार, अशोक विश्वकर्मा, अर्जुन गंझु, सीता राम सहित कई लोग शामिल हुए।

## जी-20 जन भागीदारी पखवाड़ा के तहत चलाया गया स्वच्छता कार्यक्रम

**खूंटी (आजाद सिपाही)। जन शिक्षण संस्थान विकास भारती खूंटी द्वारा जी 20 जन भागीदारी पखवाड़े के तहत मंगलवार को खूंटी बिरसा कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कॉलेज परिसर की साफ सफाई की गई। साथ ही कॉलेज के विद्यार्थियों सहित अन्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर हाथों की सफाई के सात चरणों को प्रदर्शित कर उसकी महत्ता को बताया गया और जी 20 जन भागीदारी कार्यक्रम के माध्यम से पूरे भारत को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बिरसा कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या जर्मन कुल्लु किड़ो, कार्यक्रम पदाधिकारी सुब्रत सेन, प्रधान सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी कुमार शशि प्रकाश, प्रभावती कुमारी आदि उपस्थित थे।**

## विधि विवादित बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मंगलवार को रांची स्थित संप्रेषण गृह में विधि विवादित बच्चों के बीच एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डालसा अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश के निर्देश पर सचिव मनोरंजन कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में जिले के 53 बच्चों ने भाग लिया। शिविर में बच्चों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने के साथ ही भविष्य निर्माण के लिए कौशल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई और विधि विवादित किशोरों को अपराध रहित जीवन जीने एवं समाज के विकास में रचनात्मक भागीदारी निभाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर डीएलएसी राजीव कमल, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य सुजीत गोस्वामी, शमीम उद्दीन और पीएलवी चंदन कुमार उपस्थित थे।

## अर्पिता महिला मंडल ने गरीब लड़की की शादी में की मदद



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल अर्पिता महिला मंडल रांची के मार्गदर्शन में मयुरी महिला समिति एनके एरिया की ओर से मंगलवार को खलारी प्रखंड के विश्रामपुर गांव निवासी विश्वनाथ गंझू की बेटी दुर्गा की शादी में सहयोग किया। समिति के सदस्य उनके घर पहुंची और शादी में बर्तन, किचन सेट और दुल्हन का सेट देते हुए शादी की शुभकामनाएं दी। महिला समिति के सदस्यों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व दुर्गा की मां ने शादी में सहयोग करने का अनुरोध किया था। जिसके बाद मयुरी महिला समिति की अध्यक्ष इंदु कुमारी ने आर्थिक रूप से कमजोर इस परिवार की मदद करने का भरोसा दिलाया था। समिति द्वारा सहयोग मिलने पर परिवार काफी खुश दिखा। इस मौके पर मयूरी महिल समिति की मिठू बंदोपाध्याय, ललिता प्रसाद और खगेस्वरी साहू मौजूद थे।

## तमाड़ में कंटेर से फिर डीजल चोरी

**तमाड़/रडगांव (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र में आए दिन वाहन से तेल चोरी की घटनाएं बढ़ती ही जा र ही है। सोमवार की रात एनएच 33 रडगांव के मेवात होटल में खड़े एक कंटेनर से 130 लीटर डीजल चोरी कर ली गयी। जानकारी के अनुसार रात को चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। बतातें चलें कि चोरों से सभी हाईवे के होटल मालिक परेशान हैं। अक्सर होटल मालिकों को पैसा भरना पड़ता है।

## रथ यात्रा को लेकर बुंडू में बैठक

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** मौसी बाड़ी में रथ यात्रा को लेकर मंगलवार को बुंडू में बैठक हुई। इस दौरान एक कमेटी का गठन किया गया, जिसका अध्यक्ष शुभम कुमार उर्फ गोलू, सचिव अशोक महतो, कोषाध्यक्ष रतन प्रमाणिक, पूजा प्रभारी डब्ल्यू महतो और संरक्षक राजीव कुमार मेहता को बनाया गया है। इस अवसर पर लक्ष्मण महतो, राजकिशोर कुशवाहा, रोशन महतो, मदन महतो, रंजीत लहरी, शिव पंडित, आलोक दास, राजीव लोचन, महतो भुता सिंह और दीपक साहू आदि उपस्थित थे।

## चलती ट्रेलर में लगी आग, चालक ने गाड़ी से कूदकर बचायी जान



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** दशमफॉल थाना क्षेत्र के तैमारा घाटी में मंगलवार को एक चलती ट्रेलर में शॉट सर्किट से आग लग गयी। जिससे वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गया। अग्निशमन विभाग की मदद से आग पर काबू पाया जा सका । जानकारी के मुताबिक ट्रेलर चालक बाबूलाल कड़ी ने बताया कि वह राजस्थान के जोधपुर से चूना लादकर ओड़िशा के बड़ा जामदा जा रहा था। तैमारा घाटी पर अचानक शॉट सर्किट से गाड़ी में आग लग गई और वह धू-धू कर जलने लगी। किसी तरह उसने (चालक) ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचायी। इसके बाद पुलिस की मदद से दमकल को बुलाया गया। जिसने आग पर काबू पाया।

### कच्चाबारी के ऐतिहासिक पड़हा जतरा में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

# भावी पीढ़ियों के लिए सांस्कृतिक धरोहरों को बचाकर रखना जरूरी : मनोज कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कर्रा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कच्चाबारी पतराटोली में ऐतिहासिक पड़हा जतरा में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। पड़हा जतरा आयोजन हर वर्ष पांच जून को संयुक्त परधिया पड़हा जतरा समिति पतरा टोली की ओर से किया जाता है। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार मौजूद थे। उन्होंने कहा कि पड़हा जतरा हमारी संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारी आनेवाली पीढ़ियों के लिए हमें इन सांस्कृतिक धरोहरों को सेहज कर




रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समारोह में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुडा शामिल होनेवाले थे, पर अपरिहार्य कारणों से उन्हें अपना कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि मंत्री अर्जुन मुंडा की सोच है यह कि संस्कृति, शिक्षा व स्वस्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाकर कर ही विकास हो सका है। कार्यक्रम को एदेल पड़हा राजा सोमा मुंडा, भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद प्रसाद सोनी, तेम्बा उरांव, डमरू पहान, भीम सिंह मुंडा, मुखिया ज्योति मिंज, फ्रेंकलिन धान आ ने भी संबोधित किया। परधिया पड़हा जतरा में 12 गांवों की खोड़हा मंडलियों परंपरागत वेशभूषा, ढ़ोल नगाड़े के साथ शामिल हुए। जतरा मेला में बच्चों के लिए झूला सहित मनोरंजन के कई साधान और खिलौने होटल आदि का लुत्फ लोगों ने उठाया। सभी खोड़हा मंडलियों को पानी रखने वाला ड्रम देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सरना समाज के अगुवा भीमसेन मुंडा, पड़हा राजा उदय दादेल, एदेल संगा पड़हा राजा सोमा मुंडा, घुरन महतो, बसंत सिंह मुंडा, विष्णु प्रसाद सोनी, रामप्रताप देव, अंजय महतो, आदि उपस्थित थे।

## ट्रेन हादसे में जान गंवानेवालों को दी गयी श्रद्धांजलि



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में मंगलवार को शोक सभा आयोजित कर बालासोर हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वास्थ लाभ के लिए भगवान से कामना की गई। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत और समाजसेवी डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि यह हादसा कैसे हुआ, इसकी जांच आवश्यक है। सरकार को दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर इस तरह की दुर्घटना की पुनरावृत्ति को रोकना चाहिए।

### बीमार मां की जगह काम करने जा रही थी पीड़िता, शिकायत करने पर पीड़िता की नौकरी चले जाने के लिए डराने का दबाव

# बीएयू के फॉरेस्ट्री कैंपस में नाबालिग से दुष्कर्म, पेड़ से बांध कर आरोपित की पिटाई

**थाना में किसी भी पक्ष ने दर्ज नहीं कराई है शिकायत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वानिकी कॉलेज के बहरा डिप्पा में कैजुअल मजदूर के रूप में काम कर रही एक नाबालिग लड़की के साथ नाहेफ प्रोजेक्ट के तहत कार्य करने वाले एक अधिकारी द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना सोमवार की दोपहर तीन बजे की बतायी जा रही है। नाबालिका से दुष्कर्म के आरोपित अफसर नाहेफ प्रोजेक्ट के सबसे बड़े अफसर का नजदीकी बताया जाता है। दूसरी ओर, घटना की जानकारी मिलते ही कैजुअल मजदूरों ने मंगलवार को आरोपित अफसर को पेड़ से बांधकर उसकी जमकर पिटायी कर दी। हालांकि समाचार लिखे जाने तक घटना की शिकायत कांके थाना में दर्ज नहीं करायी गयी थी। ना ही पीड़िता ही कांके थाना में मामला दर्ज कराने पहुंची है। आरोप है कि पीड़िता को बुरी तरह से डराया धमकाया गया है। कहा गया है कि अगर उसने थाने में शिकायत दर्ज करायी तो उसकी नौकरी खतरे में पड़ सकती है। सूत्रों की मानें तो पीड़िता की मां बीमार है। वह अपनी बीमार मां की जगह ही मजदूरी करने फॉरेस्ट्री कॉलेज जाती है। विश्वसनिय सूत्रों का यह भी कहना है कि यह दुष्कर्म का आरोपित अफसर पिछले 10 दिनों से प्रतिदिन पीड़िता से छेड़खानी कर गलत काम करने के लिए उसे प्रेरित कर रहा था। जिसकी शिकायत पीड़िता ने बड़े अफसर से भी की थी। लेकिन उसकी किसी ने नहीं सुनी। इससे आरोपित का का मनोबल बढ़ता गया और इसने दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध को अंजाम दे दिया। खबह है कि दुष्कर्म के आरोपित अफसर के खिलाफ किसी तरह का मामला दर्ज नहीं हो इसे लेकर सभी कैजुअल मजदूरों और जानकारों को डराया धमकाया जा रहा है। कहा जा रहा कि किसी ने इस बात को इधर-उधर फैलाने की कोशिश की तो उसे परिणाम भुगतने होंगें। यही कारण है कि सभी लोग चुप्पी साधे हुए हैं। जानकारी मिली है कि पीड़िता विश्वविद्यालय कैंपस की ही निवासी है। सूत्रों ने बताया कि इस घटना को बीएयू के एक सिक्योरिटी अफसर ने मैनेज करा दिया है। इस घटना के बाद से वानिकी कॉलेज, महिला और पुरुष छात्रावास सभी जगह सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दी गई है। किसी भी अनजान चेहरे को वहां जाने से रोका जा रहा है। वहीं, इस संबंध में कथित बड़े अफसर के मोबाइल पर संपर्क करने की दर्जनों बार कोशिश की गई। लेकिन अफसर ने फोन नहीं उठाया। ना ही कोई जवाब दिया।


आरोपित अफसर को पेड़ से बांध कर की गयी पिटाई।



कॉलेज ऑफ फॉरेस्टरी की फाइल फोटो।

## पिस्का ओवरब्रिज के समीप अतिक्रमण को हटाया गया



नगड़ी प्रशासन की ओर से जेसीबी मशीन से पिस्का में हटाया जा रहा अतिक्रमण।

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्का नगड़ी।** नगड़ी अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला के नेतृत्व में मंगलवार को पिस्का ओवरब्रिज के समीप अतिक्रमण कर बनाए गए मकानों को तोड़ दिया गया। नगड़ी अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला ने कहा कि रांची-गुमला राजमार्ग-23 में स्थित पिस्का रेलवे लाइन पर बन रहे ओवरब्रिज के समीप अतिक्रमण का शीघ्र ही हटाया जाएगा। इन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने के लिए नगड़ी प्रशासन ने कमर कस ली है। इस क्षेत्र के लोगों से आग्रह है किया कि अगर आप को घरों और जमीन का मुआवजा मिला है तो आप अपने से चिह्नित स्थल से अतिक्रमण को हटा लें। अन्यथा प्रशासन बल पुर्वक हटाने को विवश होंगें। इस मौके पर नगड़ी अंचल निरीक्षक रूद्ध प्रसाद साहू, राजस्व कर्मी संदीप उरांव ,अमीन- मोजाहिद अलाम, नगड़ी पुलिस प्रशासन व अन्य शामिल हैं।

## नामकुम में रिटायर आर्मी जवान से मोबाइल-पर्स की हुई छिनताई

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के आर्मी हॉस्पिटल के समीप रिटायर आर्मी जवान (विश्वजीत प्रसाद) से मंगलवार सुबह मोबाइल और पर्स की छिनताई कर ली गयी। जानकारी के अनुसार विश्वजीत प्रसाद अपनी पत्नी के साथ नामकुम स्थित आर्मी अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो अपराधी पहुंचे और घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची नामकुम पुलिस ने आसपास की लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाला पर खबर लिखे जाने तक किसी की पहचान नहीं हो सकी थी।

## छह महीना बाद भी किसानों को नहीं मिली धान बिक्री की बकाया राशि, किसानों की बढ़ी चिंता

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** जैसे-जैसे बरसात का मौसम नजदीक आ रहा है, मुख्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। किसानों ने सरकारी पैक्स में करीब छह माह पूर्व धान की बिक्री की थी। लेकिन अब तक उन्हें बकाया पैसा नहीं मिला। किसान पैसा मिलने का इंतजार ही कर रहे हैं। उन्हें खेती के लिए खाद-बीज खरीदना है। यदि पैसा नहीं मिलेगा तो खेती कैसे करेंगे, यह सोच कर ही परेशान हैं। वहीं कुछ किसानों को कर्ज भी चुकाना है। लोग पैसे की मांग कर रहे हैं। उन्हें सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। किसानों से धान खरीद के समय सरकार ने किसानों को उपज की बिक्री के 72 घंटे के अंदर भुगतान का आश्वासन दिया था पर ऐसा हो नहीं पाया। छह महीना बीतने के बाद भी किसानों के खाते में पैसे नहीं आए हैं। इससे किसानों के कई जरूरी कार्य ठप हो चुके हैं। वे खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। सरकार का दावा खोखला साबित हो रहा है। पैसा नहीं आने से किसानों की अगली खेती के साथ कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसे लेकर किसानों में आक्रोश है। बता दें कि प्रखंड कार्यालय के धान अधिप्राप्ति केंद्र के गोदाम में आज भी धान पड़ा हुआ है। गोदाम से धान का उठाव नहीं होने के कारण धान सड़ने के कगार पर पहुंच चुका है।

### पैसा कम पर बिचौलिए नकद भुगतान तो कर देते हैं : नवदीप, शैलेंद्र व कुमुद




**वहीं, किसान नवदीप, शैलेंद्र व कुमुद ने बताया कि सरकार द्वारा किए गए वादे और अधिक कीमत मिलने के लालच में किसान फंस गए। बिचौलिए भले कम दाम देते हैं, लेकिन नकद भुगतान कर देते हैं। इससे काम हो जाता है। सरकार तो छह महीने में भी पैसा नहीं दे रही है। इससे क्या लाभ हुआ। प्रत्येक वर्ष किसान ठगे जा रहे है। धान बेचकर पछताना पड़ रहा है। यह स्थिति पिछले दो-तीन वर्षो से है। कुछ इसी तरह की प्रतिक्रिया अन्य किसानों में भी दी।**

## बाजार में कम हो रहा बीजू आम का दबदबा, घट रहा है उत्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** आज भले ही खूंटी, गुमला, लोहरदगा सहित लगभग पूरे झारखंड में मालदा, आम्रपाली, गुलाबखस, लंगड़ा सहित आम की लगभग तमाम वैरायटी मौजूद हैं, पर 10-12 साल पहले इस क्षेत्र के लोग आम के नाम पर सिर्फ बीजू आम को ही जानते थे। पूरे आम बाजार में बीजू आम का शेयर 70 फीसदी से अधिक हुआ करता था। पूरे क्षेत्रीय बाजार में आम का दबदबा हुआ करता था। यहां के बीजू आम का स्वाद बिहार, बंगाल, ओडिशा से लेकर नेपाल तक के लोग लेते थे। मालदा, लंगड़ा जैसे आम सिर्फ बड़े शहरों में मिलते थे। झारखंड खासकर गुमला, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा, पलामू सहित कई अन्य क्षेत्रों के ग्रामीणों के लिए बीजू आम आय का अतिरिक्त साधन भी है। आमतौर पर गांव के बीजू आम कें बगीचों में पूरे गांव वालों का अधिकार होता है। इसलिए पेड़ों पर फले आम का लाभ पूरे गांव के लोग उठाते हैं। अभी आम पकने लगे हैं और गांववाले बगीचों से आम चुनकर बाजार में बेचकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन पर्यावरण असंतुलन, आम पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण बीजू आम का उत्पादन घटता जा रहा है। बतातें चलें कि कोरोना काल के दौरान वाहनों का परिचालन नहीं होने, पर्यावरण संतुलन में सुधार के कारण बीजू आम का बंफर उत्पादन हुआ था। बेहतर पर्यावरण और समयानुकूल वर्षा के कारण 2019-20 में इस क्षेत्र में बीजू आम का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ था। सिर्फ खूंटी जिले में दस हजार टन से अधिक बीजू आम का उत्पादन हुआ था, लेकिन बाजार नहीं मिलने से पूरी फसल बर्बाद हो गयी थी।



### उत्पादन पर पड़ा पर्यावरण का असर : अमरेश कुमार

**झारखंड में बीजू आम के उत्पादन में कमी के संबंध में आत्मा के उप परियोजना निदेशक अमरेश कुमार कहते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में काफी फेरबदल हुआ है। इसके कारण अब बसंत ऋतु में सभी आम पेड़ों पर मंजर नहीं आ पाते। इसके अलावा अनावृष्टि, ओलावृष्टि और तेज हवा के कारण आम के मंजर और टिकोरे बर्बाद हो जाते हैं। इसके अलावा समय पर बारिश नहीं होने से मधुवा सहित कई तरह के रोगों का प्रकोप आम के मंजर बढ़ जाता है। अमरेश कुमार ने कहा कि एक बड़े बीजू आम के पेड़ पर आठ से दस क्विंटल फल का उत्पादन होता है, लेकिन पर्यावरण प्रदूषण के कारण अब उत्पादन घटकर लगभग तीन से चार क्विंटल हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि आम की प्रोसेसिंग की जाए, तो इससे ग्रामीणों को लाभ हो सकता है। कहा कि बीजू आम से अचार, अमचूर, अमावट आदि उत्पाद बनाये जा सकते हैं। इससे ग्रामीणों को आर्थिक लाभ तो होगा ही, आम बर्बाद भी नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि कई महिला स्वयं सहायता समूह इस दिशा में सकारात्मक पहल भी कर रहे हैं।**

## बेड़ो के टंगरा टोली गांव में ट्रांसफार्मर के सामान चोरी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के टंगरा टोली जहानाबाज गांव में चोरों ने बिजली के ट्रांसफार्मर से उसने सामान चोरी कर लिए हैं। जानकारी के अनुसार चोरों ने 16 केवीए के ट्रांसफार्मर को तोड़कर उसमें भीतर के कीमती सामानों की चोरी कर ली है। इससे दर्जनों घर इस भीषण गर्मी में भी अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। उधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मुखिया लक्ष्मी कोया और पूर्व मुखिया सुनील कच्छप गांव पहुंच कर जानकारी ली। साथ ही बेड़ो पुलिस को इसकी जानकारी दी है।

## आंधी-पानी के बाद बिजली ठप

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी ।** क्षेत्र में मंगलवार की शाम आंधी व पानी के बाद मौसम सुहाना हो गया, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। वहीं ओरमांझी गोला सड़क पर आंधी से कई पेड़ की डाली टूटकर गिर गयी। जिससे कुछ देर तक सड़क बाधित रहा। स्थानीय लोगों ने गिरे हुए पेड़ की डाली को सड़क से हटाया। इधर, जगह-जगह बिजली के तार टूट जाने से देर शाम तक बिजली सेवा बाधित रही। विभाग के लोग बिजली तार की मरम्मत करने में जुटे रहे।

## खूंटी नेशनल अस्पताल में चेहरे का सफल ऑपरेशन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी नेशनल हॉस्पिटल में मंगलवार को चेहरे का सफल ऑपरेशन किया गया। नेशनल हॉस्पिटल में मरीज अनुज कुल्लू, जिनके चेहरे की लगभग सभी हड्डियां सड़क दुर्घटना में टूट गई थी। उनके चहरे के मंडुला, नोज बोन, मस्तिक इत्यादि बुरी तरह टूट गये थे। छह घंटे के ऑपरेशन कर अनुज चेहरे को फिर से सुंदर बनाया गया। ऑपरेशन में हॉस्पिटल के प्लास्टिक सर्जन डॉ रोहित कुमार, डॉ अमित कुमार, डेंटल सर्जन डॉ राजू सिंह, डॉ रजनीश कुमार, डॉ संजय, डॉक्टर सुबोध और डॉ अलक के साथ हॉस्पिटल की पूरी टीम शामिल थी। अनुज और उसकें परिवार ने इसके लिए चिकित्सकों और अस्पताल के प्रति आभार व्यक्त किया।

## इनामी जेजेएमपी उग्रवादी गिरफ्तार



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा पुलिस ने 8 साल से फरार जेजे एमपी का एक लाख का इनामी उग्रवादी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस गिरफ्त में आए नक्सली के पहचान ललिन्द्र महतो उर्फ ललिन्द्र यादव उम्र 35 वर्ष पे0 स्व0 लखन महतो सा० सेमरडीह थाना किस्को जिला लोहरदगा के रूप में किया गया है। पुलिस को इसकी गुप्त सूचना मिली थी कि जे० जे० एम० पी० का पूर्व सदस्य जिसपर झारखंड सरकार द्वारा एक लाख का इनाम घोषित किया गया है जो करीब आठ वर्षो से फरार चल रहा है, लोहरदगा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बदला में छिपकर आ रहा है। जिसके आधार पर पु० नि० सह थाना प्रभारी लोहरदगा अनिल उराव के द्वारा छापेमारी टीम का गठन किया गया ।गठित टीम के साथ लोहरदगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बदला में बूटी डॉक्टर के घर के पास विधिवत घेराबंदी कर छापेमारी किया गया। छापेमारी के क्रम में उसे गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ जिले के किस्को थाना काण्ड संख्या 05/2009 दिनांक 06-09-2009 धारा 149/451/323/364/120 (बी) भा0द0वि0 और 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

इसके अलावा लातेहार जी0आर0 नंबर 294 ए/ 2006 बालूमाथ थाना 54/03, लातेहार एसटी- 173ए/2009 आदि मामले दर्ज है। छापेमारी दल में पु० नि० सह थाना प्रभारी लोहरदगा थाना अनिल उरांव, पु0अ0नि0 पोलिकॉर्प टोप्पो, थाना प्रभारी किस्को थाना, पु०अ०नि० टिनू साव, लोहरदगा थाना, पु०अ०नि० संतोष कुमार यादव, लोहरदगा थाना, पु0अ0नि0 कुलदीप कुमार राम लोहरदगा थाना, पु०अ०नि० शसांक प्रियदर्शी, विशेष शाखा, आ0/56 मुकोश कुमार सिंह, विशेष शाखा आदि शामिल थे।

## बीएसएफ ने दो बांग्लादेशी यात्रियों ने भारी मात्रा में हाथ घड़ियों की तस्करी करते दबोचा

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** दक्षिण बंगाल सीमांत अंतर्गत आईसीपी पेट्रापोल पर तैनात सामी सुरक्षा बल (बीएसएफ) 145वीं वाहिनी के सतर्क जवानों ने दो बांग्लादेशी यात्रियों को 435 हाथ घड़ियों के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया। जिन्हें यात्री, आईसीपी पेट्रापोल के रास्ते गैर कानूनी तरीके से बांग्लादेश से भारत में लाने की कोशिश कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए पैसेंजर टर्मिनल, पेट्रापोल में ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ जवानों ने दो संदिग्ध बांग्लादेशी यात्रियों और उनके साथ एक बच्चे को देखा। जवानों ने यात्रियों को रोका और और उनसे पूछताछ करके उनके सामान की तलाशी ली, तो उनके बैगों से 435 हाथ की घड़ी जब्त की गई। जब यात्रियों से घड़ियों के कागजातों के बारेमें पूछा गया तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए और न ही लीगल कागजात दिखा सके। इसके बाद बीएसएफ



जवानों ने यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान मो मिन्हाजुल इस्लाम और अनिका अख्तर के रूप में हुई है, जो बांग्लादेश के ढाका जिले के रहने वाले हैं। प्रारंभिक पूछताछ में यात्रियों ने खुलासा किया कि जब उन्होंने ढाका से कोलकाता की यात्रा शुरू कि तो ढाका, बांग्लादेश के रहने वाले सूफियान ने उनसे संपर्क किया। उसने उन्हें ये घड़ियां सौंपी और कहा की भारत में पहुंचकर ये घड़ियां कोलकाता में किसी अनजान व्यक्ति को सौंपनी हैं। इस काम के लिए उन्हें हर एक घड़ी पर 20 रुपए देने का लालच दिया गया। लेकिन बीएसएफ जवानों ने उन्हें आईसीपी पेट्रापोल पर पकड़ लिया। पकड़े गये यात्रियों को जब्त सामान के साथ कस्टम कार्यालय पेट्रापोल को सौंप दिया गया है।

### मनरेगा, आवास योजना, 15वें वित्त सहित अन्य योजनाओं की बीडीओ ने की समीक्षा

# योजनाओं का समय पर पूरा होना ही विकास का आधार है: डॉ प्रवीण कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड क्षेत्र के गांवों में संचालित विकास योजनाओं को समय पर पूर्ण किए बिना ना तो क्षेत्र का विकास संभव है, ना ही रोजगार सृजन के लक्ष्य की प्राप्ति होगी। योजनाओं का पूर्ण होना ही विकास की निशानी है। उक्त बातें प्रखंड में आयोजित बैठक के दौरान बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने कही। मंगलवार को बैठक में उन्होंने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, अंबेडकर आवास योजना, 15वें वित्त सहित अन्य विकास योजनाओं की समीक्षा की। वहीं, बैठक में अनुपस्थित रहने वाले रोजगार सेवक, कनीय अभियंता से स्पष्टीकरण भी मांगा। लगे हाथ निर्देश दिया कि मनरेगा के तहत निश्चित रूप से 5-5 योजनाओं का संचालन प्रत्येक गांव में सुनिश्चित किया जाए और इच्छुक मजदूरों को गांव में ही कार्य उपलब्ध कराया जाए। साथ ही सभी पंचायतों में 200 मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया। सक्रिय मजदूरों का आधार संख्या व मोबाइल नंबर निश्चित रूप से एंट्री करा लेने को कहा। साथ ही मनरेगा के मजदूरों का एबीपीएस के माध्यम से भुगतान कराना हर हाल में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जियो टैग पर विशेष फोकस करते हुए कहा कि सभी पंचायतों में चालू कार्यों एवं बंद हुए योजनाओं का जियो टैगिंग तीन दिनों के अंदर निश्चित रूप से पूर्ण कर लिया जाए। कहा कि आवास योजनाओं के लाभुको को मनरेगा से दी जाने वाली मजदूरी की राशि समय पर अदा करना मनरेगा कर्मियों का एक अहम दायित्व है। जिसमें लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 15वें वित्त से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कंपोस्ट पीट, नाडेप पिट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सहित अन्य योजनाओं को अति शीघ्र पूर्ण करना हैं। इस मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, फारुक नदीम, मुखिया सरिता एक्का, रमेश उरांव, संजय तिर्की सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनीय अभियंता, पंचायत सेवक, जनसेवक रोजगार सेवक, लेखापाल आदि उपस्थित थे।


बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार।

दुखद : शहरी पीएम आवास के लिए एक साल से युवक काट रहा था चक्कर

# विधायक से मिलने पहुंचे युवक की मौत आपस में भिड़े बसपा-राकांपा कार्यकर्ता

**विधायक कमलेश सिंह पर मृतक के परिजनों से मिले बगैर चले जाने का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता




आपस में झगड़ रहे बसपा और राकांपा कार्यकर्ताओं को समझा-बुझा कर शांत कराने की कोशिश करती पुलिस। रोती बिलखती मृतक युवक की पत्नी।

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हरिहरगंज ब्लॉक परिसर में मंगलवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह से मृतक के परिजनों के मिलने की बात को लेकर बसपा और राकांपा के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे हरिहरगंज पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने दोनों दलों को समझाया और मामले को शांत कराया। विदित हो की हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह का ब्लॉक सभागार में समीक्षा बैठक चल रही थी। इसी दौरान नगर पंचायत के सियारभुका निवासी रफीक अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र जसीम अंसारी अपनी पत्नी के साथ न्याय के लिए विधायक से गुहार लगाने के लिए पहुंचा था। काफी इंतजार के बाद वह सभागार से बाहर निकल गया। तभी कैंपस में ही अचानक हृदय गति रुकने से उसकी मौत हो गई। वहीं बसपा कार्यकर्ताओं के साथ कई ग्रामीणों ने विधायक पर आरोप लगाया है कि जसीम अंसारी की मौत ब्लॉक कैंपस में होती है और समीक्षा बैठक को छोड़कर मृतक को देखना भी वे जरूरी नहीं समझे। यह विधायक का कैसा विचार है। वहीं समीक्षा बैठक समाप्त होने के बावजूद विधायक के मृतक के परिजनों से नहीं मिलने पर ग्रामीणों में खासी नाराजगी है। दूसरी ओर, बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि, सुरजमल राम, सोशील रवि के अलावे अल्फुदिन अंसारी, जिलानी अंसारी, ओमप्रकाश कुमार, जैनुल अंसारी, मुबारक अंसारी, कहिम अंसारी, टुडे अंसारी, बबलू उर्फ महताब साहिल सहित कई ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही जांच कर मृतक को उचित न्याय नहीं मिलने पर प्रखंड कार्यालय और विधायक आवास पर धरना प्रदर्शन करने की भी बात कही है।

दूसरी ओर, मृतक की पत्नी जैनव खातुन ने बताया कि न्याय की गुहार के लिए विधायक से मिलने अपने पति के साथ गई थी, ताकि उसे न्याय मिल सके। वह पिछले एक साल से नगर कार्यालय का चक्कर काट रही है। उसने बताया कि आवास मिला था और पहली किस्त भी मिल गया है। बाद में अंचल अमिन जांच करने आये और कच्चे मकान की जगह पक्का मकान कर दिया, जिस कारण पैसा वापिस करने का नोटिस भेज दिया गया है। तभी से बार-बार कार्यालय का चक्कर काट रही है। उसने बताया कि पैसा वापिस करने और उस पर दबाव को लेकर पति काफी चिंतित थे। आज इसी का निवारण पाने के लिए विधायक के पास पहुंचे थे, जहां उनकी मौत हो गई।

# खदान संचालक से मांगी पांच लाख की रंगदारी, कार्य बंद कराने की दी धमकी

**मां स्टोन वर्क्स दमदमी के प्रोपराइटर ने थाने में दर्ज कराई शिकायत, लगाई सुरक्षा की गुहार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना के अधौरा गांव निवासी मां स्टोन वर्क्स दमदमी के प्रोपराइटर सुशील कुमार सिंह ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर रामजी मेहता पर पांच लाख रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। आवेदन में बताया है कि रामजी मेहता ने धमकी दी है कि रंगदारी नहीं देने पर मां स्टोन वर्क्स को बंद करा देंगे। आवेदन में कहा गया है कि खाता-53, प्लॉट 177 में उन्हें खनन पट्टा मिला है। जबरदस्ती खनन कार्य करने के दौरान रामजी मेहता पिता स्व- मुनेश्वर महतो ने पांच लाख रुपये रंगदारी के रूप में मांग किया था। खनन परिसर में पहुंच कर पूर्व में भी पैसे के लिए कई बार दबाव एवं धमकी दी है। रामजी मेहता का कहना है कि खनन कार्य करना है, तो पांच लाख रुपये देना ही होगा। उसने कई बार फोन से भी पैसे की मांग की है। पैसा नहीं देने पर सोमवार की दोपहर 11 बजे दमदमी ग्रामके रामजी मेहता, रामकेश्वर मेहता, संढा निवासी बबलू सिंह एवं 30 से 20 अज्ञात लोग उनके साथ आये एवं रंगदारी पूर्वक कार्य बंद करा दिया। धमकी, गाली गलौज करते हुए कहा कि अगर माइंस चालू कर दिया गया, तो अंजाम भुगतने को तैयार रहो। जिससे खनन कार्य करने वाले कर्मचारी एवं संचालक में भय व्याप्त है। भय की वजह से संचालक ने खनन कार्य बंद कर दिया है। उन्होंने हुसैनाबाद थाना प्रभारी से उचित कार्रवाई करने और सुरक्षा की गुहार लगायी है। वहीं, थाना प्रभारी ने आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पंचतत्व में विलीन हुए नाई समाज के मार्गदर्शक



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड के तेतराई पंचायत अंतर्गत सरौना के रहने वाले पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के निजी सचिव सह राष्ट्रीय नाई महासभा पलामू जिला के अध्यक्ष प्रो बच्चन ठाकुर के पिता शिवनंदन ठाकुर का सोमवार की रात 10 बजे निधन हो गया। मंगलवार की सुबह 8 बजे बेरू शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। बतातें चले कि शिवनंदन ठाकुर कुशल स्वभाव और सामाजिक व्यक्ति थे। उन्होंने 1980 के दशक से पांकी में नाई समाज को एक सूत्र में जोड़ने के लिए संघर्ष शुरू किया। 1980 से पांकी प्रखंड के नाई संघ के अध्यक्ष के पद पर थे। जिला उपाध्यक्ष अमलेश ठाकुर, प्रखण्ड अध्यक्ष विजय ठाकुर ने कहा कि उनका निधन नाई समाज के लिए बहुत बड़ी क्षति है। जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती है। उधर, दाह संस्कार में भाजपा पलामू जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, शायनंदन ओझा, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, माले नेता डॉ बीएन सिंह, पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, मुखिया जितेंद्र पांडे उर्फ राजेन्द्र पांडे, डंडार मुखिया प्रदुमन सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रखंड प्रतिनिधि मनोज सिन्हा, रंजय ठाकुर, शिव प्रसाद गुप्ता, अधिवक्ता लाला यादव, अनूप सोनी, अजित प्रसाद गुप्ता, इंजीनयर चंदेरशेखर ठाकुर समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए और मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# डीसी के निर्देश पर 73 बालूघाटों से शुरू होगा बालू का उठाव

**नियम के तहत ही होगा बालू का उठाव : डीएमओ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीसी आंजनेयुलु दोड्डे की ओर से जिले के कैटगरी-वन के 73 बालूघाटों से बालू उठाव को लेकर निर्देश जारी किया गया है। इसके बाद जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बालू उठाव को लेकर दिशा निर्देश की जानकारीदी। बताया कि जिले में 73 बालूघाट से बालू उठाव की अनुमति प्राप्त हुई है। सभी बालू घाटों पर निर्धारित नियम के तहत ही बालू उठाव होगा। डीएमओ ने बताया कि जिले में कुल 73 बालूघाट से कैटगरी वन बालू का उठाव किया जाएगा। इसे लेकर पंचायतस्तर पर आठ सदस्यी टीम गठित की गयी है, जो बालू उठाव का संचालन करेंगी। बालू उठाव के लिए बनायी गयी समिति की निगरानी प्रखंडस्तरीय की जाएगी। बालू घाटों से उठाये गए बालू का उपयोग निजी, गैर व्यवसायिक, सामुदायिक उद्देश्य एवं सरकार द्वारा प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं के लिए ही होगा। बालूघाटों से बालू का उठाव सिर्फ ट्रैक्टर से किया जाएगा। किसी भी कीमत पर मशीन का उपयोग नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बालू उठाव कर उसका भंडारण किसी अन्य स्थान पर नहीं किया जा सकता है। बालूघाटों से उठाये गए बालू का स्वामिस्व कर से मुक्त रहेगा एवं बालूघाटों में पहुंच पथ, प्रबंधन, पर्यवेक्षण इत्यादी के लिए सरकार द्वारा निर्धारित संधारण राशि ग्राम पंचायत, स्थानीय शासन की ओर से लिया जाएगा जो 100 रुपए प्रति 100 घनफुट होगा। बालू का उठाव किसी भी कीमत पर नदी में बने पुल-पुलिया के 2500 से 500 परिधि के समीप से नहीं किया जाएगा। मानसून काल में बालू उठाव वर्जित रहेगा। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि पंचायत स्तर समिति अपने कैटेगरी वन बालू घाट पर एक नामपट या सूचना पट लगवाएगी, जिसमें बालू घाट का नाम, अंचल, मौजा, खाता, प्लांट एवं रकवा समेत ग्राम पंचायत समिति के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों का नाम मोबाइल नंबर, अबतक कुल निष्कासित खनिजों का आयतन एवं पर्यवेक्षण पदाधिकारी का नाम एवं मोबाईल नंबर लिखवाना अनिवार्य होगा। बतातें चलें कि जिले के कैंटगरी वन 73 बालूघाटों से बालू उठाव का संचालन पंचायतस्तर पर मुखिया की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यी टीम करेंगी। समिति में मुखिया, उप मुखिया, पंचायत सचिव समेत पांच सदस्यी टीम शामिल है। नियम के तहत बालू का उठाव हो इसकी संपूर्ण जिम्मेवारी प्रखंडस्तरीय टीम पर रहेगी। जिसमें सीओ, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं अंचल निरीक्षक शामिल है।

**इन बालूघाटों से किया जायेगा बालू का उठाव**

मेदिनीनगर, बैयमटिया घाट, भुसरिया, कोयल, मेदिनीनगर, डुबलगंज घाट, औरंगा, बिदूआटोला घाट, कोयल मेदिनीनगर, छक्षिणवारा टोला और मोल्लवी घाट।

**छतरपुर प्रखंड :** टुकटुकाघाट, बटाने नदी, छतरपुर, चिरू, तेतरियाडीह, हेसला, चहलहटावा, बघमरा, सुखनडीहा नाला।

**हैदरनगर प्रखंड :** सजवान सलेमपुर, सोन, कबराखुर्द, सोन, नवडीहा पीपराही, लक्ष्मीपुर, सती नदी।

**पड़वा प्रखंड :** मुरमा घाट,सदाबाह नदी,पड़वा घाट सदाबाह नदी, गरेरियाडीह, दुगार्वती नदी, गारीखांस, दुर्गावती नदी, झरी घाट, सदाबाह नदी, छिछोरी घाट, सदाबाह, गोलहाना, जीजोरी नदी, पड़वा।

**पांकी प्रखंड :** तितलंगी,चाको नदी, गिधी, चाको, खेलहवा चाको नदी, बोरोडीरी,अमानत नदी, दवारिका घाट, अमानत, पांकी, बनाई नाला, कलोलवा नाला, सोवनस नाला, पीरी नदी।

**चैनपुर प्रखंड :** सदाबाहनाला, सतबहीनी नाला, सेमरा नाला, परासन नाला।

**पाटन प्रखंड :** बनका नाला, अखराही नाला, जगहंसी, अखराही नाला।

**सतबरवा प्रखंड :** कायली नदी, घुटआ, हरीबनवा नाला घुटूआ, अनधरबार नाला बकोरिया, सेमरगरहा नाला बकोरिया,बड़का नाला रेवाराटू, गरहानाला घुटूआ,नारायण नाला घुटूआ।

# टीएसपीसी नक्सली गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर टीएसपीसी नक्सली संगठन के सक्रिय सदस्य मंटू जी उर्फ तारकेश्वर कुमार उर्फ छेदी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि नक्सली मंटू बाहर भागने की फिराक में जपला मोड़ के पास बस का इंतजार कर रहा है। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। नक्सली मंटू के ऊपर आर्म्स एक्ट के तहत छतरपुर और नौडीहा बाजार थाना में मामला दर्ज है।

# बेकाबू गर्मी और जल संकट को दूर करने के लिए किसानों को लगाना होगा पौधा: कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के केरकी कला के वनों में विश्व पर्यावरण दिवस के 51वां वर्ष और वन राखी मूवमेंट के 47 वां स्थापना दिवस पर प्रकृति, पर्यावरण और प्राण बचाने के लिए वनों में प्रभात फेरी निकाली गयी। जिसमें आसपास के करीब 10 गांव के हजारों पर्यावरण प्रेमी शामिल हुए। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पक्षियों के भोजन के लिए पीपल और मधुमक्खियों के भोजन के लिए करंज का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। पर्यावरणविद कौशल ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई, जिसमें तीन साल का बच्चा भी शामिल था। कहा कि बेकाबू गर्मी और जल संकट से निजात पाने के लिए किसानों को वृक्ष खेती करने की जरूरत है। क्योंकि वृक्ष खेती को अकाल सुखाड़ का भय नहीं है। वृक्ष की खेती किसानों के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट की तरह है। इतना ही नहीं इससे जल संकट और ऑक्सीजन संकट भी उतपन्न नहीं होगी। कहा कि जहां-जहां जंगलों की बेतहासा कटाई हुई हैं वहां विनाश ही हुआ है। वन राखी मूवमेंट के अगुआ कौशल किशोर ने वन बचाने वाले सभी पर्यावरण प्रेमी महिलाओं के बीच इस वर्ष मच्छरदानी व मिठाइयां और 500 फलदार पौधा देकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य वक्ताओं में मुखिया भोला सिंह, उप मुखिया अफजाल अंसारी, छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद प्रतिनिधि सुभाष गुप्ता, डाली पंचायत मुखिया प्रतिनिधि, सुचित कुमार जायसवाल, बनारसी देवी बलराम सिंह ने वन राखी मूवमेंट से होने वाले वनों की सुरक्षा और पर्यावरण की सुरक्षा पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये और पर्यावरण धर्मगुरु से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष नागेश्वर सिंह और संचालन शिवनाथ सुरीला ने किया। मौके पर अशरस सिंह, सुमित जायसवाल, मनोज गुप्ता, श्याम बिहारी सिंह, उपेंद्र सिंह, बिरजू सिंह, लक्ष्मण भुइंया, बंदई भुईयां, मालदेव चंद्रवंशी, सत्या सिंह, पन्ना देवी, गीता देवी और लीलावती देवी आदि उपस्थित थी।

## जपला के एके सिंह कॉलेज में जलवायु परिवर्तन पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत एके सिंह कॉलेज में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के मार्गदर्शन में भूगोल विभाग और प्राणी विज्ञान विभाग की सहभागिता से पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन पर स्लोगन लेखन और विचार गोष्ठी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रो राजेश कुमार सिंह, प्रो जयशंकर प्रसाद सिंह, प्रो मुकेश कुमार, प्रो राहुल कुमार सिंह और डॉ आलोक रंजन कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। स्लोगन लेखन में सुप्रिया कुमारी, रिंकी कुमारी, दिव्या कुमारी, किरण कुमारी और नैंसी कुमारी ने अपनी प्रस्तुति दी। नोडल पदाधिकारी प्रो राजेश कुमार सिंह ने कहा कि अनियमित जलवायु परिवर्तन से काफी नुकसान हो रहा है।

**स्पोर्ट्स**



इंग्लैंड के ओवल मैदान में बुधवार से भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप खेला जाना है। फाइनल जीतने वाली टीम आइसीसी के सभी टूर्नामेंट की ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम भी बन जाएगी

चार ऑस्ट्रेलियाई बैटर का स्कोर 1000 प्लस, अश्विन-जडेजा ने सबसे ज्यादा 47 कंगारू बल्लेबाज आउट किये

# इंडिया-ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल आज से

**डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले रोहित शर्मा चोटिल**

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल से ठीक एक दिन पहले यानी मंगलवार को टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा को चोट लगने की खबर है। जानकारी के मुताबिक, नेट प्रैक्टिस करते वक्त रोहित को बाएं अंगूठे में चोट लगी। इसके बाद वे प्रैक्टिस के लिए नहीं गए। हालांकि चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। मैच से पहले रोहित शर्मा ने कहा कि मैं गेम और चैंपियनशिप जीतना चाहता हूं। आप इसीलिए खेलते हैं।

एजेंसी

**लंदन।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बुधवार से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल खेला जाना है। लंदन के ओवल मैदान पर होने वाले फाइनल को जीतने वाली टीम आइसीसी के सभी टूर्नामेंट की ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम भी बन जाएगी। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2019 से शुरू हुई थी। जिसका पहला फाइनल 2021 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच इंग्लैंड में खेला गया। तब खिताब न्यूजीलैंड ने जीता था। 2021 से शुरू हुई दूसरी चैंपियनशिप में भारत और ऑस्ट्रेलिया टेबल की टॉप दो टीमें बनी हैं। इसलिए दूसरा फाइनल इनके बीच खेला जा रहा है।

**तेज गेंदबाजी के आगे फंसते हैं इंडियन बल्लेबाज**

भारतीय बल्लेबाजी की कमजोरी तेज गेंदबाजी है। भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट तेज गेंदबाजों ने चटकाए हैं, हालांकि भारत के खिलाफ टॉप विकेट टेकर ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लायन हैं। लायन के बाद भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट 4 पेसर्स ने लिए, इनमें साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के 2-2 बॉलर्स हैं। जबकि टीम इंडिया में 5 पेसर्स हैं, जिनमें से 4 का खेलना तय माना जा रहा है। इनमें मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, शार्दूल ठाकुर और उमेश यादव चारों को ही इंग्लैंड में खेलने का एक्सपीरियंस है। इन्हीं बॉलर्स की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पिछली सीरीज में 2 टेस्ट मैच जीते थे।

**बल्लेबाजी में ऑस्ट्रेलिया और इंडिया के खिलाड़ियों की स्थिति**

1. **चार कंगारू बल्लेबाजों ने 1000 प्लस रन बनाए, भारत में ऐसा कोई नहीं**
- बैटिंग में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत से मजबूत नजर आ रही है। इस सीजन में कंगारू टीम के 4 बैटर्स ने 1000 से ज्यादा रन बनाए है, जबकि भारतीय खेमे का कोई भी बल्लेबाज 1000 रन के आंकड़े को पार नहीं कर सका।

2. **टॉप स्कोरर्स में 2 ऑस्ट्रेलियाई, इंडिया का कोई नहीं**
- सीजन के टॉप-5 रन स्कोरर में भी 2 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के नाम हैं। इसमें उस्मान ख्वाजा (1608 रन) और मार्नस लाबुशेन (1509 रन) शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम के ओपनर उस्मान ख्वाजा हर पांचवीं पारी में सेंचुरी और चौथी पारी में हाफ सेंचुरी जमा रहे हैं।

3. **पुजारा टॉप स्कोरर, हर 5वीं पारी में फिफ्टी जमाते हैं**
भारत की ओर से टॉप स्कोरर चेतेश्वर पुजारा हैं, लेकिन इस चैंपियन के टॉप बैटर्स की लिस्ट में वो 19वें नंबर पर हैं। पुजारा ने 30 पारियों में एक सेंचुरी जमाई है। वे हर 5वीं पारी में फिफ्टी बना देते हैं।

4. **भारत के खिलाफ टॉप-5 स्कोरर्स में 2 ऑस्ट्रेलियाई**
डब्ल्यूटीसी के इस सीजन में भारत के खिलाफ इंग्लैंड के जो रूट (737 रन) ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। टॉप-5 की इस सूची में उस्मान ख्वाजा (333 रन) तीसरे और मार्नस लाबुशेन (244 रन) पांचवें नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा ने भारत के खिलाफ हर दूसरे मैच में फिफ्टी भी लगाई है। कंगारुओं के खिलाफ टॉप-5 बैटर्स की सूची में चार पाकिस्तानी बैटर्स के नाम हैं। अब्दुल्ला शफीक टॉप पर हैं। उन्होंने 397 रन बनाए हैं।

5. **ओवल पर ऑस्ट्रेलिया के स्टीव का मौजूदा फॉर्म बेहतरीन, स्पिनर्स कंगारुओं की कमजोरी**
ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ओवल पर अब तक खेले 3 मैचों में 97.75 के बेहतरीन औसत से 391 रन बना चुके हैं। वे मार्नस लाबुशेन के साथ पिछले दिनों इंग्लैंड में ही काउंटी क्रिकेट भी खेल रहे थे। जिसका टीम को फायदा मिलेगा। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की कमजोरी स्पिन है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले टॉप 5 गेंदबाजों में अश्विन (25 विकेट) पहले, रवींद्र जडेजा (22 विकेट) दूसरे और श्रीलंकाई स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या (12 विकेट) 5वें नंबर पर हैं।

## जैक 8वीं बोर्ड परीक्षा में हुसैनाबाद मध्य विद्यालय का परिणाम शतप्रतिशत



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जैक की 8वीं बोर्ड परीक्षा में हुसैनाबाद मध्य विद्यालय का परिणाम शतप्रतिशत रहा। इस विद्यालय के 132 विद्यार्थियों में से 130 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी 'ए' ग्रेड प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि इस विद्यालय में पठन-पाठन के अलावे प्रति सप्ताह शनिवार को विषयगत साप्ताहिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाती है और शिक्षा दीक्षा में रुचि लेनेवाले शहर के प्रबुद्ध नागरिकों को आमंत्रित कर मुख्य अतिथि बनाया जाता है। बीते वर्ष इसी विद्यालय से मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना के तहत 15 छात्रों का चयन हुआ था, जो गौरव की बात है। इस वर्ष सफल होनेवाले विद्यार्थियों को प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद, राजेश कुमार गुप्ता, मो जुबैर अंसारी, सुषमा पांडेय, पुष्पा कुमारी, आशा कुमारी, पूनम कुमारी, राजेश कुमार सिन्हा, रश्मि प्रकाश ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# रंगदारी के लिए व्यवसायी को मारी गोली

## एक महीने पूर्व प्रिंस खान के नाम पर शूटर मेजर ने मांगी थी 35 लाख की रंगदारी

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** धनबाद पुलिस के लाख कोशिशों के बावजूद जिले में न तो अपराध पर अंकुश लग पा रहा है और न ही अपराधियों पर। पिछले दिनों धनबाद पुलिस में अंतरराज्यीय शूटरों सहित कई अपराधियों को गिरफ्तार किया था, तो लगा कि शायद अब धनबाद में अपराध का ग्राफ गिर जायेगा परन्तु इसके बाद भी जिले में चोरी से लेकर गोली चलने तक घटना जारी है। ताजा मामला सोमवार की रात का है बरटांड़-बरवाअड्डा मुख्य मार्ग पर धैया रामायण निवास और हवेली अपार्टमेंट के बीच मोटर पाट्र्स व्यवसायी संजीव आनंद ठाकुर को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी और फरार हो गये। इसके कुछ देर बाद प्रिंस खान के शूटर मेजर के नाम से एक पत्र सोसल मीडिया पर वायरल होने लगा। जिसमें दावा किया गया कि प्रिंस खान को रंगदारी न देने की वजह से यह घटना घटी है। घटना की सूचना पर हेडक्वार्टर डीएसपी अमर पांडेय, लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी अरविंद कुमार सिन्हा, सदर थाना और बरवाअड्डा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। घटनास्थल से पुलिस को दो खोखे बरामद हुए हैं।

**ऐसे घटी घटनाः** घायल व्यवसायी संजीव आनंद के भाई विद्यानंद ठाकुर ने बताया कि करीब 8 बजे वे और उनके भाई नया बाजार स्थित अपनी दुकान बंद कर के वापस अपने घर सुसनीलेवा जा रहे थे। तभी रामायण निवास के समीप पहुंचते ही टायर फटने जैसी आवाज दो बार आयी। तभी भाई ने गाड़ी रोकने को कहा। इसके बाद जब संजीव ने अपनी पीठ छुई तो उनका हाथ खून से लाल हो गया। तब उन्हें एहसास हुआ कि किसी ने गोली मार दी है। जिसके बाद वे अशरफी अस्पताल पहुंचे यहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें दुगार्पुर रेफर कर दिया गया। गोली संजीव की पीठ की हड्डी में फंसी होने की बात कही जा रही है। फिलहाल वे दुगार्पुर अस्पताल में इलाजरत हैं।

**सीसीटीवी में दिखे शूटरः** घटना के पुलिसिया अनुसन्धान जारी है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। एक सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवार दो लोग जाते दिख रहे हैं। पुलिस को शक है कि यही लोग शूटर हैं।

**फोन पर मांगी गयी थी रंगदारी, लगातार धमकाया जा रहा था**

संजीव आनंद की पत्नी आरती ठाकुर की माने तो एक माह पूर्व फोन पर 35 लाख की रंगदारी मांगी गई थी।

फोन करने वाले ने खुद को प्रिंस खान का शूटर बताते हुए प्रिंस को रंगदारी देने को कहा था। इसके बाद भी कई बार रंगदारी देने के लिए धमकी भरे फोन आये थे।

परिजनों को प्रिंस खान के गुर्गों पर शक है।

भाई विद्यानंद ने बताया कि उनकी दुकान नया बाजार स्थित विशाल कॉम्प्लेक्स में मोटर पाट्र्स की दुकान है। विद्यानंद के मुताबिक नया बाजार में शायद ही ऐसा कोई दुकानदार होगा जिससे प्रिंस ने रंगदारी न मांगी होगी। कुछ ने तो पैसे दे भी दिए जिसने नहीं दिया उसे लगातार फोन कर धमकाया जा रहा है।

# बीबीएमकेयू में जनसंचार विभागाध्यक्ष, शिक्षकों और छात्रों ने किया पौधरोपण

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद ।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सोमवार 5 जून 2023 को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर जनसंचार विभाग की ओर से समारोह का आयोजन किया गया। जिस में मुख्य रूप से जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र आर्यन मौजूद रहें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र आर्यन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि इसे दैनिक जीवन का एक हिस्सा बनाया जाना चाहिए । जिस तरह से हम अपने जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए रोज सुधार करते हैं उसी तरह से हम सब को पर्यावरण के प्रति हर रोज कार्य करते रहना पड़ेगा । हर दिन की मेहनत से ही इस पर्यावरण के साथ हुए खिलवाड़ को सुधारा जा सकता है । कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक डॉ. विकास चंद्रा और पवन कुमार पांडेय ने कहा कि पर्यावरण सभी के लिए जरूरी है। इसे बचाने पर सभी को ध्यान देने की जरूरत है। पहले बारिश का पानी नालियों से बहते हुए तालाब तथा अन्य जलाशय पहुंचता था। परंतु अब नालियां जाम हो रही हैं और बारिश का पानी वहां तक नहीं पहुंच पा रहा है। मौके पर जनसंचार विभाग छात्र संतोष कुमार राय, अंकित कुमार, नवाजिश अफजल, तिलक प्रसाद महतो, विनीता रंजन, जूही कुमारी, प्रीत आदि मौजूद थे।

# एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में श्रीराम सेल्स ने सूर्या रियलकान को हराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के उदघाटन मैच में मंगलवार को श्रीराम सेल्स इलेवन ने सूर्या रियलकान इलेवन को तीन विकेट से हरा दिया। सीसीडब्ल्यूओ मैदान में प्रीमियर लीग का उद्घाटन धनबाद की एसपी (ग्रामीण) रिष्मा रमेशन ने किया। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि उन्हें प्रसन्नता होगी कि यहां से कोई खिलाड़ी ब्लू जर्सी पहनने का गौरव हासिल करे। इस अवसर पर डीसीए के अध्यक्ष मनोज कुमार, महासचिव उत्तम विश्वास, जेएससीए के कार्यकारिणी सदस्य बिनय कुमार सिंह, इश्तियाक अहमद, दिवेन तिवारी, नंदलाल अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, संतोष कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार और अन्य उपस्थित थे। टास सूर्या रियलकान इलेवन ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में दो विकेट पर 144 रन बनाये। दुर्गा कुमारी मुर्मू ने 72 गेंदों पर 72 रनों की पारी खेली और अंत तक आउट नहीं हुई। प्रियंका स्वाई ने 36 गेंदों पर 38 रन बनाये। वहीं श्रीराम सेल्स इलेवन की अंकिता कुमारी मौर्य को एक विकेट मिला। बाद में प्रतिमा कुमारी ने 34 गेंदों पर 46 रनों की तेज तर्रार नाबाद पारी खेलते हुए श्रीराम सेल्स इलेवन को तीन विकेट की शानदार जीत दिला दी। श्रीराम सेल्स इलेवन ने 18.5 ओवर में सात विकेट पर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। इसके अलावा पल्लवी कुमारी ने 33, इशा केसरी ने 21 और लक्ष्मी कुमारी मुर्मू ने 12 रन बनाए। सूर्या रियलकान इलेवन की कप्तान प्रियंका स्वाई ने 11 पर तीन और पल्लवी कुमारी ने 33 पर दो विकेट लिए। बुधवार को इस टूर्नामेंट में न्यू जोहरी बाजार इलेवन और नालंदा बिल्डर्स इलेवन के बीच मैच खेले जायेंगे।

# पेड़ों की कटाई के विरोध में पर्यावरण बचाओ संघर्ष समिति ने दिया धरना

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद के पुटकी 13 नंबर गोपालीचक कोलियरी क्षेत्र में बीसीसीएल द्वारा ओपनकास्ट परियोजना के लिए 1727 हरे भरे पेड़ काटे जाने के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा रणधीर वर्मा चौक पर पर्यावरण बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले एक दिवसीय धरना दिया। धरना की अध्यक्षता नरेश पासवान और संचालन जुगेश भगत ने किया। धरना के दौरान भारी संख्या में महिला और छोटे-छोटे बच्चे भी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा पर्यावरण है तो जीवन है। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा हाथों से बनाये पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पेंटिंग और हाथों की तख्ती लिए मौजूद रहे। धरना को संबोधित करते हुए झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने बताया कि यह धरना हम सभी का धरना है हमारा पूरा सहयोग है यह मामला काफी गंभीर है चूंकि झरिया क्षेत्र में पर्यावरण की स्तिथि बहुत ही दयनीय है। बीसीसीएल द्वारा गुप्त रूप से कोयलांचल के पांच गुना से अधिक पेड़ काट दिये गये हैं। पूरे क्षेत्र में पेड़ों की घोर कमी है बस पुटकी क्षेत्र ही ऐसा है। मौके पर ग्रीन लाइफ के डॉ मनोज सिंह, यूथ कांसेप्ट के अखलाक अहमद, झरिया कोलफील्ड बचाव समिति के उपाध्यक्ष शिव बालक पासवान, पर्यावरण बचाव संघर्ष समिति के महासचिव कैश आलम, राजू मियां, बबलू पासवान, उदय वर्मा, बिरजू पासवान, फुलवा देवी, सुंदरी देवी, सहित दर्जनों महिलाएं और पुरुष मौजूद थे।

# बोकारो स्टील संयंत्र में ग्रीन हाइड्रोजन और डी-कार्बोनाइजेशन पर कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी विभाग ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से मिशन लाइफः लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट मंत्रा के तहत एक अभियान शुरू किया है। मिशन लाइफ के तहत बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन विकास केंद्र में ऊर्जा कुशल प्रौद्योगिकियों द्वारा ग्रीन हाइड्रोजन और डी-काबोर्नाइजेशन पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी। पर्फेक्ट इंफ्राइंजिनर्स लिमिटेड के श्री कृष्णा मेहता सहित विभिन्न कंपनियों के विशेषज्ञों ने एयर कंडीशनिंग के लिए सोलर पैनल पर प्रस्तुतियां दीं, लिकू-टेक एनवायरनमेंटल सॉल्यूशंस के सारण केपीके ने एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट पर प्रस्तुतियां दीं, मैसर्स फिनसेन रिटर के श्री दुष्यंत कटारे ने ग्रीन हाइड्रोजन पर प्रेजेंटेशन दिया। नितेश रंजन, एजीएम/एनवायरनमेंट एंड सस्टेनेबिलिटी, सेल/बोकारो स्टील प्लांट की ओर से नेट-जीरो हासिल करने के लिए सेल की कार्य योजना के बारे में प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शरद गुप्ता ने बेहतर पर्यावरणीय परिणामों के लिए उद्योगों और नियामकों के सहयोग पर जोर दिया। सम्मानित अतिथि श्री एमपी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक/बीएफ ने प्रतिभागियों को ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण और अपशिष्ट न्यूनीकरण के लिए प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि श्री मनीष जलोटा, सीजीएम (एचआरडी) ने एकल उपयोग प्लास्टिक उन्मूलन, अपशिष्ट में कमी और पर्यावरण के अनुकूल स्वास्थ्य जीवन शैली को अपनाने के क्षेत्र में नवाचार करने का आह्वान किया. कार्यक्रम में झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के श्री आशुतोष आनंद भी अपनी टीम के साथ मौजूद थे।

एनपी श्रीवास्तव, महाप्रबंधक/पर्यावरण ने स्वागत भाषण दिया। कार्यशाला में बीपीएससीएल, सेल/बोकारो स्टील प्लांट और इलेक्ट्रो स्टील सहित विभिन्न उद्योगों के सदस्य शामिल हुए।

## पानी कनेक्शन की जांच करने पहुंचे निगम अधिकारी

# वैध-अवैध कनेक्शन को लेकर हुआ भारी हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता


जांच में वैध कनेक्शन पाए जाने के बाद मामला शांत हुआ। अधिकारीयों द्वारा उपकरणों को जब्त कर तथा मजदूरों को अपने साथ वाहन पर बैठा कर ले जाने का प्रयास किया ,तो कनेक्शन ले रहे धनंजय द्वारा कड़ा विरोध किया गया। हंगामा शुरू होते ही वहां पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी ।

**लोयाबाद।** नगर निगम के अधिकारियों द्वारा मंगलवार को लोयाबाद में अवैध कनेक्शन की जांच करने के लिए पहुंचे। पानी का किया जा रहा कनेक्शन को अवैध बता कर रोक दिये जाने तथा खुदाई और पाइप जोड़ने के उपकरण जब्त कर लिए जाने और मजदूरों को अपने साथ लेकर कर जाने को लेकर जमकर हंगामा हुआ। कनेक्शन ले रहे धनंजय शर्मा और अधिकारियों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। अधिकारियों द्वारा धनंजय ने कागजात दिखाते हुए कहा कि पानी का वैध कनेक्शन लिया जा रहा है तो फिर कारवाई क्यों । जांच में वैध कनेक्शन पाए जाने के बाद अधिकारी वापस लौट गये। किसी की शिकायत पर निगम के अधिकारियों द्वारा गड्ढे की खुदाई और पाइप जोड़ने का काम रोका गया है जो गलत है। इस संबंध वे उपायुक्त को लिखित शिकायत देकर उक्त अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करेंगे। सिटी मैनेजर रणधीर कुमार और इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश पर अवैध जल कनेक्शन की जांच तमाम वार्डो में की जा रही है। कनेक्शन वैध है लेकिन होल्डिंग में गड़बड़ी है। अधिकारियों ने बताया कि अवैध कनेक्शन पाये जाने पर फाइन किया जायेगा या प्राथमिकी भी दर्ज की जा सकती है। मालूम हो कि लोयाबाद में निगम के पाइप लाइन में अवैध जल संयोग की भरमार है।

## वर्ल्ड ग्रीन लाइन ने लोगों को किया जागरूक

**बोकारो( आजाद सिपाही)।** सामाजिक और पर्यावरण संस्था वर्ल्ड ग्रीन लाइन के द्वारा वर्ल्ड ग्रीन रूफ डे और पर्यावरण दिवस पर चास के मछली पट्टी में बच्चों के द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने तथा छत पर बागवानी कर ग्लोबल वार्मिंग से बचने का संदेश दिया गया। मौके पर पर्यावरण कार्यकर्ता अमृत बाउरी, श्रुति प्रमाणिक, सौरव प्रमाणिक, राकेश कुमार, मनोजित दे,ध्रीतिका कुमारी, रिमझिम कुमारी, अंजली कुमारी, वर्षा दत्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

पत्रांक–............................/
झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
प्राचार्य का कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज
Email : principalitidtg@gmail.com

Skill India

**प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला सूचना**

जी0एल0ए0, कॉलेज में दिनांक–12.06.2023 (दिन सोमवार) को PM नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 9:00 बजे पूर्वाह्न में आयोजित किया गया है, जिसमें राज्य के निबंधित MSME/Manufacturing Sector/Service Sector एवं अन्य प्रतिष्ठान/उपक्रम, तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0/ डिप्लोमा/ इंजीनियरिंग/Short Term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (8वीं से स्नात्तक आदि) का अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in/ पर पंजीयन कराया जाएगा एवं आवश्यकता अनुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसशिपों का चयन किया जायेगा।

उक्त अप्रेन्टिसशिप मेला में अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, जाति प्रमाण–पत्र, बैंक पासबुक एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ पहुँचकर पंजीयन करा सकते है।

अतः पलामू जिला अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक सभी बेरोजगार अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें, अपने भविष्य को सँवारें, रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

अप्रेन्टिसशिप मेला में भाग लेने वाले नियोक्ता एवं बेरोजगार अभ्यर्थियों को मेला स्थल पर Covid-19 के अंतर्गत सरकार द्वारा जारी अद्यतन SOP के तहत मॉस्क एवं सेनेटाईजर का प्रयोग के साथ Social Distance का पालन करना अनिवार्य है।

**नोटः–** अप्रेन्टिसशिप मेला की विस्तृत जानकारी हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छत्तरपुर, हुसैनाबाद, सतबरवा, डालटनगंज एवं जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से प्राप्त की जा सकती है।

जिला नियोजन पदाधिकारी–सह–
सहायक शिक्षु सलाहकार (AAA), डालटनगंज, पलामू

PR 299343 District (23-24)_D

**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water and Sanitation Division, Latehar**

**E-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. DWSD/LTR/SVS-18/2022-23 (3rd Call)** **Date – 06.06.2023**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Name of Department | :- | Drinking Water & Sanitation Department. Jharkhand |
| 02 | Date & Time of Tender uploading in Web site | :- | 08.06.2023 at 04.00 P.M |
| 03 | Last date of Receipt of Bid | :- | 15.06.2023 05.00 P.M |
| 04 | Last date of Submission Cost of BoQ and Earnest Money | :- | 16.06.2023at 05.00 P.M<br>1. Executive Engineer D W & S Div Latehar<br>2. Suprintending Engineer D W & S Circle Medininagar |
| 05 | Date of Opening Tender | :- | 17.06.2023 at 02.00 P.M |
| 06 | Name & Address of Tender Inviting Authority | :- | Executive Engineer D W & S Div Latehar |
| 07 | Contact No of Procurement Office | :- | 9430725642 & 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | No of FHTC | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of Rural Water Supply For SVS under JJM in different Village of Latehar District with FHTC work under D W & S Div latehar for FY 2022-23 | SVS Damodar | 09 | 142 | 6817986.00 | 137000.00 | 10000.00 | 03 Month |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 299332 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

**–:आम सूचनाः–**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 भीम प्रसाद
↓
मीना देवी (पत्नी)
↓
अजय कुमार (पुत्र) | जीतेन्द्र कुमार (पुत्र) | रंजीत कुमार (पुत्र)

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR 299311 Land Reforms(23-24)#D

**झारखण्ड सरकार**
**जिला खनन कार्यालय, लातेहार**
e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in

**–:: आम सूचना ::–**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशानुसार, लातेहार जिलान्तर्गत कोयला खनिज के अवैध परिवहन/भण्डारण संबंधी मामलें में जप्त वाहनों का "The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2017 के नियम 11(V) के तहत् राजसात/नीलामी की कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार में दायर निम्नांकित राजसात वादों में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में निम्नलिखित राजसात वाहनों का आम नीलामी दिनांक–13.06.2023 को समय 03:00 बजे अपराहन् में उपायुक्त, लातेहार द्वारा गठित समिति द्वारा जिला समाहरणालय के सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी।

नीलामी हेतु निम्न सूचीबद्ध वाहनों के वाहन मालिक या संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त न्यायालय द्वारा पारित राजसात आदेश के विरूद्ध वाहन मालिक द्वारा यदि किसी अपीलीय न्यायालय में अपील दायर किया गया हो अथवा वाहन के नीलामी से आपत्ति हो तो दिनांक–12.06.2023 तक इसकी लिखित सूचना उक्त न्यायालय या जिला खनन कार्यालय, लातेहार में दें, जिससे कि वाहन की नीलामी नहीं की जा सके।

राजसात वाहनों का विवरणी निम्नवत् है –

| क्र0 सं0 | राजसात वाद संख्या | संबंधित थाना | वाहन निबंधन संख्या | वाहन का प्रकार एवं निमार्ण वर्ष | वाहन का अनुमानित न्यूनतम बाजार मूल्य | सुरक्षित जमा राषि का 10 % प्रतिभूति/ अग्रधन राषि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 104/2022 | बालूमाथ | NL01K-2883 (Old) JH02BG-1756 (New) | Truck 2011 | 6,50,000.00 (छः लाख पच्चास हजार) रूपये मात्र। | 65,000.00 (पैसठ हजार) रूपये। | बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है। |
| | | | NL01AB-3220 | Truck 2018 | 20,00,000.00 (बीस लाख) रूपये मात्र। | 2,00,000.00 (दो लाख) रूपये। | |
| | | | JH02U-4641 | Truck 2011 | 6,50,000.00 (छः लाख पच्चास हजार) रूपये मात्र। | 65,000.00 (पैसठ हजार) रूपये। | |
| | | | JH02AB-9118 | Truck 2014 | 11,00,000.00 (ग्यारह लाख)रूपये मात्र। | 1,10,000.00 (एक लाख दस हजार) रूपये। | |
| 2. | 40/2023 | बालूमाथ | JH04T-2862 | Hywa 2020 | 22,00,000.00 (बाईस लाख) रूपये मात्र। | 2,20,000.00 (दो लाख बीस हजार) रूपये। | बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है। |
| | | | JH01DV-1268 | Hywa 2020 | 21,50,000.00 (एकईस लाख पचास हजार) रूपये मात्र। | 2,15,000.00 (दो लाख पन्द्रह हजार) रूपये। | |
| | | | JH04R-6852 | Hywa 2019 | 16,50,000.00 (सौलह लाख पचास हजार) रूपये मात्र। | 1,65,000.00 (एक लाख पैसठ हजार) रूपये। | |
| 3. | 29/2023 | बालूमाथ | JH01CJ-7129 | Truck 2017 | 14,50,000.00 (चौदह लाख पचास हजार) रूपये मात्र। | 1,45,000.00 (एक लाख पैंचालीस हजार) रूपये। | बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है। |
| 4. | 35/2023 | बालूमाथ | JH01CY-5897 | 407 Truck 2018 | 6,00,000.00 (छः लाख) रूपये मात्र। | 60,000.00 (साठ हजार) रूपये। | बारियातु थाना परिसर में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है। |

उपरोक्त जप्त राजसात वाहन जहाँ एवं जिस स्थिति में है, उसी स्थिति के आधार पर नीलामी/बिक्री हेतु निविदा आंमत्रित की जा रही है। भौतिक रूप से उपलब्ध वाहन की स्थिति या वाहन का कागजात जिस स्थिति में होगा उसी में देय होगा, इसके विरूद्ध किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त आदि के जानकारी के लिए लातेहार जिला के Website: latehar.nic.in पर देखा जा सकता है अथवा जिला खनन कार्यालय, लातेहार में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 299344 Mines and Geology(23-24)#D

## उपलब्धि : सोआ देश का 15वां सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय

# एनआइआरएफ रैंकिंग में ओड़िशा फिर से नंबर 1 पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क ने शिक्षा (एनआइआरएफ) और अनुसंधान (सोआ) देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में 15वां स्थान प्राप्त किया है। केंद्रीय शिक्षा और ग्रामीण मामलों के राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने सोमवार को नयी दिल्ली में रैंकिंग जारी की। एक बहु-अनुशासनात्मक विश्वविद्यालय के रूप में सोआ को पिछली 2022 एनआइआरएफ रैंकिंग में 16वां स्थान दिया गया था और 2016 से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू की ग्यी। इस रैंकिंग प्रक्रिया में लगातार 8 वर्षों तक देश के शीर्ष 25 उच्च शिक्षा संस्थानों में अपना स्थान बनाये रखा है। इनमें से 6 साल में सोआ को देश के शीर्ष 20 विश्वविद्यालयों में स्थान दिया गया है। इस वर्ष सोआ आगे बढ़ गया है और इस प्रक्रिया में 15वें स्थान पर है। पहली बार सोआ ने उच्च शिक्षा के शीर्ष 15 संस्थानों में अपना स्थान बरकरार रखा है और समग्र श्रेणी में 26वें स्थान पर है।



पिछले साल सोआ इस कैटेगरी में 30वें स्थान पर था, लेकिन इस बार यह 4 स्टेप आगे ऊपर उठा।

सोआ ने चिकित्सा विज्ञान, दंत चिकित्सा विज्ञान और कानूनी शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रगति की है। मनोविज्ञान के क्षेत्र में 2022 में देश में 18वें स्थान पर रहने वाला सोआ इस बार 16वें स्थान पर पहुंच गया है। इसी तरह कानूनी कैटेगरी में इस बार 8वें स्थान पर रहने वाली सोआ पिछले साल 9वीं रैंक और डेंटल साइंस में इस बार 9वीं रैंक और पिछले साल 10वीं रैंक पर थी। इस वर्ष सोआ को समग्र विश्वविद्यालय चिकित्सा विज्ञान, दंत विज्ञान और कानून श्रेणियों में ओडिशा में नंबर एक स्थान दिया गया है।

विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय ने इस वर्ष 2022 की तरह 27वां स्थान बनाये रखा है और राज्य में दूसरे स्थान पर है।

एनआइटी, राउरकेला इंजीनियरिंग श्रेणी में ओडिशा में नंबर एक स्थान पर है। इसी तरह, एनआईआरएफ रैंकिंग में पहली बार विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान संकाय ने 57वां स्थान हासिल किया है और राज्य में दूसरे स्थान पर है, जबकि एक्सआइआईएम विश्वविद्यालय पहले स्थान पर है।

एनआइआरएफ रैंकिंग के अनुसार, सोआ को पूर्व में चिकित्सा विज्ञान और दंत चिकित्सा विज्ञान में नंबर एक, कानून श्रेणी में दूसरा, विश्वविद्यालय श्रेणी में तीसरा और समग्र श्रेणी में चौथा स्थान दिया गया है। सोआ ने पूर्व भारत में इंजीनियरिंग कैटेगरी में 5वां स्थान हासिल किया है।

पिछले साल, राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद नैक ने सोआ को ए++ के उच्चतम ग्रेड के साथ फिर से मान्यता दी। सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मनोजरंजन नाइक ने विश्वविद्यालय को एनआईआरएफ रैंकिंग की उपलब्धि पर बधाई दी और संकाय और अन्य कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने उनसे निरंतर प्रयासों के माध्यम से सोआ को सफलता के उच्चतम स्तर तक ले जाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार नंद ने विश्वविद्यालय की सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के अथक प्रयासों को देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय अगले पांच वर्षों में देश के शीर्ष 10 उच्च शिक्षण संस्थानों में इसे स्थान दिलाने के प्रयास जारी रखेगा।

# बालासोर में हुई ट्रेन दुर्घटना में चिह्नित 39 मृतकों के परिजनों के लिए सीएम ने 1.95 करोड़ मंजूर किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बालेश्वर बहानगा ट्रेन हादसे में अब तक ओड़िशा के जिन 39 लोगों की पहचान की गई है, उनके लिए 1.95 करोड़ रुपये की राशि मंजूर किया गया। यह पैसा मुख्यमंत्री के राहत कोष से दिया जा रहा है। मरने वालों में भद्रक के 8, जाजपुर के 2, बालेश्वर के 14, मयूरभंज के 9, खुर्दा के 2, कटक के 3 और क्योंझर के एक व्यक्ति शामिल हैं। मृतकों के परिजनों के लिए 5 लाख रुपये की सहायता शुरू कर दी गयी है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने इससे पहले ओडिशा में मृतकों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता प्रदान के रूप में 5 लाख रुपये देने की घोषणा की थी।

## केंद्रीय विश्वविद्यालय में शोकसभा, राहत कोष में एक दिन का वेतन दान करेंगे



**बालेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सोमवार को बालासोर जिले के बाहंगा में ट्रेन दुर्घटना में जान गंवाने वालों की आत्मा की शांति के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी और विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों ने दुर्घटना में जान गंवाने वालों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट की मौन प्रार्थना की और श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि यह भयावह ट्रेन दुर्घटना एक दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदी है। उन्होंने ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से ट्रेन में यात्रा करने वालों के दुखद और अचानक निधन पर दुख व्यक्त किया और मृतकों और उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने सभी प्रभावित लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रोफेसर त्रिपाठी ने घोषणा की कि विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षक और कर्मचारी इस भयानक आपदा के पीड़ितों की मदद के लिए पीएम केयर्स फंड या किसी अन्य केंद्र सरकार के राहत कोष में एक दिन का वेतन देंगे। डॉ अतनु कुमार राहा, पूर्व पीसीसीएफ और एचओएफ, पश्चिम बंगाल सरकार; नालको जीएम-पर्यावरण, संजय कुमार पटनायक; सीवाइएसडी के रमेश चंद्र स्वैन; सलाहकार- विश्वविद्यालय के अकादमिक और प्रशासन, प्रोफेसर शुधेंदु मंडल; एसके पालिता, डीन, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधन संरक्षण स्कूल; प्रोफेसर एनसी पांडा, डीन, स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज; डॉ काकोली बनर्जी, सहायक प्रोफेसर, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण बिभाग और कार्यक्रम के समन्वयक; डॉ. रमेंद्र कुमार पाधी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर और कार्यक्रम के सह-समन्वयक; सहायक प्रोफेसर डॉ देबब्रत पांडा, डॉ प्रदोष कुमार रथ, डॉ संजीत कुमार दास, जनसंपर्क अधिकारी डॉ फगूनाथ भोई, अधिशासी अभियंता श्रीराम पाधी, सहायक रजिस्ट्रार श्री मानस कुमार दास, कुलपति के निजी सचिव प्रदीप कुमार सामंत्रे, शिक्षक, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे।

# सिकंदराबाद-अगरतला एक्सप्रेस के डिब्बे में धुआं देख कर यात्रियों में मचा हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ब्रह्मपुर मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे सिकंदराबाद-अगरतला एक्सप्रेस ब्रह्मपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म-1 पर पहुंची। तब तक डिब्बे के अंदर धुंआ उठता देखा गया। ट्रेन से सभी यात्री डर के मारे ट्रेन से बाहर निकल गये। सूचना मुताबिक 07030 सिकंदराबाद-अगरतला एक्सप्रेस के कोच नंबर इ-5 डिब्बे से धुआं निकलते देख ट्रेन में सवार सभी यात्रीयों में अफरा-तफरी मच गयी। यात्रियों ने तुरंत इमरजेंसी अलार्म बजाया ऐसे में सभी यात्री जान बचाने के लिए ट्रैन से बाहर निकल गए। कोच के अंदर जहां से धुआं उठ रहा था, वहां अग्नि निर्बापन यंत्रों का इस्तेमाल कर स्थिति पर तुरंत काबू पा लिया गया। ट्रेन करीब 25 मिनट तक ब्रह्मपुर स्टेशन पर रुकी रही। कोच में आवश्यक जांच के बाद स्थिति सामान्य होने की पुष्टि हुई और ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया। इस बीच पूर्व तट रेलवे ने इस घटना को स्वीकार करते हुए कहा कि ब्रह्मपुर स्टेशन के पास ट्रेन नंबर 07030 सिकंदराबाद-अगरतला एक्सप्रेस के कोच नंबर इ-5 में मामूली बिजली की समस्या हुई थी। ऑन-ड्यूटी कर्मचारियों ने तुरंत पंहुच कर समस्या को ठीक किया, पूर्व तट रेलवे की एक विज्ञप्ति ने स्पष्ट किया।

## सोआ ग्रीन क्लब शुरू किया जायेगा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शिक्षा ओ अनुसंधान (सोआ) द्वारा सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। सोआ स्टेडियम में 101 फूल और फलों के पौधे लगाये गये। सोआ और नेशनल मेडिक्स एसोसिएशन आइएमएस और सम यूनिट के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में सोआ के वाइस चांसलर प्रो प्रदीप कुमार नंद, डीन प्रो विजय कुमार साहू, सम हॉस्पिटल के डीन प्रो संघमित्रा मिश्र, छात्र मंगल डीन प्रो ज्योत रंजन दास और एडिशनल डीन प्रो सतीश कुमार राउत प्रमुख उपस्थित थे। प्रोफेसर दास ने कहा कि छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए सोआ ग्रीन क्लब शुरू किया जायेगा।






# एमसीएल ने जीते 10 कोल मिनिस्टर्स अवॉर्ड



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने मंगलवार को कोल मिनिस्टर्स पुरस्कार 2022-23 में प्रतिष्ठित 'उत्पादन और उत्पादकता' श्रेणी में प्रथम पुरुस्कार सहित चार कॉर्पोरेट श्रेणियों में अवॉर्ड प्राप्त किये, जबकि कंपनी के छह क्षत्रिय महाप्रबंधक व्यक्तिगत श्रेणी में पुरस्कृत किये गये। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, कोयला, खान एवं संसदीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मंगलवार को राजधानी नई दिल्ली में आयोजित समारोह में यह अवॉर्ड प्रदान किये गये। अमृत लाल मीणा, आइएएस, सचिव, भारत सरकार, कोयला मंत्रालय, प्रमोद अग्रवाल, अध्यक्ष, कोल इंडिया लिमिटेड और एम नागराजू, आइएएस, भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव, कोयला मंत्रालय भी मंच पर उपस्थित थे।

कोल इंडिया लिमिटेड की प्रमुख सहायक कंपनी एमसीएल ने कोयला खनन व्यवसाय में उत्पादन और उत्पादकता, सुरक्षा, सस्टेनेबिलिटी और गुणवत्ता के अन्तरगत कॉर्पोरेट श्रेणी में अपनी उपलब्धियों के लिए पुरस्कार जीते हैं। एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, ओपी सिंह ने केशव राव, निदेशक (कार्मिक), पीके पटेल, सीवीओ, जेके बोरा, निदेशक (तकनीकी), एके बेहुरा, निदेशक (वित्त) और एके बापट, निदेशक (तकनीकी) के साथ माननीय कोयला मंत्री से पुरस्कार ग्रहण किये। इसके अलावा, एमसीएल के छह क्षेत्रीय महाप्रबंधकों ने भी व्यक्तिगत श्रेणी में कोल मिनिस्टर्स पुरस्कार जीता, जो विजेताओं की सूची में किसी भी कंपनी द्वारा लिए गये अधिकतम पुरस्कार हैं।

15 मिलियन टन से अधिक वार्षिक उत्पादन वाले मेगा क्षेत्र की उप-श्रेणी के तहत, सभी तीन स्लॉट में हिंगुला क्षेत्र, बसुंधरा क्षेत्र और जगन्नाथ क्षेत्र के महाप्रबंधकों द्वारा पुरस्कार जीते गए, जबकि बड़े क्षेत्रों की उपश्रेणी (5 से 15 मिलियन टन प्रति वर्ष के बीच उत्पादन वाले क्षेत्र) में कनिहा क्षेत्र, लिंगराज क्षेत्र और ईब वाले क्षेत्र के महाप्रबंधकों ने पुरस्कार जीता।

# टाटा स्टील मेरामंडली ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** टाटा स्टील मेरामंडलि (टीएसएम) ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित 'बीट द प्लास्टिक' थीम के अनुसार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। यह कार्यक्रम ढेंकानाल जिले के मेरामंडली कारखाने में आयोजित किया गया था, जहां टीएसएम के लंबे समय तक चलने वाले महीने के उत्सव के हिस्से के रूप में विभिन्न हरित कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का समापन टीएसएम हाउसिंग कॉलोनी में आयोजित पुरस्कार समारोह के साथ हुआ। कार्यक्रम ने इस सप्ताह के लिए चलाये गये विभिन्न अभियानों में कर्मचारियों और भागीदारों के उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं स्टाफ के बीच ड्राइंग, पोस्टर, फोटोग्राफी एवं क्विज प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किये गये। चित्रकला प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्र के 500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

ओड़िशा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ अनूप मल्लिक, टाटा स्टील मेरामंडली उपाध्यक्ष-संचालन और नयी सामग्री व्यवसाय के सुबोध पांडे, हेड-आयरन मेकिंग अमित कुमार सिंह और TSM हेड-शेयर्ड सर्विसेज वेद प्रकाश ठाकुर ने इस सम्मान समारोह में भाग लिया। अतिथियों ने पूर्व निर्धारित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया और सभा को संबोधित किया।

कंपनी की हाउसिंग कॉलोनी के गेट के बाहर एक और विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने प्लास्टिक कचरे की सफाई में भाग लिया। आयोजित 'ग्रीनाथन' में 300 से अधिक कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया और प्लाकार्ड लेकर और पैम्फलेट बांटकर प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में जागरूकता पैदा की। इसके साथ ही, कर्मचारियों के लिए मिशन लाइफ एंड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।
























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**